* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

04 जून, 2024
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 224












## लोकसभा चुनाव 2024 : मतगणना आज, तैयारी पूरी

# आज लोकतंत्र का मंगल

- सुबह 9.30 बजे से आने लगेगा रुझान
- कुल सीटें 542 , बहुमत के लिए 272 की जरूरत
- ओड़िशा और आंध्रप्रदेश विस का नतीजा भी आयेगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** देश में लोकसभा चुनाव 2024 की मतदान प्रक्रिया पूरी हो गयी है। विभिन्न एजेंसियों ने एग्जिट पोल भी दिखा दिया। इसके मुताबकि देश में लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनने जा रही है। हालांकि आइएनडीआइए गठबंधन ने एग्जिट पोल को नकार दिया है। अब लोगों को मतगणना का इंतजार है। इस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। देश की 542 लोकसभा सीटों के लिए मंगलवार सुबह आठ बजे से मतों की गिनती शुरू होगी। सुबह 9.30 बजे से रुझान आने की उम्मीद है। बहुमत के लिए 272 सीटों की जरूरत है। लोकसभा के साथ-साथ आंध्रप्रदेश और ओड़िशा विधानसभा चुनाव के नतीजे आयेंगे। इसके अलावा झारखंड के गांडेय समेत अन्य राज्यों के विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनाव के नतीजे भी आयेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि जिस तरह प्लानिंग से वोटिंग करायी, उसी तरह काउंटिंग भी मुस्तैदी से होगी। 10.50 लाख बूथ, एक हॉल में 14 टेबल। 8000 से ज्यादा उम्मीदवार हैं। 30 से 35 लाख लोग बाहर हैं। वहां माइक्रो ऑब्जर्वर होंगे। कम से कम 70-80 लाख लोगों के बीच काम होगा। गलती हो ही नहीं सकती।

## झारखंड:14 लोस और गांडेय सीट के नतीजे पर रहेगी नजर

- मतगणना 14 केंद्रों पर होगी : के रवि कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में मतगणना के लिए व्यापक इंतजाम किये गये हैं। राज्य में 14 लोकसभा सीटों के साथ-साथ गांडेय विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव का भी परिणाम सामने आयेगा। चुनाव आयोग ने मतगणना की तैयारी पूरी कर ली है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि झारखंड के 14 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना 14 केंद्रों पर होगी। मतगणना की सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। मतगणना मंगलवार की सुबह आठ बजे से शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती की जायेगी। उसके बाद इवीएम के मतों की गणना होगी। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत मतगणना केंद्र के भीतर किसी भी तरह का कम्युनिकेशन डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं रहेगी। मतगणना केंद्र के भीतर गये एजेंट अगर एक बार भी मतगणना केंद्र के कैंपस से बाहर निकले, तो दोबारा वे भीतर नहीं जा सकेंगे।

**चतरा और कोडरमा में सबसे अधिक राउंड में गिनती:** के रवि कुमार ने बताया कि सबसे अधिक 27 राउंड में चतरा और कोडरमा में मतगणना होगी। खूंटी में सबसे कम 16 राउंड में मतगणना होगी। उसी तरह गोड्डा में 26, हजारीबाग और धनबाद में 25, दुमका और सिंहभूम में 24, राजमहल में 23, पलामू में 22, जमशेदपुर में 21, रांची और लोहरदगा में 20 तथा गिरिडीह में 19 राउंड में मतगणना होगी। पोस्टल बैलेट की गणना के लिए 465 टेबुल बनाये गये हैं। वहीं इवीएम के मतों की गिनती 1492 टेबुलों पर होगी। उन्होंने बताया कि गांडेय विधानसभा उपचुनाव की मतगणना 24 राउंड में होगी।

## गुमला-रांची मुख्य मार्ग में एक्सीडेंट

# फादर, सिस्टर और एक बच्चे की मौत



- एक बच्ची गंभीर रूप से घायल, अस्पताल में चल रहा इलाज
- धर्मप्रांत कलीसिया समुदाय में शोक की लहर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला सदर थाना क्षेत्र के रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर खोरा के पास सोमवार दोपहर को भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हुई है, जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। मृतकों की पहचान गुमला धर्मप्रांत के भीखमपुर बरवाडीह पल्ली के फादर खोडोर कुजूर, सिस्टर निर्मला कुजूर, केविंग जॉनसन कुजूर के रूप में हुई है। वहीं, घायल बच्ची का नाम जोसमिना मिंज है। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं, घायल बच्ची का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना के बाद कलीसिया समुदाय से जुड़े लोगों की बड़ी संख्या में भीड़ सदर अस्पताल के पास जुट गयी थी। फादर और सिस्टर की मौत की सूचना के बाद गुमला धर्मप्रांत कलीसिया समुदाय में शोक की लहर है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फादर, सिस्टर और उनके दो बच्चे एक कार में सवार होकर बरवाडीह जारी के लिए निकले थे। खोरा के पास विपरीत दिशा से आ रही मंत्री नामक यात्री बस से उनकी कार की सीधी टक्कर हो गयी। इसमें फादर, सिस्टर और एक बच्ची की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

हादसे के बाद ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी और दुर्घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। इस हादसे के बाद रांची-गुमला रोड पर कुछ देर के लिए आवागमन बाधित हो गया। बाद में क्रेन मंगवा कर दुर्घटनाग्रस्त कार और बस को रोड से हटाया गया। घटना में बस में सवार कुछ यात्रियों को भी चोटें आयी हैं। घटना के बाद बस चालक फरार हो गया है।






## देश में मतदान का विश्व रिकार्ड बना : राजीव कुमार

- झूठे आरोपों पर चुनाव आयोग बोला : शक का इलाज नहीं है

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि हम पर झूठे आरोप लगाये गये। हमें लापता जेंटलमैन कहा गया, लेकिन इसी दौरान देश में वोटिंग का वर्ल्ड रिकॉर्ड बन गया। यह हमारे लोकतंत्र की ताकत है। लोकसभा चुनाव की काउंटिंग से एक दिन पहले सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे।

राजीव कुमार ने कहा कि हमने फेक न्यूज रोकी, लेकिन खुद पर होने वाले हमले नहीं रोक पाये। कांग्रेस नेता जयराम रमेश के आरोपों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि शक का इलाज तो हकीम लुकमान के पास भी नहीं है। कांग्रेस नेता ने शनिवार को कहा था कि अमित शाह ने 150 कलेक्टरों को धमकाया है। कुमार ने कहा कि पहली बार चुनाव के बाद होने वाली हिंसा रोकने के लिए संवेदनशील जगहों पर पैरामिलिट्री फोर्स तैनात रखने का फैसला किया गया है। आंध्रप्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसी जगहों पर यह फोर्स पोस्ट पोल वायलेंस रोकेगा। चुनाव आयुक्त ने कहा कि 2019 में वोटर टर्नआउट को लेकर एक केस आया। उसमें भी हमने जवाब दिया। वो भी इतने दिन चुप था। उसमें आरोप था कि हमने वोटर टर्नआउट का डाटा नहीं दिया। वोटर टर्नआउट में कुछ भी गड़बड़ नहीं हुआ। वोटर टर्नआउट का डाटा जैसे आपको मिला, वैसे ही हमें मिला। इसमें कुछ गड़बड़ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि हमने 64.2 करोड़ मतदाताओं का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। यह सभी जी-7 देशों के मतदाताओं का 1.5 गुना और इयू के 27 देशों के मतदाताओं का 2.5 गुना है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की स्टोरी आशा देने वाली है। ये लोग लोकतंत्र में भाग लेकर आगे आना चाहते हैं। बहुत जल्दी हम इनकी इच्छा पूरी करेंगे। जम्मू-कश्मीर में बहुत जल्द चुनाव होंगे। हम इसकी प्रक्रिया जल्दी शुरू करेंगे।

## न्यूज रील्स

### दिल्ली शराब नीति केस में कविता 32वीं आरोपी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत पर सोमवार को सुनवाई हुई। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने कविता की न्यायिक हिरासत को 3 जुलाई तक के लिए बढ़ा दिया है। कोर्ट के इस आदेश के तुरंत बाद इडी ने 177 पेज की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पेश की, जिसमें कविता को 32वां आरोपी बनाया गया है।

### ब्रह्मोस के पूर्व इंजीनियर निशांत अग्रवाल को उम्रकैद

**नागपुर।** नागपुर की एक कोर्ट ने सोमवार को ब्रह्मोस के एक पूर्व इंजीनियर निशांत अग्रवाल को उम्रकैद की सजा सुनाई। बताया गया है कि निशांत को 2018 में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करते और जानकारी देने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। अब उन्हें दोषी पाए जाने के बाद आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, निशांत भारत की डीआरडीओ और रूस की सैन्य औद्योगिक कंसोर्शियम (एनपीओ माशिनोस्ट्रोयेनिया) के जॉइंट वेंचर- ब्रह्मोस एयरोस्पेस में सीनियर सिस्टम इंजीनियर पद पर कार्यरत थे।

## आइएएस मनीष रंजन से इडी ने की पूछताछ

### टेंडर घोटाला : दूसरी बार की पूछताछ में कई सवालों का जवाब नहीं दे पाये

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने आइएएस मनीष रंजन से सोमवार को दूसरी बार पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक इडी वालों का मानना है कि इतने बड़े कमीशन घोटाले की जानकारी विभागीय सचिव को न मिले, यह संभव नहीं है। इडी के अधिकारियों ने मनीष से कई सवाल पूछे। उन्होंने कुछ सवालों पर चुप्पी साध ली, तो कुछ सवालों का जवाब देकर और उलझ गये। इडी उनके बयानों की पुष्टि करेगी।

गौरतलब है कि मनीष रंजन पूर्व में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव थे। उनके कार्यकाल में टेंडर कमीशन घोटाला हुआ था। वर्तमान में वह भू-राजस्व विभाग के सचिव हैं। टेंडर कमीशन घोटाला को लेकर 6 मई को हुई छापेमारी में जहांगीर के घर से लगभग 34 करोड़ रुपये मिले थे। इस मामले में विभाग के मंत्री आलमगीर आलम, उनके पीएस संजीव लाल और पीएस के नौकर जहांगीर को इडी ने गिरफ्तार किया था। तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा चुकी है। फिलहाल तीनों न्यायिक हिरासत में जेल में हैं।

मनीष रंजन से 28 मई को एक बार नौ घंटे पूछताछ हो चुकी है। इडी उनके द्वारा दिये जवाबों से संतुष्ट नहीं हुई थी। उन्हें सोमवार को फिर पूछताछ के लिए बुलाया गया था। वो सुबह करीब सवा 11 बजे इडी ऑफिस पहुंचे।

पिछली पूछताछ में मनीष रंजन ने कई सवालों पर चुप्पी भी साधे रखी। वहीं मंत्री आलमगीर आलम से जुड़े सवालों में उलझ गये। उन्होंने जिन सवालों का जवाब दिया है, इडी उनकी पुष्टि के बाद फिर पूछताछ के लिए बुला सकती है।



## 45 घंटे ध्यान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साझा किया अपना अनुभव

# साधना में जाते ही सब शून्य में समा गया: मोदी

- जनता के नाम लिखा पत्र, जिसका शीर्षक 'कन्याकुमारी में साधना से नये संकल्प' है

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कन्याकुमारी में 45 घंटे ध्यान साधना पर देशवासियों को एक पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने अपने अनुभव बताये हैं। मोदी ने बताया कि शुरू में चुनावी कोलाहल मेरे दिल-दिमाग में गूंज रहा था, लेकिन धीरे-धीरे आंखें नम हो रही थीं। मैं शून्यता में जा रहा था। मोदी ने ये लेटर 1 जून को कन्याकुमारी से दिल्ली वापस आने के दौरान शाम 4:15 से 7 बजे के बीच लिखा था। लेटर का शीर्षक है, 'कन्याकुमारी में साधना से नये संकल्प।' इसमें उन्होंने कहा कि आज भारत का गवर्नेंस मॉडल दुनिया के कई देशों के लिए एक उदाहरण है।

प्रधानमंत्री ने लिखा कि लोकतंत्र की जननी में लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व का समापन हो चुका है। तीन दिन तक कन्याकुमारी में आध्यात्मिक यात्रा के बाद, कितने सारे अनुभव हैं, कितनी सारी अनुभूतियां हैं। मैं एक असीम ऊर्जा का प्रवाह स्वयं में महसूस कर रहा हूं। वाकई, 2024 के इस चुनाव में कितने ही सुखद संयोग बने हैं। अमृतकाल के इस पहले लोकसभा चुनाव में मैंने प्रचार अभियान, 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणास्थली मेरठ से शुरू किया था। मां भारती की परिक्रमा करते हुए इस चुनाव की मेरी आखिरी सभा पंजाब के होशियारपुर में हुई। इसके बाद मुझे कन्याकुमारी में भारत माता के चरणों में बैठने का अवसर मिला। उन शुरूआती पलों में चुनाव का कोलाहल मन-मस्तिष्क में गूंज रहा था। रैलियों में, रोड शो में देखे अनगिनत चेहरे मेरी आंखों के सामने आ रहे थे। कुछ ही क्षणों में राजनीतिक वाद-विवाद, वार-पलटवार, आरोपों के स्वर-शब्द शून्य में समाते चले गए। मेरे मन में विरक्ति का भाव और तीव्र हो गया। मेरा मन बाहरी जगत से पूरी तरह निकल गया। इतने बड़े दायित्वों के बीच ऐसी साधना मुश्किल होती है, लेकिन कन्याकुमारी की धरती और स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा ने इसे आसान बना दिया। मैं ईश्वर का भी आभारी हूं कि उन्होंने मुझे जन्म से ये संस्कार दिये।

# झारखंड के सियासी मैदान में महिलाओं का बढ़ता दबदबा

## ■ इस बार सबसे अधिक 31 महिलाएं उतरी हैं लोकसभा चुनाव के मैदान में

## ■ 14 में से 12 संसदीय सीटों पर वोट देने में महिलाओं ने पुरुषों को पछाड़ा

**आजाद सिपाही विशेष**

भारत में 'राजनीति की प्रयोगशाला' के रूप में चर्चित झारखंड ने 18वें आम चुनाव के दौरान एक अनोखा रिकॉर्ड कायम कर दिया है। झारखंड देश का इकलौता ऐसा राज्य बन गया है, जहां की 14 में से 12 संसदीय सीटों, यानी 85 प्रतिशत सीटों पर वोट देने के मामले में महिलाओं ने पुरुषों को पीछे छोड़ दिया। यह सियासत के मैदान में झारखंड की महिलाओं के बढ़ते दबदबे का परिचायक तो है ही, साथ ही यह संकेत राजनीतिक रूप में पिछड़ा समझे जाने वाले राज्य के लिए उत्साहवर्द्धक भी है। झारखंड में इस बार के संसदीय चुनाव में महिलाओं ने एक और रिकॉर्ड बनाया है। वह यह कि इस बार विभिन्न राजनीतिक दलों ने सबसे अधिक सात महिलाओं को चुनावी मैदान में उतारा, जबकि कुल 31 महिलाएं अपनी किस्मत आजमा रही हैं। यह अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। अब, जबकि झारखंड समेत पूरे देश में मतदान संपन्न हो चुका है और जनता का फैसला सामने आने में कुछ ही घंटे का समय बाकी है, झारखंड की महिलाओं का सियासी मैदान में इस तरह बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना साबित करता है कि महिलाओं का हमारे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और चुनाव प्रणाली में भरोसा लगातार बढ़ रहा है। यह झारखंड के साथ पूरे देश के राजनीतिक भविष्य के लिए सकारात्मक संदेश है और इसे लगातार आगे बढ़ाने की जरूरत है। क्या हैं झारखंड की सियासत में महिलाओं के बढ़ते दबदबे के कारण और क्या हो सकता है इसका संभावित असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

देशभर में लोकसभा चुनाव का सातवां और अंतिम चरण संपन्न हो चुका है और अब लोगों को नतीजों का इंतजार है, जो कुछ घंटे बाद ही आना शुरू हो जायेगा। इस बीच झारखंड को लेकर एक खुशनुमा खबर यह आयी है कि इस बार लोकसभा चुनाव के चारों चरणों के दौरान पुरुषों की तुलना में अधिक महिलाओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने यह जानकारी देते हुए कहा कि राज्य के 2.58 करोड़ में से 1.7 करोड़ मतदाताओं ने 244 उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य का फैसला करने के लिए 14 लोकसभा सीटों पर वोट डाले। इन 1.7 करोड़ मतदाताओं में से 87.11 लाख महिलाएं और 83.85 लाख पुरुष थे। झारखंड में 13 मई से 1 जून तक चार चरणों के चुनाव में कुल मिला कर 66.19 प्रतिशत मतदान हुआ। इस दौरान 14 में से 12 लोकसभा सीटों पर महिलाओं का वोटिंग प्रतिशत अधिक रहा। केवल रांची और जमशेदपुर लोकसभा सीटों पर मतदान केंद्रों पर आने वाले पुरुष मतदाताओं की संख्या महिलाओं से थोड़ी अधिक थी, लेकिन बाकी लोकसभा सीटों पर महिलाओं की संख्या अधिक थी। झारखंड में 14 लोकसभा सीटों के अंतर्गत 81 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। विधानसभा क्षेत्रों के आंकड़ों पर गौर करें, तो 68 विधानसभा क्षेत्रों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा है, जबकि सिर्फ 13 विधानसभा सीटों पर वोट डालने वाले पुरुषों की संख्या ज्यादा रही। यानी झारखंड की महिलाओं ने मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और इस लिहाज से झारखंड देश का इकलौता ऐसा राज्य बन गया है। महिलाओं के अधिक मतदान प्रतिशत का कारण घरों के पुरुष सदस्यों के पलायन को भी माना जा सकता है। महिलाओं ने किसके समर्थन में मतदान किया है, यह साफ नहीं है, लेकिन चुनाव से पहले झारखंड के विभिन्न चुनाव क्षेत्रों में यह बात सामने आयी थी कि मोदी सरकार द्वारा शुरू की गयी योजनाओं से महिलाएं सबसे अधिक संतुष्ट हैं। इतना ही नही,राम मंदिर और दूसरे मुद्दों को लेकर भी महिलाओं के बीच मोदी सरकार की लोकप्रियता बढ़ी है।



### महिला उम्मीदवारों की भी संख्या बढ़ी

झारखंड के संदर्भ में एक और अच्छी बात यह है कि लोकसभा चुनाव लड़ने वाली महिलाओं की संख्या इस बार बढ़ी है। इस चुनाव में कुल 244 उम्मीदवारों में 31 महिला उम्मीदवार थीं। इसके अलावा पहली बार एक ट्रांसजेंडर सुनैना किन्नर भी धनबाद से चुनाव लड़ रही हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 सीटों पर कुल 240 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे थे। उनमें 222 पुरुष और 18 महिलाएं थीं। वर्ष 2019 में यह संख्या 229 थी, जिनमें 204 पुरुष और 25 महिलाएं थीं। जहां तक सांसद चुनी जानेवाली महिलाओं की बात है, तो 2004 में कुल 13 महिलाओं ने चुनाव लड़ा था और केवल एक जीतने में सफल रहीं। 2009 में 14 महिलाओं ने चुनाव लड़ा, लेकिन कोई जीत नहीं सकीं। 2014 में भी 18 महिलाओं में से किसी को जीत नहीं मिली, जबकि 2019 में 25 में से दो महिलाओं ने जीत हासिल की। इस बार राजनीतिक दलों ने सात महिलाओं को चुनाव मैदान में उतारा है। इनमें भाजपा ने तीन, कांग्रेस ने दो और झामुमो और राजद ने एक-एक महिला को टिकट दिया है। इसके अलावा एक और खास बात यह है कि सिंहभूम सीट से इस बार भी कोई महिला ही सांसद चुनी जायेगी, क्योंकि वहां मुकाबला दो महिलाओं के बीच है। इसके अलावा रांची, पलामू, कोडरमा, धनबाद और दुमका में महिला उम्मीदवार मुख्य मुकाबले में हैं।

### झारखंड की महिला नेतृत्व का इतिहास

झारखंड के आदिवासी समुदायों में लड़कियों के जन्म को गोहार भरने के साथ जोड़ा जाता है। लड़कियां 'सयानी बेटी' के रूप में घर, परिवार और समाज में स्वीकार की जाती हैं। कन्या भ्रूण हत्या यहां न के बराबर है। अतः आदिवासी क्षेत्रों में लड़कियों की सघन उपस्थिति देखी जाती है। आदिवासी स्त्रियों की नेतृत्व क्षमता को सिनगीदई से लेकर दयामनी बारला तक साफ तौर पर देखा जा सकता है। विद्रोहों और आंदोलनों में महिलाएं बढ़-चढ़ कर भाग लेती थीं। तिलका मांझी की अगुवाई में चले विद्रोह में फूलमनी मझिआइन ने भी अंग्रेजी सभा का मुकाबला किया। 1831 ई. के कोल विद्रोह के समय सिंगराय बहनों ने अपनी निडरता का परिचय दिया। 30 जून 1855 को भोगनाडीह में सिदो-कान्हू, चांद-भैरव के नेतृत्व में हूल (विद्रोह) का आगाज किया गया था। संथाल हूल के समय सिदो-कान्हू, चांद-भैरव की दो बहनों फूलो और झानो ने आंदोलनकारियों और विद्रोहियों के हौसले को बनाये रखा। बिरसा मुंडा के उलगुलान में महिलाएं भी शामिल थीं। बिरसा मुंडा की दो महिला अंगरक्षक भी थीं। 1930 के नमक सत्याग्रह के समय खूंटी के टाना भगतों की सभा में आधी संख्या स्त्रियों की थी। झारखंड आंदोलन में भी महिला नेत्रियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इसके अलावा कई जनांदोलनों में भी महिलाओं ने अहम भूमिका निभायी है।

### झारखंड बनने के बाद चुनाव में महिलाओं की स्थिति

झारखंड बनने के बाद 2004 में हुए पहले चुनाव में 13 महिलाएं चुनाव मैदान में उतरीं, लेकिन केवल एक को जीत मिल सकी। 2009 और 2014 में क्रमशः 14 और 18 महिलाएं चुनाव मैदान में उतरीं, लेकिन किसी को भी सफलता नहीं मिल सकी। बीते लोकसभा के चुनाव 2019 में झारखंड से सबसे अधिक महिलाओं ने लोकसभा चुनाव में दावा ठोंका था। 2019 में राज्य से 25 महिलाएं चुनावी मैदान में थीं। इसमें दो महिलाएं जीत कर दिल्ली गयी थीं। झारखंड की चार सीटों पर महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों के मुकाबले अधिक है। ये सीटें हैं, सिंहभूम, लोहरदगा, राजमहल और खूंटी।

झारखंड के सियासी मैदान में महिलाओं का बढ़ता दबदबा इस प्रदेश के साथ पूरे देश के लिए सकारात्मक संदेश माना जा सकता है। महिलाएं सियासत में जितनी सफल होंगी, राजनीति का कलंकित होता मैदान उतना ही साफ होता जायेगा। इसलिए महिलाओं के आगे बढ़ने का स्वागत किया जाना चाहिए।

---

# हेमंत पर समन की अवहेलना मामले में सुनवाई 15 जून को

**सीजेएम कोर्ट से मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रांसफर**

**रांची (आजाद सिपाही)।** समन का अवहेलना मामले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ इडी की शिकायतवाद पर अब सुनवाई 15 जून को होगी। सीजेएम कोर्ट ने यह मामला एमपी एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया है। पूर्व में सीजेएम कोर्ट द्वारा मामले में संज्ञान लिये जाने के बावजूद भी हेमंत सोरेन की उपस्थिति चौथी बार सीजेएम कोर्ट में नहीं हुई थी। मामले में हेमंत सोरेन की ओर से सीजेएम कोर्ट के समन आदेश को हाइकोर्ट में चुनौती दी गयी है। हाइकोर्ट में यह मामला अभी लंबित है। शिकायतवाद में शिकायतकर्ता इडी की ओर से बताया गया है कि हेमंत को इडी ने जमीन घोटाला मामला में 10 समन किया था, जिसमें से मात्र दो समन पर ही हेमंत सोरेन इडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। यह इडी के समन की अवहेलना है। हेमंत इडी के समक्ष 20 जनवरी को 8 वां समन और 31 जनवरी को दसवां समन में हेमंत उपस्थित हुए थे। सुनवाई के दौरान इडी की ओर से दलील देते हुए कहा गया कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के समन मामले में इडी ने दिल्ली में सीजेएम कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया था।

# जयराम महतो को मिली राहत पीड़क कार्रवाई पर रोक लगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जयराम महतो को रांची की अदालत से बड़ी राहत मिल गयी है। कोर्ट ने जयराम महतो के खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर 10 जून तक रोक लगा दी है। सोमवार को रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त ने जयराम महतो के खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक के फैसले को विस्तार दे दिया।

झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के अध्यक्ष और गिरिडीह लोकसभा से चुनाव लड़ रहे जयराम महतो को वर्ष 2022 के एक मामले में यह फौरी राहत मिली है। राजधानी के नगड़ी थाना में उनके खिलाफ वर्ष 2022 में दर्ज कांड संख्या 48 में वारंट जारी हुआ था। अपने समर्थकों के बीच टाइगर जयराम के नाम से मशहूर जेबीकेएसएस के नेता को रांची पुलिस ने बोकारो और गिरिडीह में गिरफ्तार करने की कोशिश की,



लेकिन सफल नहीं हो पायी। अपर न्यायायुक्त की अदालत में बहस की शुरुआत हुई, तो जयराम महतो के वकील ने जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया। कोर्ट ने उनके आग्रह को स्वीकार कर लिया। साथ ही जयराम महतो के खिलाफ पीड़क कार्रवाई की अवधि को 10 जून तक बढ़ा दी और कहा कि उसी दिन इस मामले में सुनवाई होगी।

### गिरिडीह से चुनाव लड़ रहे हैं जयराम महतो

जयराम महतो गिरिडीह लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। उम्मीदवारी का पर्चा दाखिल करने के लिए बोकारो पहुंचे थे। यहां रांची से पुलिस की एक टीम उन्हें गिरफ्तार करने पहुंच गयी। जयराम ने उनसे कहा कि उन्हें एक जनसभा को संबोधित करना है, उसके लिए जाने दें। जनसभा के बाद वह चाहें, तो उन्हें गिरफ्तार कर सकते हैं। अगर यहां गिरफ्तार करने की कोशिश की और जेबीकेएसएस के समर्थक उग्र हो गये, तो उसके बाद की स्थिति की जिम्मेदार पुलिस होगी। पुलिस ने जयराम महतो की बात स्वीकार कर ली। उन्हें जनसभा को संबोधित करने के लिए जाने दिया। जनसभा को संबोधित करने के बाद जयराम महतो अचानक से लापता हो गये। पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ा। जयराम महतो और उनके कई समर्थकों के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली। बता दें कि इससे पहले हुई सुनवाई में ही कोर्ट ने जयराम महतो के खिलाफ किसी प्रकार की पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी थी।

# गांव के बाहर पूजा करने गये भगत की पीट-पीट कर हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र के गदर पंचायत के मनीमहडर गांव में दिनदहाड़े एक अधेड़ की पीटकर हत्या कर दी गयी है। उक्त व्यक्ति गांव में ही भगत का काम करता था। मृतक की पहचान जागेश्वर राय (65) वर्ष मनीमहडर गांव निवासी के रूप में हुई है। सोमवार की सुबह दस बजे घर से कुछ दूर गांव के ही बाहर प्राथमिक विद्यालय मनीमहडर के पास स्थित बरगद पेड़ कपासीथान में पूजा करने के लिए गये थे। काफी देर तक जब घर नहीं लौटे तो घरवाले खोजबीन करने पहुंचे तो देखा रास्ते मे ही पूजा की बाल्टी, सिंदूर अक्षत सब गिरा हुआ है, और उसका शव कुछ दूरी पर झाड़ियों में पड़ा हुआ है। घटना के बाद से गांव में जितने भी घटवार(राय) जाति के लोग हैं सभी ताला लगाकर फरार हैं घर में केवल वृद्ध महिलाएं हैं, कयास लगाया जा रहा है इन्हीं लोगों ने पीटकर उनकी हत्या कर शव को झाड़ियों में फेंक फरार हो गये हैं। घटना की सूचना पर गावां पुलिस पहुंच चुकी है शव को कब्जे में कर जांच में जुट गयी है। वहीं पूर्व विधायक राजकुमार यादव, जिला परिषद सदस्य पवन चौधरी आदि भी घटनास्थल पर पहुंचकर स्वजनों को ढांढस बंधाया।

### अंधविश्वास में हत्या की आशंका

**मनीमहडर गांव में दिनदहाड़े 65 वर्षीय भगत की हत्या के पीछे अंधविश्वास की आशंका जतायी जा रही है। कुछ लोग एक व्यक्ति की एक माह पूर्व हुई मौत का जिम्मेदार जागेश्वर राय उर्फ कुहचु भगत को मान रहे थे। अंधविश्वास के चक्कर में ही एक साल से उक्त भगत को गांव के देवी मंडप में पूजा पाठ करने नहीं दिया जा रहा था। कुछ लोग का कहना था कि ये भगत जादू टोना कर के लोगों की जान ले लेता है। एक माह पूर्व मृतक के चचेरे बहनोई जानकी राय 55 वर्ष की मौत हुई थी तो उस समय भी जानकी राय के घरवालों ने इसी भगत पर जादू टोना कर के जान ले लेने की बात कही थी। एक बार तो इसे जान से मारने के लिए घेर लिया गया था किसी तरह से भागकर जान बचायी थी।**

# कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की हिरासत अवधि 18 जून तक बढ़ी

**वीडियो कांफ्रेंसिंग से पीएमएलए कोर्ट में हुई पेशी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग से पीएमएलए कोर्ट में सोमवार को हुई। कोर्ट ने उसकी न्यायिक हिरासत की अवधि 18 जून तक बढ़ा दी है। इजहार अंसारी, इश्तियाक अंसारी के अलावा उसकी एक कंपनी के खिलाफ इडी ने पीएमएलए कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था, जिस पर इडी की विशेष अदालत संज्ञान ले चुकी है। बीते 16 जनवरी को इडी ने हजारीबाग स्थित उसके आवास और फैक्ट्री पर छापा मारा था। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। 70 करोड़ रुपये के कोल लिंकेज के हेरा-फेरी मामले में इजहार अंसारी आरोपी है। निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार की पहल पर खान विभाग के अधिकारियों ने इजहार अंसारी की कंपनी को कोल लिंकेज देने की अनुशंसा की थी। यह भी बता दें कि इडी ने मनरेगा घोटाला को लेकर की गयी छापेमारी के दौरान पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार का मोबाइल जब्त किया था। इस मोबाइल फोन से मिले कई तथ्य के आधार पर इडी ने इजहार अंसारी के घर पर मार्च 2023 में भी छापा मारा था। उस दौरान उसके घर से 3.85 करोड़ जब्त किया गया था। इजहार पूजा सिंघल का करीबी बताया जाता है। इजहार पर तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल के सहयोग से अवैध तरीके से रियायती दर पर फर्जी कंपनियों के नाम पर कोयला का आवंटन करा कर उसे ऊंची कीमत पर बाजार में बेचता था। इस तरह करोड़ों रुपये की काली कमाई की जाती थी। इजहार ने कोयले के धंधे में पूजा सिंघल की मदद से अवैध कमाई की।

# मंगेतर संग घूमने गयी दलित युवती से गैंगरेप

**आधी रात अर्धनग्न हालत में छोड़ कर भागे दरिंदे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़।** पाकुड़ के हिरणपुर थानाक्षेत्र से महिला के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। यहां मंगेतर के साथ बागान में घूमने गयी दलित युवती के साथ 6-7 लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। वहीं मंगेतर किसी तरीके से वहां से निकलकर घर पहुंचा और अपनी बहन को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद ग्रामीण वहां पहुंचे। काफी खोजबीन के बाद आधी रात को महिला अर्धनग्न हालत में ग्रामीणों को मिली। महिला ने थाने में 2 लोगों के खिलाफ शिकायत की है।

### छह-सात लोगों ने बनाया बंधन

मामला पाकुड़ के हिरणपुर थानाक्षेत्र के शहरपुर गांव का है। युवती मंगेतर के साथ गांव में घूम रही थी। इसी दौरान 6 से 7 लोगों ने दोनों को बंधक बना लिया, इसके बाद युवती के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इस दौरान युवती का मंगेतर तालझारी दुधकोला निवासी राम सोरेन किसी तरह वहां से भाग निकला और आकर उसने अपने दीदी को पूरी जानकारी दी। इसके बाद सभी ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

### दो लोगों को ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले किया

ग्रामीणों ने आसपास युवती को बहुत ढूंढ़ा लेकिन वह नहीं मिली। देर रात युवती को कुछ लोग गांव से कुछ दूरी पर अर्धनग्न अवस्था में छोड़ कर भाग निकले। खोजबीन के दौरान कस्तूरी गांव के मानवेल मरांडी व सकल हांसदा को ग्रामीणों ने शक के आधार पर पकड़ लिया। परिजनों ने रविवार सुबह थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी और धराये दोनों व्यक्ति को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने पीड़िता से पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस जांच कर रही है।

# 24 एकड़ जमीन की हेराफेरी में तत्कालीन सीओ पर होगी कार्रवाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार ने तत्कालीन अंचल अधिकारी कोडरमा अशोक राम पर विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया है। उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच के लिए रिटायर आइएएस कमल जॉन लकड़ा को जांच संचालन पदाधिकारी बनाया गया है। वहीं भूमि सुधार उप समाहर्ता कोडरमा को उपस्थापन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। अशोक राम से 15 दिनों में लिखित बचाव बयान भी दर्ज कराने को कहा गया है। उनके खिलाफ 51 मामलों में बिना अभिलेख संधारित किये और प्रश्नगत भूमि के भौतिक सत्यापन किये बिना ही संबंधित जमाबंदी धारकों के नाम से 24 एकड़ गैरमजरूआ खास भूमि का ऑनलाइन लगान रसीद निर्गत करने के संबंध में आरोप है। मामले पर डीसी कोडरमा ने आरोप पत्र गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की है।

## मतगणना के लिए निर्वाची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा और वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने की ब्रीफिंग

# पंडरा स्थित मतगणना केंद्र में सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतगणना

**मतगणना केंद्र में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए मतों की गिनती पंडरा स्थित मतगणना केंद्र में की जायेगी। मतगणना हेतु पुलिस/प्रशासनिक पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। जिनकी सोमवार को ब्रीफिंग की गयी। मतगणना प्रेक्षक डीएस रमेश एवं अमित मेहरा की उपस्थिति में निर्वाची पदाधिकारी 08-रांची संसदीय क्षेत्र राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची चंदन सिन्हा ने प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों की ब्रीफिंग की। इस दौरान रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्र के सहायक निवार्ची पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

निर्वाची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा मतगणना के लिए प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुसार विस्तृत जानकारी देते हुए आवश्यक निर्देश दिये गये। निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से मतगणना संपन्न कराने हेतु उन्होंने आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा।



**बिना पास के नहीं मिलेगा प्रवेश :** ब्रीफिंग के दौरान निर्वाची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि मतगणना के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, कर्मी और सुरक्षा कर्मी जिनके पास प्रवेश पास होगा, वे ही हॉल में प्रवेश कर सकेंगे, किसी अन्य व्यक्ति को हॉल में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। मतगणना हॉल में केवल आवश्यक सामग्री जैसे- आधिकारिक दस्तावेज, पहचान पत्र और ड्यूटी संबंधी उपकरण ले जाने की ही अनुमति होगी। राहुल कुमार सिन्हा ने पोस्टल बैलट एवं इवीएम के मतों की गिनती की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। काउंटिंग एजेंट के सामने सीयू और फॉर्म 17 सी से मतों के मिलान के बाद किस प्रकार मतगणना प्रारंभ करनी है, इसकी बिंदुवार जानकारी सभी को दी गयी।

**मतगणना भवन में मोबाइल वर्जित :** ब्रीफिंग के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि मतगणना के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतों की गिनती सुबह आठ बजे से शुरू होगी। मतगणना भवन में मोबाइल, कैमरा या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ प्रवेश वर्जित है। मतगणना हॉल में प्रवेश से पूर्व जितने भी व्यक्तियों का मतगणना हॉल के लिये प्रवेश पत्र होगा, उसकी गहन जांच की जायेगी।

# 4 जून को निर्वाचन आयोग की परीक्षा है, साबित करे कि देश में लोकतंत्र मजबूत है: सुप्रियो भट्टाचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान की प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है। 4 जून को मतगणना होगी। मतगणना की पूर्व संध्या पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस को संबोधित करते हुए जहां एक ओर झारखंड की 14 में से 10 लोकसभा सीटों पर बढ़त का दावा किया, वहीं केंद्रीय निर्वाचन आयोग की भूमिका और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाये। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 4 जून को निर्वाचन आयोग की परीक्षा है इस मायने में कि वो कैसे अपनी निष्पक्षता और विश्वसनीयता बरकरार रखता है, क्योंकि इससे ही साबित होगा कि देश में आज भी लोकतंत्र मजबूत है और पूरी दुनिया के लिए उदाहरण है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने आरोप लगाया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने मतगणना से पूर्व आयोजित प्रेस वार्ता में व्यक्तव्य की शालीनता का मान-मर्दन किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे चुनाव अभियान के दौरान निर्वाचन आयोग ने अपने कान और आंख बंद कर रखे थे।

### चुनाव कैंपेन में लोकतंत्र का गला घोंटा गया

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान करते वक्त मुख्य चुनाव आयुक्त ने बहुत अच्छी-अच्छी बातें कही थी। शेर भी अर्ज किया था, लेकिन बाद में लोकतंत्र का गला घोंटा गया। निर्वाचन आयोग ने सत्ताप ाक्ष के खिलाफ मिली शिकायतों को अपे दराज में बंद कर दिया। वर्ग और राजनीतिक विशेष की सोच और कार्ययोजना को अमली जामा पहनाया। हालांकि, यह गनीमत है कि भीषण गर्मी में भी 65-66 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मतदान के आंकड़े भी संदिग्ध हैं, क्योंकि वास्तविक आंकड़े काफी देरी से जारी किये गये। कल काउंटिंग है और अभी तक 7वें चरण की वोटिंग के आखिरी आंकड़े सामने नहीं आये हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विश्वास और विश्वसनीयता का बड़ा महत्व है। न्याय को तभी पूर्ण माना जाता है, जब वह केवल शब्दों में नहीं हो, बल्कि हम उसे धरातल पर फलीभूत होता हुआ भी देखें।




### भयमुक्त और निष्पक्ष हो काउंटिंग की प्रक्रिया!

झामुमो के केंद्रीय महासचिव ने कहा कि 4 जून को काउंटिंग है। यह पुनीत काम बिना किसी बाधा अथवा पक्ष विशेष के समर्थन में हुए बिना संचालित होना चाहिए। इस बार पोस्टल बैलेट के माध्यम से कई सेक्टरों को जोड़ा गया था। मीडियाकर्मी, बुजुर्ग, दिव्यांग और सर्विस सेक्टर के लोगों के लिए पोस्टल बैलेट से वोटिंग की व्यवस्था की गयी थी। हम चाहते हैं कि पोस्टल बैलेट के वोटों का मिलान और गिनती पारदर्शी तरीके से होनी चाहिए। उसे बाद के लिए बचा कर रखने की जरूरत नहीं है। काउंटिंग के समय पावर कट नहीं होना चाहिए। जेनरेटर की व्यवस्था काउंटिंग की शुरुआत से ही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पावर कट की स्थिति में इवीएम को रि-स्टार्ट करना होगा, जिसमें गड़बड़ी की आशंका बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि हर चुनाव के बाद नये सिरे से इवीएम की प्रोग्रामिंग होती है, इसलिए उसमें गड़बड़ी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। अंतिम प्रत्याशी तक काउंटिंग की प्रक्रिया से संतुष्ट हो!

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने यह सुनिश्चित किया है कि काउंटिंग को लेकर यदि किसी भी प्रत्याशी के मन में आशंका हो ,तो वह शुल्क का भुगतान कर इसका निदान करा सकता है। हमारा निर्वाचन आयोग से आग्रह है कि अंतिम नतीजा घोषित करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि सभी प्रत्याशी नतीजों से संतुष्ट हैं। यदि आशंका है तो वीवीपैट से मिलान करें। निर्वाचन आयोग इसके लिए जवाबदेह है। उन्होंने कहा कि 4 जून को निर्वाचन आयोग के लिए परीक्षा का दिन है। हम लोगों ने निर्वाचन आयोग को सर्वोच्च प्राथमिकता और सम्मान देते हुए उनके नियम-कानूनों और गाइडलाइन का अक्षरशः पालन किया है। अब यह आयोग की जिम्मेदारी है कि साबित करे कि भारत में लोकतंत्र मजबूत है और दुनिया के लिए उदाहरण भी।

## कांग्रेस और झामुमो की प्रेस वार्ता पर भाजपा का पलटवार

# इंडी गठबंधन को अधिकांश एग्जिट पोल में 80 से 140 सीटें ही : प्रतुल शाहदेव

**एग्जिट पोल को नहीं मानने वाले विपक्ष को देश की जनता इस बार पॉलिटिकल एग्जिट करवा रही है**

**हार को देख कर विपक्ष चुनाव आयोग पर प्रश्न कर रहा है, साथ ही लगा रहा इवीएम एवं डीएम हैक का बेबुनियाद आरोप**

**झारखंड में जिस गठबंधन का खाता नहीं खुलने वाला, वह 10 सीटों पर जीत की बात कर रहा है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस और झामुमो की प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए कहा कि अपनी निश्चित हार को देख कर विपक्ष बहाना खोज रहा है। मीडिया को टारगेट किया जा रहा है। चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्न किया जा रहा है। एग्जिट पोल पर इनको विश्वास नहीं है। लेकिन अब तो इनको राजनीतिक रूप से देश की जनता एग्जिट करवाने वाली है। प्रतुल ने कहा कि पहले विपक्ष इवीएम हैक का नारा लगाता था। फिर गृह मंत्री पर डेढ़ सौ डीएम से बात करने का बिना सुबूत का बेबुनियाद आरोप लगाया। प्रतुल ने कहा कि विपक्ष हार के बहाने भी ठीक से खोज नहीं पा रहा। कभी इवीएम हैक की बात कर रहा है तो कभी डीएम हैक की। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडी गठबंधन अपने शहजादे के नेतृत्व में एक और बड़ी हार को झेलने जा रहा है।



प्रतुल ने कहा कि तमाम एग्जिट पोल बता रहे हैं कि एनडीए गठबंधन 400 सीटों के आंकड़े को छुएगा या पार करेगा। यही एग्जिट पोल इंडी गठबंधन को 80 से 140 सीट तक दे रहे हैं।अब कांग्रेस स्पष्ट करे कि वो अपने दावे की 295 सीटें कहां से लायेगी? प्रतुल ने कटाक्ष किया कि क्या बाकी बची हुई सीटों को अब्दुल टेंट हाउस से कांग्रेस मंगवायेगी? क्योंकि इसी अब्दुल के नाम पर इन्होंने चुनाव लड़ा था और इसी अब्दुल को आरक्षण देने की बात भी कही थी।

प्रतुल ने कहा कि कल तक झारखंड की 14 सीटों पर जीत की बात करने वाला विपक्ष अब झारखंड में 10 सीटों पर उतर आया है, जबकि इनका यहां खाता भी नहीं खुलने वाला है। एनडीए प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने जा रहा है।

# एग्जिट पोल सत्य और तथ्य से परे, मीडिया अब अपनी भूमिका तय करे : राजेश ठाकुर




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस ने मीडिया घरानों के द्वारा जारी एग्जिट पोल को सत्य और तथ्य से परे करार दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि अब तो अति हो गया है। अब समय आ गया है कि मीडिया घराने अब अपनी भूमिका अदा करें। उदारहण स्वरूप झारखंड में गठबंधन के तहत माले केवल कोडरमा सीट पर चुनाव लड़ रहा है। मगर एग्जिट पोल इन्हें दो से तीन सीट दिखा रहा है। ठीक इसी प्रकार से तमिलनाडु में कांग्रेस केवल 9 सीट पर चुनाव लड़ रही है। मगर वहां पर कांग्रेस को 13-15 सीट दिखाया जा रहा है। यही स्थिति कनार्टक में है। कर्नाटक में कांग्रेस डीएमके साथ गठबंधन के तहत 9 सीट पर चुनाव लड़ रही है। वहां भी कांग्रेस को 13-15 सीट दिखाया जा रहा है। अब ऐसे में कैसे इस एग्जिट पोल पर यकीन किया जाये। इसलिए अब अति हो गया है। पत्रकारों से बातचीत में सोमवार को कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री ने पूरे चुनाव अभियान में एक भी मुद्दे की बात नहीं की। देश में व्याप्त महंगाई, बेरोजगारी पर कोई भी भाजपा का नेता या उनके पीएम नरेंद्र मोदी ने एक शब्द नहीं कहा। पूरा चुनाव अभियान नरेंद्र मोदी और उनकी टीम ने दिशाविहिन और मुद्दाविहिन आधार पर चलाया। इसलिए हम यह कह सकते हैं कि परिणाम हमारे पक्ष में आयेगा और 4 जून के बाद दिल्ली में इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी।

**एग्जिट पोल के जरिये अफसरों पर दबाव बनाया जा रहा है :** राजेश ठाकुर ने कहा कि जिस प्रकार से मोदी जी बायोलिजिकल नहीं हैं। उसी प्रकार से एग्जिट पोल भी है। यह एग्जिट पोल एक प्रेशर पॉलिटिक्स है। इसके जरिये अफसरों पर दबाव बनाया जा रहा है। उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है। एक सायकोलॉजिकल प्रेशर बनाने के लिए यह प्री प्लांड एग्जिट पोल है।

**मोदी आये तो गरीबों की संख्या और बढ़ेगी :** राजेश ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि हम 80 करोड़ गरीब को पांच किलो मुफ्त राशन दे रहे हैं। अगर सत्ता में आये तो इसकी संख्या और बढ़ायेंगे। इसका साफ मतलब हुआ कि आने वाले दिनों में देश से गरीबी कम होने वाली नही है। बेरोजगारी और महंगाई और बढ़ेगी।

# इंडिया का पीएम कैंडिडेट नतीजे के 24 घंटे में तय होगा : संजय राउत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** शिवेसना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने सोमवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के 24 घंटे के भीतर ही इंडिया ब्लॉक प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा कर देगा। उन्होंने कहा कि हमारे पास प्रधानमंत्री पद के लिए कई उम्मीदवार हैं, लेकिन भाजपा का क्या? संजय ने आगे कहा कि इंडिया ब्लॉक के सभी नेता दिल्ली में मिलेंगे और वहीं पर पीएम उम्मीदवार की घोषणा की जायेगी। चुनाव आयोग ने विपक्षी दलों के द्वारा की गयी आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों को नजरअंदाज किया है। हमने चुनाव आयोग को 17 शिकायती पत्र लिखे, लेकिन हमें उन पर कोई जवाब नहीं मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह क्या चुनाव आयोग भी ध्यान कर रहा है? संजय ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 4 जून को मतगणना से पहले देश भर के कई कलेक्टरों को फोन किया है। इस दावे पर कहा कि यह बहुत गंभीर मुद्दा है। हमने पाया है कि इसमें 12 कलेक्टर महाराष्ट्र से हैं।

### दिल्ली सट्टा बाजार में एनडीए की सरकार सीटें 340 पार

**लोकसभा चुनाव 2024 में किसकी सरकार बनेगी ये 4 जून को साफ हो जायेगा। उसके पहले सट्टा बाजार में नयी सरकार को लेकर अटकलें जारी हैं। दिल्ली सट्टा बाजार में एनडीए की सरकार बनने की बात कही जा रही है। सीटें 340 मिलने के अनुमान जताया गया है। वहीं, इंडिया ब्लॉक को लगभग 200 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। एजेंसी के मुताबिक, दिल्ली के सट्टेबाजों और पंटर्स के मुताबिक ठआ को 341-343 सीटें मिल सकती हैं। वहीं, इंडिया ब्लॉक को 198-200 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा अपनी दम पर 310-313 सीटें जीत सकती है, जबकि कांग्रेस के हिस्से 57-59 सीटें आ सकती हैं। दिल्ली की 7 लोकसभा सीटों में से केवल 1 सीट इंडिया ब्लॉक को मिलने की बात कही है। सूत्रों के मुताबिक दिल्ली सट्टा बाजार दो सप्ताह पहले खुला था। दिल्ली-एनसीआर में अब तक चुनाव नतीजों पर करोड़ों रुपये का दांव लगाया जा चुका है। सट्टेबाजों में विदेशी भी शामिल हैं।**

# लालू प्रसाद का दावा, चौंकानेवाला रिजल्ट देने जा रहा है इंडी गठबंधन, फिर से आ रही है जनता की सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** चार जून को लोकसभा चुनाव का रिजल्ट आ रहा। इससे पहले राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने बड़ा दावा किया है। लालू प्रसाद ने कहा कि बिहार में और देश में फिर से जनता की सरकार आ रही है। इंडिया गठबंधन भारी बहुमत से चौंकाने वाले रिजल्ट देकर जा रहा है। सारे मनोवैज्ञानिक प्रोपेगेंडा धरे के धरे रह जाएंगे, जनता के साथ मिलकर हम जनता की सरकार बनायेंगे। उन्होंने इंडी गठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि हम सभी का यह दायित्व है कि हम जनता के मत की रक्षा कर सकें और झूठ के खिलाफ सत्य की इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचा सके। तो साथियों होशियार रहना है, चौकन्ना रहना है, एक-एक वोट की गिनती सजगता के साथ करानी है।



**इंडिया गठबंधन के पक्ष में जम कर मतदान किया :** सोशल मीडिया पर पोस्ट लिख कर राजद सुप्रीमो ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव में आपने जिस तरह से बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर इंडिया गठबंधन के पक्ष में जमकर मतदान किया। इसके लिए मैं आप सभी का हृदय से आभारी हूं। मैं आभारी हूं इंडी गठबंधन और राष्ट्रीय जनता दल के एक-एक कार्यकर्ता का जिसने चुनाव के दौरान भीषण गर्मी की परवाह किये बिना पूर्ण मनोयोग के साथ संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण को बचाने के लिए दिन-रात एक कर दिया।

**बिहार की जनता का दिया एक-एक मत सुरक्षित रहे :** पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने आगे लिखा कि साथियों, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि जो मुहीम हमने शुरू की थी उसको अभी मंजिल पर पहुंचाना बाकी है, जनता ने अपना मत इंडिया गठबंधन की विजय के तौर पर दे दिया है लेकिन इस जनमत को सुरक्षित परिणाम तक पहुंचाना हमारा दायित्व है, इसलिए बिना रुके, बिना थके मतगणना स्थल पर जोश, उमंग और उत्साह के साथ सक्रिय रहें और सुनिश्चित करें कि बिहार की जनता का दिया एक-एक मत सुरक्षित रहे जिससे कि हमारा लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण भी सुरक्षित रह पाये।

# मोदी की जीत के लिए आश्वस्त काशी में मुस्लिम महिलाएं बना रहीं लड्डू

आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** यूपी की 80 लोकसभा सीटों पर मंगलवार सुबह 8 बजे से गिनती शुरू होगी। सुबह 9 बजे से रुझान आने शुरू हो जायेंगे। 12 बजे तक लगभग तस्वीर साफ हो जायेगी कि कौन जीत की तरफ बढ़ रहा है। पीएम मोदी की जीत के लिए आश्वस्त वाराणसी की मुस्लिम महिलाएं भी जश्न मना रही हैं। मुस्लिम महिलाओं ने मंगलवार को लोगों में बांटने के लिए न सिर्फ लड्डू बनाये, आतिशबाजी भी की। इसके अलावा भाजपा कार्यकर्ता भी 40 हजार किलो लड्डू बनवा रहे हैं।



**राजभर बोले-8 जून को मोदी पीएम पद की शपथ लेंगे :** सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर ने दावा किया है कि 8 जून को नरेंद्र मोदी तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेंगे। विपक्ष की सीटें कम आ रही हैं। इसलिए वे लोग बौखला रहे हैं। जब कांग्रेस की सरकार थी, तो अनाज गोदाम में सड़ता था। आज अनाज 80 करोड़ लोगों में बांटा जा रहा। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी नफरत फैला रही हैं।

वहीं, रिजल्ट से पहले आगरा में मोदी की हैट्रिक के पोस्टर लग गये हैं। कार्यकर्ता भाजपा के झंडे खरीद रहे हैं। अमरोहा में जीत के लिए भाजपा कार्यकताओं ने हवन-पूजन किया। यूपी चुनाव में कुल 851 प्रत्याशी मैदान में हैं। इसमें 771 पुरुष और 80 महिलाएं हैं। सबसे ज्यादा 28 प्रत्याशी घोसी और सबसे कम 4 प्रत्याशी कैसरगंज लोक सभा में हैं। सबसे देर से रिजल्ट गाजियाबाद में आयेगा। यहां 41 राउंड में मतगणना होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 75 जिलों में 81 सेंटर पर मतगणना होगी। पोस्टल बैलेट की गिनती जिला मुख्यालय के मतगणना केंद्र पर होगी। गिनती विधानसभा वार होगी। सभी विधानसभा के वोट जोड़कर लोकसभा का रिजल्ट घोषित किया जायेगा। सबसे पहले कानपुर का और सबसे बाद में गाजियाबाद में रिजल्ट आयेगा। गाजियाबाद में साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में 1127 पोलिंग सेंटर होने के कारण 41 राउंड में गिनती होगी।

# चुनाव परिणामों से पहले निवेशकों की बल्ले-बल्ले सेंसेक्स 2500 अंक उछला, निफ्टी 733 अंक चढ़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** एग्जिट पोल के अनुमानों के बाद शेयर बाजार ने रिकॉर्ड छलांग लगायी है। सोमवार को सेंसेक्स 2500 अंकों से अधिक की मजबूती हासिल करने में सफल रहा। दूसरी ओर, निफ्टी 23250 के पार पहुंच गया। बैंक निफ्टी पहली बार 50000 के आंकड़े को पार कर गया। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन रिकॉर्ड तेजी के बाद सेंसेक्स 2,507.47 (3.39%) अंक उछल कर 76,468.78 पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 733.21 (3.25%) अंक मजबूत होकर 23,263.90 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

सोमवार को रुपये में भी डॉलर के मुकाबले पिछले पांच महीनों यानी दिसंबर 2023 के बाद की सबसे बड़ी छलांग दिखी। रुपया सोमवार को 28 पैसे या 0.4% की बढ़त के साथ 83.1425 रुपये पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र के दौरान रुपया 82.9575 के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। सोमवार को सेंसेक्स के 30 शेयरों में 27 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। महज तीन शेयर ही लाल निशान पर बंद हुए। एग्जिट पोल में भाजपानीत राजग की भारी जीत की भविष्यवाणी के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 3 प्रतिशत से अधिक की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गये। एग्जिट पोल में भाजपा नीत राजग की भारी जीत का अनुमान लगाया गया है।

## प्रवासी मजदूर का शव गांव आते ही क्रंदन से दहला गांव

**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के फुरुका गांव के मजदूर युवक सागर ऊर्फ शंकर मेहता (30 वर्ष) पिता चंदर मेहता की मौत 31 मई की रात (मुंबई) महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के दापोली में हो गई। मृतक वहां पटरा सेट्रिंग मजदूर का काम करता था। परिजनों ने बताया कि उसकी तबियत 31 मई की शाम खराब हो जाने के वजह से काम से लौटने के बाद सो गया। करीब नौ बजे जब साथ में काम कर रहे अन्य मजदूर ने उठाया तो नही जगा, इसके बाद सागर को आनन फानन में अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आस- पास साथ रह रहे लोगो के सहयोग से शव को पैतृक गांव फुरुका लाया जा रहा है। पत्नी कंचन देवी, पुत्री स्वाति (10 वर्ष), पुत्र अंश (18 माह) माता रजिया देवी, पिता चंदर महतो समेत सभी परिवार के सद्स्यों के क्रंदन और चीत्कार से गांव में कोहराम मच गया। गांव के महिलाएं और पुरुष जो भी मृतक शंकर के घर आते सबकी नजर मृतक की पत्नी कंचन और उसके बच्चों की ओर जाता और सभी लोग पत्नी कंचन और बच्चों को ढांढस बंधाते और ईश्वर को कोसते। पिता के मुंह से कोई आवाज नही नीकल रहा था। यदि कुछ बोल रहे तो यही कि ईश्वर मुझे क्यों नही ले गये। सोमवार को फुरुका स्थित शमशाम घाट में अग्नि संस्कार कर दिया गया। मुखग्नि पिता ने दी।

# आठ बजे से शुरू होगी मतगणना, चाक-चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस प्रशासन अलर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** पूरे देश के साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए भी आज सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी। कड़ी सुरक्षा के बीच चुनाव आयोग के नियुक्त प्रेक्षक, निवार्ची पदाधिकारी और अभ्यर्थी या उनके एजेंट की उपस्थिति में ब्रज गृह को खोला जायेगा। मतगणनाकर्मी सुबह ही मतगणना केंद्रों पर पहुंच जायेंगे। उम्मीदवार एजेंट और मतगणना के लिए नियुक्त सरकारी कर्मी को निर्वाचन पदाधिकारी से निर्गत प्रवेश कार्ड साथ रखना होगा। तभी वह मतगणना केंद्र के हाल में जा सकते हैं। रिटर्निंग ऑफिसर के इजाजत के बिना मतगणना केंद्र में किसी भी अधिकारी और कर्मचारी को प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा।



किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति और फोटोग्राफर को बिना सक्षम अधिकारी की इजाजत के बिना एंट्री नहीं दी जायेगी।

**प्रवेश द्वार पर थ्री लेयर तैनात रहेंगे सुरक्षाकर्मी:** मतगणना को लेकर शांति और सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए मतगणना केंद्र बीएसएफ, सीआरपीएफ और जिला पुलिस सहित थ्री लेयर में सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे। प्रवेश द्वार पर दंडाधिकारी के साथ सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी के संभावना को देखते हुए सभी विधानसभा वार मतगणना केंद्र की वीडियोग्राफी भी करायी जायेगी। वही 360 डिग्री कवरेज करने वाले सीसीटीवी कैमरे भी लगाये जा रहे हैं। ताकि सभी एंगल से मतगणना केंद्र की निगरानी की जा सके। वहीं सुरक्षा के लिए विधानसभा वार पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में रहेगी। राष्ट्रीय उच्च पथ 33 पर हजारीबाग से नगवा तक बड़े वाहनों की प्रवेश की इजाजत नहीं होगी। रांची जमशेदपुर से आने वाले सभी वाहन बाईपास से गुजरेंगे। कोनार चौक और नगवा चौक पर शहर में बड़े वाहनों पर रोक रहेगी। वहीं अधिकारियों को भी निर्धारित जगहों पर सरकारी वाहनों को प्रवेश करने के लिए कहा गया है। इसके लिए आइटीआइ और श्रम विभाग के मैदान को चिन्हित किया गया है। इसके अलावा होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्र में भी पदाधिकारी के वाहनों के लिए सुरक्षित रखा गया है। होमगार्ड ऑफिस के पास से लेकर बाजार समिति मुख्य द्वार तक तीन जगह नाके बंदी की जायेगी। वही विश्वविद्यालय चौक के पास भी पुलिस नाकेबंदी रहेगी। ताकि कोई बड़ा और छोटा वाहन प्रवेश नहीं कर सके। स्वास्थ्य संबंधी किसी भी परेशानी से बचने के लिए मेडिकल टीम मौजूद रहेगी। अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस और किसी अनहोनी से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ियां उपलब्ध रहेगी। साथ ही सभी थाना में पुलिस अलर्ट मोड में रहेंगी।

## गरहाइ से डेबुआडीह तक सड़क कालीकरण में अनियमितता को लेकर भेजा पत्र



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने ग्रामीण कार्य विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्न खड़ा किया है। गरहाई बिरसा चौक से डेबुआडीह तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 185 मीटर सड़क के कालीकरण में पूरी तरह अनियमितता बरती गयी है। जिसके विरुद्ध स्थानीय लोगों द्वारा हस्ताक्षर युक्त आवेदन कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग को तारीख 28 मार्च 2024 को दिया जा चुका है। इस सड़क के कालीकरण में एक लेयर पत्थर डस्ट डालकर कमजोर छर्री से सड़क बनायी गयी है जो दो महीने भी चल जाये तो बहुत है। बिना विभाग की निगरानी और एस्टीमेट से परे कार्य का किया जाना निश्चित रूप से भारी कमीशन लेने की पुष्टि करता है। इस तरह देखा जाये तो कोडरमा जिले में जो भी निर्माण कार्य किये जा रहे हैं वह गुणवत्ता से पूरी तरह परे हैं। बसंत ने इस विषय से उपयुक्त, कार्यपालक अभियंता के साथ ही मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए किये गये सड़क के कालीकरण की जांच कर संवेदक के साथ ही कार्यपालक अभियंता पर नियम संगत कार्रवाई की मांग की है।

## हाथी ने पैक्स भवन को किया क्षतिग्रस्त



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** हाथियों से झुंड से एक हाथी विछड़ गया है जो प्रतिदिन कभी दारू प्रखंड तो कभी टाटीझरिया प्रखंड में घुमता नजर आता है। हाथी के द्वारा खैरा पंचायत के पैक्स भवन जो बेडमक्का में स्थित है उसका मुख्य दरवाजा को तोडने का प्रयास किया लेकिन वह हाथी असफल हुआ। मुख्य गेट का पिलर टुट गया है जो दरवाजा पर लटका है। पैक्स अध्यक्ष राजेश रंजन ने इसकी जानकारी विभाग के अधिकारियों को दिया। वहीं हाथी को सोमवार सुबह को भराजो पंचायत के करम्बा मांझी टोला के जंगल में देखने को मिला था।

## हरली में दो लोग गौ तस्करी में गिरफ्तार



**दारू/ हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हरली गांव में सोमवार को पुलिस ने गौ तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कवालु निवासी सराज अंसारी पिता मोहमद हुसैन और दुसरा हरली निवासी समसूदीन मिया पिता मदी मिया बताया गया। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए इन दोनों आरोपियों को पकड़ा। थाना प्रभारी सफीक खान ने कहा कि गुप्त सूचना मिली थी कि दो आरोपी हरली से गौ वंश को अन्यत्र ले जा रहे है। सूचना पाते ही घटना स्थल पर पहुंचा तो तलाशी के दौरान नौ मवेशी जिसमें तीन गाय, एक बछिया, पांच बछड़ा और तस्करी में उपयोग की जा रही वाहन JH 01BE 8037 को बरामद किया। उसके बाद सभी मवेशियों को जिम्मेनामा पर ग्राम वासियों को सौप दिया गया और दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं और गौ संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस तस्करी के इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश में जुट गयी है।

# अग्निवीर की लिखित परीक्षा में पांच युवा सफल

**युवाओं की निःशुल्क पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ शारीरिक प्रशिक्षण की भी है व्यवस्था**



आजाद सिपाही संवाददाता


**बड़कागांव।** गोंदलपुरा कोल खनन परियोजना के तहत सेना और राज्य पुलिस की भर्ती की तैयारी कर रहे पांच युवाओं ने अग्निवीर की लिखित परीक्षा में सफलता हासिल की है। पहले बैच से ही पांच अभ्यर्थियों की सफलता से अन्य युवा भी काफी उत्साहित हैं। पहले बैच के तहत कुल नौ छात्र इस लिखित परीक्षा में शामिल हुए थे। सफल छात्रों में संजय राज, राजू यादव, भानु प्रताप, राजदीप कुमार और सुशांत शर्मा शामिल हैं। अडाणी फाउंडेशन ने युवाओं की निःशुल्क पढ़ाई- लिखाई के साथ-साथ शारीरिक प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की है। इस पहल के तहत अडाणी फाउंडेशन के विशेषज्ञ शिक्षक और शारीरिक प्रशिक्षक लगातार बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस तैयारी में युवाओं को गणित, तर्कबुद्धि, हिंदी और सामान्य ज्ञान पढ़ाया जा रहा है। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह की कक्षाओं में मॉक अभ्यास के लिए टेस्ट लिए जाते हैं। इसके अलावा इन्हें ट्रैक शूट, टी शर्ट और जूते भी उपलब्ध कराये गये हैं। शारीरिक प्रशिक्षक के दौरान इनके पोषण का भी ख्याल रखा जा रहा है। अग्निवीर की परीक्षा के अलावा फरवरी माह में हुए शार्ट सर्विस कमीशन, एसएससी जीडी की कंप्यूटर आधारित परीक्षा में भी 11 छात्र शामिल हुए हैं, जिनका रिजल्ट जल्द ही आने वाला है। इन परीक्षाओं में पूरी तरह से सफल होने के बाद छात्र भारतीय सेना, पैरामिलिट्री, अग्निवीर, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पुलिस समेत अन्य नौकरियों के लिए होने वाली परीक्षाओं में भी हिस्सा ले पायेंगे। पिछले दिनों बड़कागांव हाई स्कूल मैदान में अभ्यर्थियों के चयन के लिए कैंप का आयोजन किया गया था, जिसमें हरली, गाली, बलोदर, सुकुल खपिया, साढ़, शिवाडीह, ढेंगा और महुगाई कला के 160 युवाओं ने हिस्सा लिया था। इसमें अंतिम रूप से चयनित छात्रों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अडाणी फाउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न इलाकों में लगातार निःशुल्क मेडिकल कैंप और नेत्र जांच शिविर लगाये जा रहे हैं। ग्रामीणों के इलाज के साथ-साथ उन्हें आवश्यक दवाईयां और चश्मे प्रदान दिये जाते हैं। इसके अलावा हरली हाई स्कूल में विज्ञान और गणित विषय के शिक्षक भी नियुक्त किया गया है, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। अडाणी फाउंडेशन लगातार सामाजिक कार्यों में नयी पहल कर रहा है। उक्त आशय की जानकारी अडाणी इंटरप्राइजेज के पिआरो अनिमेष नचिकेता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

## नदी में चुआं बनाकर गंदा पानी पीने को मजबूर हैं गोरहर के लोग



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के गोरहर पंचायत अंतर्गत आदिवासी बहुल गांव बंधुआडीह आजादी के दशकों बीत जाने के बावजूद आज तक विकास की किरण नहीं पहुंच पायी है। 250 आबादी वाले इस गांव के लोग नदी में चुंवा बनाकर गंदे पानी-पीने को मजबूर हैं। इस गांव में न ही कोई चापाकल कुंआ और न ही सरकार की महत्वकांक्षी योजना नल-जल योजना पहुंच पायी है। ग्रामीणों के मुताबिक चुनाव में बड़े-बड़े वादे करने वाले नेता सिर्फ चुनाव में अपनी झलकियां दिखा कर जाते हैं और आज तक हम ग्रामीणों की समस्यायों को कोई सुध नहीं लेते हैं। सूचना मिलने पर समाजसेवी व जिप सदस्य प्रतिनिधि सी के पांडेय, छोटन कोल, वार्ड सदस्य कुंजलाल महतो आदि लोगों ने ग्रामीणों की समस्यायों को देखा और अधिकारियों से बात कर अतिशीघ्र पेयजल व्यवस्था की मांग की जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने कहा कि जल्द पेयजल की व्यवस्था नहीं हुई तो सड़क पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राहुल कुमार सिंह को हैदराबाद में मिला सम्मान




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हैदराबाद में स्थित एआइजी फेलोशिप होस्पिटल में आयोजित दीक्षांत समारोह में हजारीबाग सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राहुल कुमार सिंह को पुरस्कृत कर विशेष सम्मान मिला। एआइजी फेलोशिप होस्पिटल के अध्यक्ष डॉ डी नागेश्वर रेड्डी हाथों प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित होने का गौरव प्राप्त किया। साथ ही उनकी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कर जमकर चिकित्सा के क्षेत्र में अमुल्य योगदान देने के लिए सरहाना मिला। एआइजी फेलोशिप होस्पिटल में बारह महीने की उन्नत रोग प्रबंधन फेलोशिप सफलतापूर्वक पूरी की। चिकित्सक डॉ राहुल कुमार सिंह हजारीबाग सदर अस्पताल में चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित हैं। वे मूलतः चतरा जिले के मयूरहंड प्रखण्ड स्थित नरचाही ग्राम के रहने वाले है। चिकित्सक डॉ राहुल कुमार सिंह ने चिकित्सक रिम्स से पूरी की। बतौर सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में डॉ राहुल कुमार सिंह सेवाएं दे रहे हैं।

# ट्रेन से 15 किलो गांजा बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** जीआरपी ने सोमवार कि अहले सुबह सियालदह अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन से लाखों रुपये का गांजा बरामद किया है। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपया बतायी गयी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए रेल थाना प्रभारी उपेंद्र पासवान ने बताया कि उनके नेतृत्व में स्टेशन पर गश्ती की जा रही थी। इस बीच सुबह 5:00 बजे जब प्लेटफार्म संख्या चार पर सियालदह अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन आकर रुकी तो जीआरपी को ट्रेन चेकिंग के दौरान दिव्यांग बोगी के शौचालय के निकट रखें एक ट्रॉली बैग लावारिस हाल में मिली। ट्रॉली बैग के संबंध में जब जीआरपी ने ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों से पूछताछ की तो कोई भी यात्री उस ट्रॉली बाग के लिए हामी नहीं भरी। बाद में जीआरपी ने लावारिस पड़े उस बैग को अपने कब्जे में लेकर तलाशी ली तो सबकी आंखें फटी की फटी रह गयी। ट्रॉली बैग में में 15 पैकेट गांजा पाया गया। जिसे बरामद कर लिया गया। इस प्रकार रेल पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। रेल पुलिस ने अब एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्ती सूची बनाते हुए आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए रेल पुलिस के वरीय पदाधिकारी से संपर्क साधा है। बता दे हाल के दिनों में जिस तरह शराब के साथ-साथ ट्रेन से गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ की तस्करी की रफ्तार बढ़ गयी है। निश्चित रूप से तस्करों के लिए कोडरमा स्टेशन एक सेफ जोन बनता जा रहा है। गांजा बरामदगी के दौरान आरपीएफ के उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार, प्रधान आरक्षी शशि कुमार, आरक्षी आनंद कुमार सिंह सहित कई जवान मौजूद थे।

## डीडीसी ने अबुआ आवास योजना की समीक्षा की

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभा कक्ष में मनरेगा और अबुआ आवास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक डीडीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में सोमवार को की गयी। डीडीसी ने कहा कि अबुआ आवास के लाभुकों का दूसरी किस्त के भुगतान के लिए जाति प्रमाण पत्र और अन्य कागजात अति आवश्यक है। ऐसे में कैंप लगाकर कागजातों को दुरुस्त करवा लें। बैठक में मनरेगा योजना, आंगनबाड़ी, खेल मैदान, बागवानी योजनाओं में गड्ढे की खुदाई पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। पुरानी योजनाओं को पूर्ण करने के लिए एक सप्ताह के अंदर सभी ग्राम रोजगार सेवक और पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया। पूर्व के वर्षों से लंबित खेल मैदान का भी निरीक्षण कर पूर्ण करने का निर्देश दिया। अबुआ आवास के लाभुकों का शत प्रतिशत मास्टर रोल निर्गत करने को कहा गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना एवं अन्य आवास योजनाओं का भी निरीक्षण कर पूर्ण करने को कहा गया।

## टीवी मरीजों के बीच बांटे गये पोषण किट



**इचाक (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इचाक में सोमवार को प्रखंड के चिन्हित 60 टीवी मरीजों में से 6 लोगों को गोद लेकर उन्हें पोषण किट दिया। गोद लेने वाले पदाधिकारी और स्वास्थ्यकर्मी छह माह तक निजी खर्च से मरीजों को पोषण किट देंगे। जिन लोगों ने गोद लिया है उसमे प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर ओमप्रकाश दो मरीज, बीपीएम अनीता तिर्की एक मरीज, लेखा प्रबंधक रत्नेश कुमार सिंह एक मरीज, स्वास्थ्य मैनेजर मनीष कुमार सिंह एक मरीज और सीएचओ पार्थव घोष ने एक मरीज को गोद लिया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ओमप्रकाश ने कहा कि प्रखंड के चिन्हित 60 टीवी मरीजों को सरकार की ओर से प्रत्येक माह 500 रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में और मुफ्त में दवाइयां दी जाती है। अन्य मरीजों को भी गोद लेने की आवश्यकता है ताकि उनका स्वास्थ्य ठीक रहे। मौके पर मलेरिया टेक्नीशियन संत कुमार, फार्मा रमेश कुमार, एसटीएस टीबी सौरव कुमार, अनवरी बेगम, डब्ल्यू एचओ के मॉनिटर, एल टी आनंद कुमार के अलावा एएनएम, बीटीटी, सहिया साथी मौजूद थे।

## महुदी में मनाया गया परिवार कल्याण दिवस



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के कांडतरी क्लस्टर अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र महुदी हरिजन टोला में परिवार कल्याण दिवस मनाने को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सहिया साथी आशिया खातून की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कांडतरी क्लस्टर की सहिया साथी आशिया खातून ने कहा कि परिवार को सीमित रखें। लड़कियों का विवाह 21 वर्ष के बाद करें और विवाह के 2 वर्ष बाद पहला बच्चा और फिर 3 वर्ष तक परिवार नियोजन का साधन अपनाएं और 3 वर्ष बाद दूसरे बच्चा को जन्म दें। वहीं दूसरे बच्चा के जन्म के बाद महिला बंध्याकरण या पुरुष नसबंदी करवाएं। कांडतरी क्लस्टर अंतर्गत पोषक क्षेत्र के जिन-जिन महिलाओं ने परिवार स्वास्थ्य नियोजन संबंधित नियम व शर्तों का पालन किया उन्हें स्वास्थ्य विभाग द्वारा सहिया साथी आशिया खातून के हाथों पुरस्कार देकर पुरस्कृत कर 7 महिलाओं को सम्मानित किया गया। अब तक कांडतरी क्लस्टर अंतर्गत लगभग कुल 60 से 70 महिलाओं को पुरस्कृत किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहिया साथी आशिया खातून, सहिया नाजनी खातून और मोनिका देवी, निर्मला देवी, सुनीता देवी, वाजद खातून, माजदा खातून, अंजीता कुमारी, पार्वती देवी, मोहिनी देवी, रजनी देवी, सुमन देवी और किरण देवी उपस्थित थे।

## झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन 10 को उरीमारी में

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन दिनांक 10 जून 24 को पार्टी कार्यालय उरीमारी चेक पोस्ट के पास किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी बड़कागांव प्रखंड झामुमो अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने 23 पंचायत के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष उपसचिव, उपाध्यक्ष सदस्यगण और को कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित होने का अपील किया है। विधानसभा स्तरीय बैठक में पार्टी संगठन की मजबूती व आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अहम विचार विमर्श किया जायेगा।


# दो सड़क हादसों में 15 लोग घायल, चार गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** जिले में हुए दो सड़क हादसों में 15 लोग घायल हो गये, जिनमें चार की स्थिति गंभीर है। सोमवार की सुबह डोमचांच थाना क्षेत्र के कोठियाराबर में बोलेरो और सवारी गाड़ी की जोरदार टक्कर मे दोनों गाड़ी में सवार 13 लोग घायल हो गये। घायलों में चंचला देवी (35, पति विनोद सोनार, ग्राम डोरंडा), बबीता देवी (25, पति टुकलाल सिंह ग्राम सपही), चतुर्भुज स्वर्णकार (72, ग्राम डोरंडा), चिंता देवी (50, पति चंद्रा सिंह ग्राम सपही), मिथिलेश कुमार सोनी (24, पिता जगदेव स्वर्णकार ग्राम डोरंडा), रूपाली कुमारी (2, पिता टुकलाल सिंह ग्राम सपही), गणेश सिंह (32, पिता बासो सिंह ग्राम सपही), फूलदेव कुमार सोनी (23, पिता स्व लीलो स्वर्णकार ग्राम डोरंडा), साबो देवी (30 पति गणेश सिंह ग्राम सपही), रामदेव सिंह (40, पिता सोमर सिंह ग्राम सपही), किरण देवी (25, पति मुन्ना सिंह ग्राम सपही), मुन्नी देवी (42,पति राजेश सिंह, सपही), गीता देवी (30 पति सिकेंद्र सिंह, सपही) के रूप मे हुई है। इनमें चार की स्थिति गंभीर है, वहीं कुछ लोगों को हल्की-फुलकी चोट लगी है। जानकारी के अनुसार सवारी गाड़ी मे एक ही परिवार के लोग सपही से सवार होकर झारखंडी धाम पूजा करने जा रहे थे। कोठियाराबार के समीप विरीत दिशा से आ रहे बोलेरो की टक्कर हो जाने से दोनों गाड़ी पलट गयी और दोनों गाड़ी के परखच्चे उड़ गये। ग्रामीणों की मदद और 108 एम्बुलेंस से सभी को कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है। वहीं एक अन्य घटना में कोडरमा घाटी मे बीती रात अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से कार सवार दो लोग घायल हो गये। घायलों की पहचान मुन्ना कुमार बेलदार (47, पिता रामप्रसाद बेलदार ग्राम चंदकिया, धनबाद), अरविंद चौहान (36, पिता शिवम चौहान, बोकारो) को रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार वे स्विफ्ट डिजायर से बोकारो से पहाड़पुर जा रहे थे। कोडरमा घाटी में एक अज्ञात वाहन की टक्कर हो जाने से स्विफ्ट डिजायर पर सवार दो लोग घायल हो गये। कोडरमा पुलिस को सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंच कर एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर बैठक



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा सभागार में सोमवार को फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 2024 के तहत आगामी तीन जून और सात जून को बरकट्ठा अंतर्गत साव टोला और गंगपाचो में आयोजित होने वाले रात्रि रक्त पट्ट संग्रह को लेकर प्रखंड प्रमुख रेणु देवी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। इस निमित कई पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया और निर्णय लिए गये। कार्यक्रम के तहत 21 वर्ष हो चुके लोगों द्वारा रक्त पट संग्रह किया जायेगा। वहीं बैठक में चर्चा की गयी कि यह कोई जरूरी नहीं की जो व्यक्ति फाइलेरिया रोग से ग्रसित है उसी को जांच करवाना है। यह जांच सभी आम व्यक्तियों को करवाना है। क्योंकि यह एक सर्वे कार्यक्रम है जिसमें सभी व्यक्तियों को रक्त पट संग्रह कर उसके खून में मौजूद माइक्रो फाइलेरिया पैरासाइट की जांच की जानी है। क्योंकि फाइलेरिया रोग के लक्षण व्यक्तियों में तुरंत दिखाई नहीं देते हैं। अगर व्यक्ति के खून में फाइलेरिया के पैरासाइट इंजेक्ट होता है तो कई वर्षों के पश्चात ही उनमें इस रोग के लक्षण दिखाई पड़ते हैं और ग्रामीण फाइलेरिया रोग से ग्रसित न हो इसके लिए नाइट ब्लड सर्वे और एमडीए कार्यक्रम का आयोजन प्रतिवर्ष प्रखंड में आयोजित होता है। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर रत्ना रानी कुंज, बीपीएम रंजीत कुमार सिंह, बीएएम भाविश कुमार, बीडीएम सत्यनारायण कुमार समेत अन्य चिकित्सा कर्मी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 04 जून, 2024
www.azadsipahi.in
05

# हत्या-डकैती कांड का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

## बहू की बहन ने रची साजिश, उसके पति ने साथियों के साथ मिल कर सुशीला देवी की हत्या की

कुमारी स्नेहा, पति आरिफ नैयर उर्फ आर्या और हत्यारा अफसर अली हुआ गिरफ्तार, दो फरार

29 मई को भी हत्या करने पहुंची थी पूरी टीम, चितरपुर में रुके दंपति: एसपी

महज 72 घंटे में खुलासा

बीरु कुमार

**रामगढ़।** आर्थिक तंगी ने रामगढ़ में रिश्तों का गला घोट दिया। पैसों की भूख ने अपनी ही बहन की सांस को चाकू से गोद कर मार दिया। इसका खुलासा होते ही शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। कत्ल के बाद एसपी की कार्रवाई ने रहस्य से पर्दा उठा दिया। जिसके बाद शहर वसियों ने राहत की सांस ली। घटना के बाद शहर के लोग काफी डरे सहमे थे। लेकिन घटना का उद्भेदन होते ही राहत की सांस ली है। साथ ही एसपी डॉ बिमल कुमार और उनकी पूरी टीम का आभार प्रकट किया है।

**पहचान होते ही पकड़े गये स्नेहा और आरिफ :** एसपी ने बताया कि एसआइटी में शामिल अधिकारियों ने पहचान होने के चंद घंटे में ही स्नेहा और आरिफ को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद जब उनसे पूछताछ शुरू हुई तो उन लोगों ने बताया कि इस वारदात में उनके साथ तीन अन्य लोग और भी शामिल थे। वे सभी रामगढ़ जिले के ही हैं। उनकी निशानदेही पर रजरप्पा थाना क्षेत्र के रहमत नगर चितरपुर निवासी अकबर अली के 21 वर्षीय बेटे अफसर अली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हालांकि अभी तक दो अन्य अपराधी फरार हैं। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी कर ली जायेगी।

**पुलिस ने बरामद किया कांड में शामिल हथियार व कपड़े:** पुलिस ने सुशीला देवी हत्याकांड में शामिल हथियार भी बरामद कर लिए हैं। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों की निशान देही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू, लूटे गये जेवर, घटना में इस्तेमाल किये गये इंडिगो कार और स्कूटी, सीसीटीवी का डीवीआर भी बरामद कर लिया गया है। साथ ही घटना के दौरान जो कपड़े अपराधियों ने पहने थे, वह भी बरामद कर लिए गये हैं।

**नहीं कर पाये हत्या तो चितरपुर में अफसर के यहां रुक गये स्नेहा और आरिफ :** कुमारी स्नेहा उर्फ रिंकी और उसके पति आरिफ नैयर उर्फ आर्या रांची जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत हिंदपीढ़ी के रहने वाले हैं। उन लोगों की मंसा सिर्फ सुशीला देवी की हत्या करने के नहीं थी। उनका प्लान अशर्फी प्रसाद के पूरे परिवार को खत्म करना था। उन्हें इस बात की पक्की खबर थी कि रामगढ़ में उसकी बहन विद्या उर्फ तनु के घर पर सास, ससुर और एक नतनी रहते हैं। यही वजह थी कि स्नेहा ने लूट और हत्या की वारदात को अंजाम देने के लिए एक बड़ी टीम बनाई। जिसमें कुल पांच लोग शामिल थे। आरिफ ने सबसे पहले उसके घर में पहले काम कर चुके चितरपुर निवासी अफसर अली को इस कांड में शामिल किया। इसके बाद दो अन्य अपराधियों को भी पैसे का प्रलोभन देकर टीम बना ली। उन्हें पता था कि जब वे लूटपाट की घटना को अंजाम देंगे तो लगभग तीन व्यक्ति तो घर में मौजूद रहेंगे ही। उन सभी को मौत के घाट उतारने के लिए उनके पास पर्याप्त लोग रहने चाहिए।

**घर में नौकरानी के आने और जाने का समय भी था उन्हें मालूम :** एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि अशर्फी प्रसाद के घर में रहने वाले सदस्यों के साथ-साथ उनके यहां काम करने वाली नौकरानी के आने-जाने का समय भी अपराधियों को मालूम था। स्नेहा और आरिफ ने पूरी होमवर्क की थी। वे लोग पिछले कई महीने से अशर्फी प्रसाद के घर की जानकारी जुटा रहे थे। उन्हें पक्का पता चल गया कि नौकरानी सुबह 8:30 बजे घर से निकल जाती है। उसके बाद घर में फिर किसी और का आना जाना नहीं रहता है। इसलिए उन लोगों ने सुबह 9:00 बजे का समय घटना को अंजाम देने के लिए चुना था।

**29 मई को भी हत्या करने पहुंची थी पूरी टीम, चितरपुर में रुके दंपति :** पुलिस की पूछताछ में स्नेहा और आरिफ ने यह बताया कि 29 मई को हत्या करने का पहला प्रयास किया गया था। उस दिन वे लोग अपनी इंडिगो कार जेएच 01 बीयू 4123 से सिकीदरी घाटी होते हुए गोला और चितरपुर के रास्ते रामगढ़ पहुंचे। इस दौरान एक बिना नंबर की स्कूटी पर सवार होकर अफसर अली और दो अन्य अपराधी भी विद्यानगर पहुंचे। उन लोगों ने आसपास निगाहें दौड़ाई और घर का माहौल भी जानने की कोशिश की। लेकिन घर में बच्चों की रोने की आवाज के साथ-साथ कई अन्य लोगों की आवाज भी उन्हें सुनाई दी। इसकी वजह से उन लोगों ने वारदात के समय को बदल दिया। हालांकि उस दिन कई घंटे अशर्फी प्रसाद के घर से थोड़ी दूर पर स्नेहा और आरिफ ने इंतजार किया। लेकिन उनका प्लान उस दिन सफल नहीं हुआ। रामगढ़ से निकलने के बाद वे लोग रांची ना जाकर हत्याकांड में शामिल अफसर अली के घर चितरपुर में ही रुके।

**रांची के डोरंडा से खरीदी गयी थी तीन चाकू :** पूछताछ के दौरान स्नेहा और आरिफ ने पुलिस को बताया कि वे लोग लूटपाट और मर्डर के लिए पूरा प्लान तैयार कर चुके थे। उन्हें उम्मीद थी कि घर में कम से कम तीन लोग होंगे, तो उन्हें मारने के लिए तीन चाकू भी चाहिए। रांची के हिंदपीढ़ी से निकलकर आरिफ डोरंडा इलाके में गया और वहीं से तीन चाकू भी खरीदा था। इसके अलावा वारदात को अंजाम देने के लिए अन्य सामान भी उसने वहीं से जुटाए थे। उन्हें मालूम था कि घर में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। इसलिए वे लोग वारदात को अंजाम देने के बाद उसका सीसीटीवी का डीवीआर भी अपने साथ ले गये थे। इस दौरान साक्ष्य को मिटाने के लिए उन लोगों ने घर में आग भी लगा दी थी। लेकिन उनका यह प्लान पूरी तरीके से फेल हो गया।

**टीम में ये थे शामिल**

एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, प्रशिक्षु डीएसपी फौजान अहमद, रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अजय कुमार साहू, रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय, इंस्पेक्टर सतेंद्र कुमार सिंह, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, बरकाकाना ओपी प्रभारी मो अख्तर अली, महिला थाना प्रभारी श्वेता कुजूर, सब इंस्पेक्टर आशुतोष सिंह, मो नौशाद, ओमकार पाल, एएसआई सुजीत कुमार सिंह, तकनीकी शाखा, सहित रामगढ़, रजरप्पा, बासल एवं बरकाकाना ओपी के सशस्त्र



### आर्थिक तंगी और पुरानी रंजिश की वजह से हुई हत्या

एसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान स्नेहा और आरिफ ने इस हत्याकांड के पीछे की भी सारी कहानी बतायी। उन लोगों ने बताया कि रांची में एक बेहतर लाइफ स्टाइल जीने के लिए उन लोगों ने पिछले कई वर्षों में कई काम किये। कपड़े की दुकान, होटल, रेस्टोरेंट और सैलून तक उन लोगों ने खोला। लेकिन कोई भी काम सफल नहीं रहा। जिसकी वजह से उनके ऊपर भारी कर्ज हो गया और वह दोनों आर्थिक तंगी से जूझने लगे। 2022 में स्नेहा ने आरिफ नैयर के साथ कानूनी रूप से शादी कर ली, तो उनके पिता और परिवार के अन्य लोगों ने भी उनसे दूरी बना ली। जब कर्जदारों का तगादा ज्यादा होने लगा तो किसी भी कीमत पर मोटी रकम हासिल करने का प्लान स्नेहा और आरिफ ने तैयार कर लिया। स्नेहा ने अपने पति को यह बताया कि उसकी बहन तनु की शादी रामगढ़ में ही हुई है। हाल ही में उन्होंने करोड़ों रुपये की लागत से शहर में मकान बनवाया है। उसे उम्मीद थी कि अशर्फी प्रसाद के घर पर लाखों रुपये कैश और जेवर मौजूद होंगे। अगर वह उसे लूटने में सफल होते हैं तो उनकी सारी तकलीफें दूर हो जायेगी। इस दौरान स्नेहा को अपनी बहन तनु और अपने मायके के लोगों से भी काफी रंजिश थी। क्योंकि उनलोगों ने स्नेहा के साथ संबंध तोड़ लिए थे। इन सभी को सबक सिखाने के लिए स्नेहा ने अपना शातिर दिमाग चलाया।

### आर्थिक तंगी ने कराया रिश्तों का कत्ल

शहर के छोटकी मुर्राम के विद्यानगर मोहल्ले में 60 वर्षीया सुशीला देवी की हत्याकांड मामले में रामगढ़ पुलिस ने पर्दा उठा दी है। घटना की वारदात सुशीला देवी की बहू तनु की बड़ी बहन स्नेहा और उसका पति आरिफ नैयर उर्फ आर्या ने इस पूरी घटना को अंजाम दिया। इन लोगों ने तीन अन्य शातिर अपराधियों के साथ मिलकर हत्या और लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले की जानकारी सोमवार को रामगढ़ एसपी डॉ बिमल कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में दी है। उन्होंने बताया है कि कुमारी स्नेहा उर्फ रिंकी ने अपने पति आरिफ नैयर उर्फ आर्या के साथ मिलकर लूट और हत्या की योजना बनाई। इसके लिए अपनी बहन विद्या उर्फ तनु का घर ही चुना। उन्हें उम्मीद थी कि अशर्फी प्रसाद के घर से उन्हें लाखों रुपये की संपत्ति हाथ लगेगी। जिससे उनकी आर्थिक तंगी खत्म हो जायेगी।

### स्नेहा के पिता ने की पहचान

एसपी डॉ बिमल कुमार ने इस वारदात के उद्भेदन के लिए एसआइटी का गठन किया था। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज निकाले और परिवार वालों को दिखाया। पहली नजर में तो अशर्फी प्रसाद और उनके परिवार के सभी सदस्यों ने सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए संदिग्ध लोगों की पहचान करने से इनकार कर दिया। लेकिन जब अशर्फी प्रसाद के समधी रामगढ़ पहुंचे तो उन्हें भी वीडियो फुटेज दिखाया गया। उन्होंने ही अपनी बेटी कुमारी स्नेहा उर्फ रिंकी और दामाद आरिफ की पहचान की।

CCL सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
Fuelling Sustainable Growth

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

## उर्दू छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मान समारोह 23 जून को



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** अंजुमन फरोग ए उर्दू रामगढ़ जिला इकाई की एक बैठक 3 जून को चितरपुर हाई स्कूल के पास एसएएम इंस्टीट्यूट मेन रोड चितरपुर में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता कार्यक्रम के समन्वयक मोअज्जम अली सिद्दीकी ने की और संचालन का कार्य इब्राहिम अहमद ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अंजुमन फरोग ए उर्दू उत्तरी छोटानागपुर के प्रभारी डॉ शाहनवाज खान शामिल हुए। डॉ शाहनवाज खान ने कहा कि उर्दू भाषा के अस्तित्व और विकास के लिए व्यावहारिक कदम उठाने की जरूरत है। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष मैट्रिक, इंटरमीडिएट और स्नातक परीक्षा में उर्दू पेपर में उत्कृष्ट अंक लाने वाले रामगढ़ जिले के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए 23 जून को अंजुमन फरोग ए उर्दू रामगढ़ इकाई और चितरपुर कॉलेज, चितरपुर के उर्दू विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। बैठक में नजीर अहमद, नसीम अख्तर, मुहम्मद रफीकुल्लाह, सताऊल्लाह अंसारी, मुहम्मद याकूब अंसारी, सोहेल अंसारी, तौसीफ आलम, इकबाल अहमद, आदिल अंसारी, मो इरशाद अंसारी, आफताब आलम, मुहम्मद इमरान, मुहम्मद जमील, फिरोज आलम आदि मौजूद थे।

## तिलैया में मंडा पर्व धूमधाम से मना



**कुजू (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के तिलैया में शिव मंडा पूजा समिति के सौजन्य से सोमवार को मंडा पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस सांसद प्रत्याशी जेपी पटेल और विशिष्ट अतिथि नप उपाध्यक्ष मनोज महतो, आजसू नेता तिवारी महतो, भुनेश्वर महतो भुन्नू एवं वार्ड पार्षद हेमनी देवी शामिल रहे। मौके पर आगत अतिथियों ने कहा कि मंडा पूजा हमारे पूर्वज प्राचीन समय से मनाते आ रहे हैं। यह पर्व खुशहाली और बेहतर फसल कि कामना के लिए मनाया जाता है। साथ ही, लोग अपने खुशहाली और तरक्की कि कामना के लिए करते है। इससे पूर्व, रात्रि में शिव भक्तों ने लोटन सेवा का अनुष्ठान संपन्न किया। तत्पश्चात छऊ नृत्य में कलाकारों ने विभिन्न पौराणिक कथाओं पर करतब पेश कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इधर, सुबह में अग्नि देव की पूजा के उपरांत फूलखुंदी समेत वनस झूला झूलकर भक्तों ने अपनी शिव भक्ति का परिचय दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आयोजन समिति के लोग शामिल रहे। इधर, सांसद प्रत्याशी जेपी पटेल ने प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना में विधिवत पूजा -अर्चना किया। साथ ही, क्षेत्रवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। मौके पर नीरज झा, रामावतार महतो, प्रो जगेश्वर महतो शामिल रहे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**गोला (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ बोकारो मुख्य मार्ग के गोला पॉलिटेक्निक कॉलेज मोड़ के समीप कार की चपेट में आकर बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी। बताया गया कि गोला थाना क्षेत्र के सोसोकला गांव निवासी मोहम्मद जहांगीर अंसारी उर्फ नेपाली उर्फ मस्तान बाइक पर सवार होकर रामगढ़ से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान उक्त स्थल पर एक अल्टो कार ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। हालांकि थाना प्रभारी हरिपद टुडू व स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वे अपने पीछे पत्नी सहित एक पुत्र व तीन पुत्री को छोड़ गया है। उसकी मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# चतरा लोकसभा क्षेत्र के 22 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज

चतरा महाविद्यालय में सुबह 8 बजे से होगी वोटों की गिनती, सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी,

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के पांचवें चरण में बीते 20 मई को हुए चतरा लोकसभा क्षेत्र के चुनाव के वोटों की गिनती 4 जून को चतरा कॉलेज चतरा में की जायेगी। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गयी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा रमेश घोलप चतरा कॉलेज चतरा में मतगणना के लिए की गयी तैयारियों का निरीक्षण किया। इसी क्रम में बज्र गृह, और चतरा, सिमरिया, मनिका, पांकी, लातेहार विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कक्ष का निरीक्षण किया। साथ ही मौके पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी समेत अन्य तैयारियों की विस्तृत जानकारी लिया। उपायुक्त ने मतगणना के दिन किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण कर लेने, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था, साफ सफाई को लेकर भी संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा को ध्यान में रखकर निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में इलेक्ट्रिक डिवाइस, नशीले पदार्थ, अवैध सामग्री के साथ किसी की भी एंट्री न हो इसका खास ख्याल रखने और बिना पहचान पत्र के मतगणना परिसर में बिल्कुल ही किसी को प्रवेश नहीं करने का निर्देश दिया है। उक्त मौके पर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे। मतगणना का कार्य संपन्न कराने के लिए विधानसभा वार पांच विधानसभा क्षेत्र के लिए पांच अलग-अलग कमरे में 18-18 टेबल लगाये गये हैं। जिसमें सिमरिया विधानसभा क्षेत्र का मतगणना 24 राउंड, चतरा का 27, मनिका का 18, लातेहार का 20 और पांकी विधानसभा का मतगणना 19 राउंड में पूरा किया जायेगा।



### 1076352 मतदाताओं ने किया भाग्य का फैसला

चतरा लोकसभा क्षेत्र के 1899 मतदान केंद्रों में कुल 16, 89,926 मतदाताओं में 1076352 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 5,12,859 पुरुष एवं 5,63,493 महिलाओं ने चुनाव मैदान में खड़े 22 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला किया है। जिसमें काली चरण सिंह भाजपा, कृष्णानंद त्रिपाठी कांग्रेस, नागमणि बहुजन समाज पार्टी, अर्जुन कुमार कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, कर्मलाल उराव पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक), कामदेव डिहो राणा राष्ट्रीय जन उत्कर्ष पार्टी, दर्शन गंझु झारखंड पार्टी, दुलेश्वर साव भारतीय जवान किसान पार्टी, विमल लकड़ा आंबेडकर राईट पार्टी ऑफ इंडिया, महेश बाण्डो बहुजन मुक्ति पार्टी, लव कुमार पंडित भागीदारी पार्टी (पी, संजय कुमार स्नेही लोकहित अधिकार पार्टी, सुमित कुमार यादव समता पार्टी के अलावा निर्दलीय प्रत्याशियों में। मो अबुजर खां, डॉ अभिषेक कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, अर्जुन प्रजापति, चंदन कुमार, दीपक कुमार गुप्ता, योगेश कुमार सिंह, विक्रांत कुमार सिंह, श्रीराम सिंह शामिल हैं।

## नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ का समापन



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पाण्डेयपुरा में आयोजित नौ दिवसीय रूद्र महायज्ञ का समापन सोमवार को हवन और विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गया। अयोध्या से आये श्री श्री 108 श्री श्याम सुंदर दास जी और अन्य साधु महात्माओं द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ-साथ विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ पूणार्हुति दी गयी। इस क्रम में श्रद्धालुओं के यज्ञोपरांत विभिन्न देवी देवताओं का अह्वान किया गया। हवन कार्यक्रम में प्रखंड के अलावा अन्य जिले से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। नौ दिनों तक चलने वाले यज्ञ में प्रवचन सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। अयोध्या से आई प्रवचनकर्ता निर्मला देवी ने श्रद्धालुओं को विभिन्न सामाजिक सरोकार के साथ-साथ धार्मिक ग्रंथ पर आधारित प्रवचन, और राम कथा सुना कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यज्ञ में यजमान के रुप में देवनंदन प्रसाद, श्यामा देवी, धीरज कुमार, बिक्की कुमारी, पंकज प्रसाद, गुड़िया देवी, राजेश प्रसाद, सीमा देवी, तनुजा देगी, बिनोद प्रसाद, उमेश ठाकुर, उषादेवी, अशोक साहू, नीरा देवी, उपेन्द्र ठाकुर, कुमारी स्वेता, सुरेश पासवन, सतमंती देवी, पवन माथुर, सुषमा देवी नौ दिन तक भूमिका निभाया। सोमवार को हवन और भंडारे के साथ यज्ञ का भव्य समापन हुआ। भंडारा में महा प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ अच्छी खासी देखी गयी। इस भंडारा में समरसता झलक रही थी। भंडारा में श्रद्धालुओं को महाप्रसाद के रूप में पुड़ी सब्जी बुंदिया, खीर पूरी का महाभोग परोसा गया। यज्ञ के सफल संचालन में यज्ञ समिति के अध्यक्ष देवनंदन प्रसाद, बिनोद प्रसाद, अशोक साहू, अरविदन प्रसाद, रंजीत ठाकुर,धीरज कुमार, विक्की कुमार,कमलाकांत प्रसाद,गौतम कुमार, दिलीप प्रसाद, सौरव, सुधांशु, भोला, विकास,अन्य की भूमिका अहम रहा।

## दो दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ




**मांडू (आजाद सिपाही)।** सपोर्ट पब्लिक स्कूल में सोमवार को दो दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ हुआ। कैंप का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाध्यापिका आराधना कुमारी ने किया। मौके पर उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि गर्मियों में हमें पेय पदार्थों का ज्यादा से ज्यादा सेवन करना चाहिए, फास्ट फूड को अपने दैनिक दिनचर्या से निकाल देना चाहिए। सिर्फ हरी सब्जी और संतुलित भोजन कर ही गर्मियों में हम स्वस्थ रह सकते हैं। स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन और मस्तिष्क का निवास होता है। अभिभावकों को जानकारी देते उन्होंने बताया कि समर कैंप में कक्षा नवमी और दसवीं के छात्रों के लिए अलग से विशेष कक्षाएं चलाई जा रही है। समर कैंप के पहले दिन बच्चो ने योग, पेंटिंग, क्राफ्ट, प्रोजेक्ट इत्यादि का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक मनीष कुमार पृथ्वी ने बच्चों को योग करवाया और योग से होने वाले फायदे से बच्चो को अवगत करवाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम प्रभारी वीना कुमारी, पवन पांडेय, पूजा कुमारी, राहुल कुमार ने मुख्य भूमिका निभाया। समर कैंप में विद्यालय के कुल 40 बच्चों ने भाग लिया।

## करमा में संदेहात्मक जमाबंदी मामले में डीसी की बड़ी कार्रवाई

# जमाबंदी को रजिस्टर 2 से डिलीट करने का निर्देश

संलिप्त कर्मियों, पदाधिकारियों पर होगी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** डीसी चंदन कुमार ने फिर एक बड़ी कार्रवाई की है। गलत ढंग से गैरमजरुआ जमीन की गयी जमाबंदी को रद्द किया जायेगा। इसके लिए आदेश जारी कर दिया गया है। साथ ही मामले में संलिप्त अधिकारी और कर्मी पर बड़ी कार्रवाई की जायेगी। बताते चले कि मांडू अंचल के मौजा करमा खाता संख्या 6, प्लॉट संख्या 3645, कुल रकबा 4.13 एकड़ गैर मजरूवा खास किस्म जंगल भूमि पर ठाकुर महतो के नाम से संदेहात्मक रूप से कायम जमाबंदी को रद्द करने को लेकर राज्य सरकार द्वारा सम्पुष्टि प्राप्त होने के बाद उपायुक्त, चंदन कुमार द्वारा उपरोक्त वर्णित कुल 1(एक) अभिलेख को मूल रूप से वापस करते हुए अंचल अधिकारी, मांडू को संबंधित भूमि की जमाबंदी को रद्द करने और भूमि को सरकार के दखल कब्जा में लेने का आदेश दिया गया है।



**अधिकारियों और कर्मियों पर होगी कार्रवाई:** साथ ही उपायुक्त द्वारा अंचल अधिकारी, मांडू को उपरोक्त जमाबंदी कायम करने में दोषी/संलिप्त कर्मियों/ पदाधिकारियों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई हेतु प्रस्ताव अनुशंसा सहित उचित माध्यम से भेजने का निर्देश दिया गया है।

**क्या है मामला**

जानकारी के अनुसार मांडू प्रखंड के करमा क्षेत्र में संबंधित 4.13 एकड़ भूमि के संदेहात्मक जमाबंदी संबंधित मामला संज्ञान में आने के बाद उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी न्यायालय में मामले की सुनवाई की गयी और न्यायालय द्वारा संबंधित मामले में बिहार/ झारखंड भूमि सुधार अधिनियम 1950 की धारा 4 ईच के तहत कायम संदेहात्मक जमाबंदी को रद्द करते हुए संपुष्टि हेतु आयुक्त उत्तरी, छोटा नागपुर प्रमंडल, हजारीबाग को भेजा गया था। मामले में आगे की कार्रवाई के क्रम में राजस्व निबंधन और भूमि सुधार विभाग, झारखंड सरकार, रांची द्वारा संबंधित जमाबंदी रद्द करने को अनुमोदन दिया गया। वहीं विभाग द्वारा संबंधित जमाबंदी को रजिस्टर 2 से डिलीट करने का आदेश दिया गया है।

## द्वितीय मांडू क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन

**मांडू (आजाद सिपाही)।** सुभाष स्टेडियम मांडू में द्वितीय मांडू क्रिकेट प्रीमियर लीग के आयोजन को लेकर पांच टीम के मालिकों के बीच आक्शन किया गया। जिसमें एजे वारियर, डीपीएफ नाइट राइडर्स, हैवी ड्राइवर्स, पावर स्टार्स और देव टाइटन्स के नाम से टीमों को नामित किया गया। जिसके मालिक के रूप में क्रमशः जीतेन्द्र कुमार, अतहर अली, शुभम कुमार, राकेश कुमार और दयानन्द प्रसाद शामिल हैं। इस दौरान प्रत्येक टीम में तेरह खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिसके कप्तान के रूप में क्रमशः शाहरुख खान, आलीफ खान, अभय सागर, विक्रांत सिंह राजपूत, अनिराज कुमार का चयन किया गया। मौके पर मांडू क्रिकेट प्रीमियर लीग के अध्यक्ष शुभम कुमार और सचिव अनिकेत कुमार ने बताया कि 10 दस ओवर के सारे मैच रात्रि मे खेला जायेगा। मैच जून महीने के तीसरे सप्ताह से प्रारंभ किया जायेगा।

## वज्रपात से पीड़ित मृतक के घर पहुंचे पूर्व विधायक



**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक जनार्दन पासवान सोमवार को डुमरीकला पंचायत के देवरिया गांव में वज्रपात से हुए दो लोगों की मौत पर उनके परिजनों से मुलाकात किया तथा दु:ख व्यक्त करते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की। श्री पासवान ने आपदा प्रबंधन से उचित मुआवजे की मांग की है। उन्होंने कहा कि सभी गांव में बज्रपात से बचाव के लिए सरकार को तड़ित चालक लगाने की व्यवस्था करना चाहिए, खासकर विद्यालय में खराब पड़े तड़ित चालक को जल्द बदलने की जरूरत है। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थें।

# अदालत का ट्रंप के खिलाफ फैसला

अमेरिका में मैनहटन कोर्ट की ओर से पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को 34 अपराधों में दोषी ठहराना जितनी बड़ी घटना है, उससे कहीं ज्यादा अहम है इस पर ट्रंप और उनके समर्थकों का रिएक्शन। जिस तरह से समर्थक ट्रंप के हक में सड़कों पर उतर गये और सोशल मीडिया पर सिविल वॉर तक की धमकी दे रहे हैं, वह अमेरिकी समाज और राष्ट्र के लिए बिल्कुल अलग तरह की चुनौती का संकेत है। अदालत का फैसला इस मायने में अभूतपूर्व कहा जायेगा कि इससे पहले कभी अमेरिका के किसी भी पूर्व राष्ट्रपति को किसी अदालत ने दोषी नहीं ठहराया है। साथ ही, पहले कभी अदालत की नजर में दोषी साबित हो चुका कोई व्यक्ति राष्ट्रपति पद का प्रत्याशी भी नहीं बना। मामला इस लिहाज से चुनावी भी कहा जा सकता है कि इसमें पॉर्न स्टार को पेमेंट की सूचना छिपा कर वोटरों के फैसले को गलत ढंग से प्रभावित करने की बात है। कोर्ट के इस आदेश के बावजूद ट्रंप के चुनाव लड़ने और दोबारा राष्ट्रपति बनने पर किसी तरह की रोक लगती नहीं दिख रही। उनकी लोकप्रियता में भी गिरावट के संकेत नहीं हैं। ट्रंप के पक्ष में सबसे बड़ी बात यह है कि अमेरिकी संविधान किसी अदालत से सजा पाये व्यक्ति को चुनाव लड़ने के अयोग्य नहीं ठहराता। फिर ट्रंप मैनहटन कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ अपील भी कर सकते हैं। ऊपरी अदालत का फैसला आने में कुछ साल तो लग ही जायेंगे। उनके खिलाफ चल रहे अन्य मामलों में भी फैसला राष्ट्रपति चुनाव संपन्न होने से पहले आने के आसार नहीं हैं। इसे अमेरिकी लोकतंत्र के भविष्य के लिहाज से गंभीर घटना इसलिए माना जा रहा है कि ट्रंप का पिछला और मौजूदा रवैया लोकतांत्रिक मिजाज से मेल नहीं खाता है। 2020 राष्ट्रपति चुनाव में मिली हार को ट्रंप और उनके समर्थकों ने स्वीकार नहीं किया था। जिस तरह से उनके समर्थक वॉशिंगटन में संसद भवन (कैपिटल) में घुस आये थे, उसे पूरी दुनिया ने हैरत से देखा था। आज तक ट्रंप यही कहते हैं और उनके समर्थकों का बड़ा हिस्सा भी यही मानता है कि 2020 में उन्हें गलत ढंग से हारा हुआ बता दिया गया था। हालांकि चुनावी गड़बड़ियों का कोई सबूत उनकी ओर से नहीं दिया जा सका है। ऐसे में ट्रंप समर्थकों का मौजूदा रुख अमेरिका के लिए एक चुनौती तो है ही। सवाल यह भी है कि आगामी राष्ट्रपति चुनाव में अगर वोटरों का फैसला ट्रंप के मन मुताबिक नहीं हुआ तो उनके ये समर्थक किस तरह से रिएक्ट करेंगे। देखना होगा कि दुनिया का यह सबसे पुराना लोकतंत्र इस चुनौती से कैसे निपटता है।

**अदालत का फैसला इस मायने में अभूतपूर्व कहा जायेगा कि इससे पहले कभी अमेरिका के किसी भी पूर्व राष्ट्रपति को किसी अदालत ने दोषी नहीं ठहराया है। साथ ही, पहले कभी अदालत की नजर में दोषी साबित हो चुका कोई व्यक्ति राष्ट्रपति पद का प्रत्याशी भी नहीं बना।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**सियालकोट में 1947 से बंद पड़े शिवाला तेजसिंह मंदिर का जीर्णोद्धार भी वहां की सरकार ने करवाया। पाकिस्तान का दुर्भाग्य है कि वहां की फौज लोकतंत्र को सफल नहीं होने देती। इमरान खां अपदस्थ कर दिये गये और उसके साथ ही उनकी यह योजना भी खटाई में पड़ गयी, पर पाकिस्तान के पढ़े-लिखे मध्यमवर्गीय मुस्लिम समाज में अपनी इन ऐतिहासिक धरोहरों को लेकर नव-जागृति आयी है।**

# पाकिस्तान में हिंदू विरासत कैसे बचे?

**विनीत नारायण**

पश्चिमी पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी आज 2.1 प्रतिशत रह गयी है। इसमें भी ज्यादातर हिंदू कराची, सियालकोट और लाहौर में रहते हैं। इनमें भी ज्यादा प्रतिशत दलित और पिछड़ी जातियों के हिंदू हैं, जो गांव में रहते हैं और उनकी आर्थिक हालत काफी कमजोर है। हालांकि भारत सरकार ने बंटवारे के समय पाकिस्तान में रह गये हिंदुओं को भारत आकर बसने और यहां की नागरिकता लेने की प्रक्रिया आसान कर दी है, फिर भी अपेक्षा के विपरीत पाकिस्तान में बसे हिंदू भारत आकर बसने को तैयार नहीं हैं, क्योंकि वे सदियों से वहीं रहते आये हैं और वहीं उनकी मातृभूमि है।

बंटवारे से पहले पाकिस्तान में रहने वाले हिंदू हर शहर में बसे थे और वे बड़े जमींदार एवं संपन्न व्यापारी थे। जिन्हें रातों-रात सब कुछ छोड़ कर भारत में शरणार्थी बन कर आना पड़ा। इन हिंदुओं एवं जैनियों ने पाकिस्तान में अपने आराध्य के एक से एक बढ़ कर मंदिर बनवाये थे, जिनकी संख्या 1947 में 428 थी। जो आज घट कर मात्र 20 मंदिर रह गये हैं। इसी तरह पाकिस्तान के पंजाब सूबे में सैंकड़ों गुरुद्वारे थे, जो बाद में भारत से गये मुसलमान शरणार्थियों के आशियाने बन गये। वैसे बलूचिस्तान में स्थित हिंगलाज देवी का मंदिर विश्व प्रसिद्ध है। क्योंकि यह 64 शक्तिपीठों में से एक है और यहां सारे वर्ष तीर्थ यात्रियों का आना-जाना लगा रहता है। इसके अलावा कराची की हिंदू आबादी के बीच जो मंदिर हैं, वे भी सुरक्षित हैं और उनमें भगवान की नियमित सेवा पूजा और उत्सवों का आयोजन होता रहता है, पर इतनी बड़ी संख्या में मंदिरों और गुरुद्वारों का नष्ट हो जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया थी, क्योंकि जब उनमें आस्था रखने वाले लोग ही नहीं रहे, तो ये मंदिर और गुरुद्वारे कैसे आबाद रहते?

**आशा की जानी चाहिए कि आने वाले वर्षों में भक्तों की यह भावना पूरी होगी ही और श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर की तरह 'शारदा देवी कॉरिडोर' का निर्माण हो सकेगा।**



**भौगोलिक रूप से भी यह तीर्थ भारत की मौजूदा सीमा के परलीपार स्थित है। पाक नियंत्रण वाले इसी कश्मीर के मुजफ्फराबाद जिले की सीमा के किनारे से पवित्र कृष्ण-गंगा नदी बहती है। कृष्ण-गंगा नदी वही है, जिसमें समुद्र मंथन के पश्चात शेष बचे अमृत को असुरों से छिपा कर रखा गया था और उसी के बाद ब्रह्माजी ने उसके किनारे मां शारदा का मंदिर बना कर उन्हें वहां स्थापित किया था।**

इस स्थिति में बड़ा बदलाव तब आया, जब 2011 में पाकिस्तान की सर्वोच्च अदालत के आदेश के बाद पेशावर के ऐतिहासिक गोरखनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार पाकिस्तान सरकार द्वारा करवाया गया। इसी तरह कराची में दरियालाल मंदिर का भी जीर्णोद्धार सरकार और भक्तों ने मिल कर किया। 2019 में पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खां ने घोषणा की थी कि बंटवारे के समय जो 400 मंदिर पाकिस्तान में थे, उन सभी का अधिग्रहण करके सरकार उनका जीर्णोद्धार करवायेगी। इसी क्रम में सियालकोट में 1947 से बंद पड़े शिवाला तेजसिंह मंदिर का जीर्णोद्धार भी वहां की सरकार ने करवाया। पाकिस्तान का दुर्भाग्य है कि वहां की फौज लोकतंत्र को सफल नहीं होने देती। इमरान खां अपदस्थ कर दिये गये और उसके साथ ही उनकी यह योजना भी खटाई में पड़ गयी, पर पाकिस्तान के पढ़े-लिखे मध्यमवर्गीय मुस्लिम समाज में अपनी इन ऐतिहासिक धरोहरों को लेकर नव-जागृति आयी है।

आप यू-ट्यूब पर अनेक टीवी रिपोर्ट्स देख सकते हैं, जिनमें इन स्थलों को खोजने और दिखाने में पाकिस्तान के युवा यू-ट्यूबर उत्साह से जुटे हैं। चूंकि भारत और पाकिस्तान के बीच के रिश्ते बहुत मधुर नहीं हैं, इसलिए दुनिया के अन्य देशों विशेषकर यूरोप एवं अमेरिका में रहने वाले संपन्न हिंदुओं को पाकिस्तान में स्थित ऐतिहासिक हिंदू तीर्थ स्थलों का उदारता से जीर्णोद्धार करवाना चाहिए। बशर्ते कि पाकिस्तान की मौजूदा सरकार और स्थानीय लोग इस बात के लिए तैयार हों और इन स्थलों की रक्षा और व्यवस्था की जिम्मेदारी भी लें। इसी क्रम में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की नील घाटी में पौराणिक शारदापीठ एक ऐसा तीर्थस्थल है, जिसका विकास कश्मीरी पंडित एवं अन्य हिंदू ही नहीं, नील घाटी में रहने वाले मुसलमान भी करवाना चाहते हैं, क्योंकि श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर की तरह विकसित हो जाने पर उन्हें यहां अपनी आर्थिक समृद्धि की असीम संभावनाएं दिखायी देती हैं।

भौगोलिक रूप से भी यह तीर्थ भारत की मौजूदा सीमा के परलीपार स्थित है। पाक नियंत्रण वाले इसी कश्मीर के मुजफ्फराबाद जिले की सीमा के किनारे से पवित्र कृष्ण-गंगा नदी बहती है। कृष्ण-गंगा नदी वही है, जिसमें समुद्र मंथन के पश्चात शेष बचे अमृत को असुरों से छिपा कर रखा गया था और उसी के बाद ब्रह्माजी ने उसके किनारे मां शारदा का मंदिर बना कर उन्हें वहां स्थापित किया था। जिस दिन से मां शारदा वहां विराजमान हुईं, उस दिन से ही सारा कश्मीर 'नमस्ते शारदादेवी कश्मीरपुरवासिनी/त्वामहंप्रार्थये नित्यम विदादानम च देहि में' कहते हुए उनकी आराधना करता रहा है और उन कश्मीरियों पर मां शारदा की ऐसी कृपा हुई कि आष्टांग योग और आष्टांग हृदय लिखने वाले वाग्भट वहीं जन्मे, नीलमत पुराण वहीं रची गयी, चरक संहिता, शिव-पुराण, कल्हण की राजतरंगिणी, सारंगदेव की संगीत रत्नकार सबके सब अद्वितीय ग्रंथ वहीं रचे गये, उस कश्मीर में जो रामकथा लिखी गयी, उसमें मक्केश्वर महादेव का वर्णन सर्वप्रथम स्पष्ट रूप से आया। शैव-दार्शनिकों की लंबी परंपरा कश्मीर से ही शुरू हुई। मां शारदा के उस पवित्र पीठ में न जाने कितने सहस्त्र वर्षों से हर वर्ष भाद्रपद शुक्ल पक्ष अष्टमी के दिन एक विशाल मेला लगता था, जहां भारत के कोने-कोने से वाग्देवी सरस्वती के उपासक साधना करने आते थे।

इस तीर्थ के जीर्णोद्धार और इस संपूर्ण क्षेत्र के विकास के लिए शारदापीठ कश्मीर के शंकराचार्य स्वामी अमृतानंद देव तीर्थ कई वर्षों से सक्रिय हैं। उनके प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर अच्छे संबंध हैं और उन्हें सनातन धर्मियों का उदार समर्थन प्राप्त है। आशा की जानी चाहिए कि आने वाले वर्षों में भक्तों की यह भावना पूरी होगी ही और श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर की तरह 'शारदा देवी कॉरिडोर' का निर्माण हो सकेगा।

## जमशेदपुर की खबरें

### गरमी को समर्पित छह दोहे



**मंजुला शरण**

आग उगलते नौ तपा,
बरस रहे अंगार।
जेठ मास की मार से,
दिन को चढ़ा बुखार।।

नद नाले सूने पड़े, सूखे खरपतवार।
आग उगलते नौ तपा, जीव जगत लाचार।।

राहें सब सूनी लगें, नगर हुआ सुनसान।
सुबह कहीं दिखती नहीं, दिन लगते वीरान।।

कूलर एसी चुप हुए, बहे पसीना धार।
छत पर सब दाने चुग्गे, बिन पंछी बेकार।

गरमी सौतन सी लगे, पल भर ना सुहाए।
नल का पानी तप रहा, अदहन खौला हाय।।

आग उगलते नौ तपा, मची है हाय-हाय।
जाओ गरमी घर अभी, किया तुम्हें है बाय।।

### एसडीजेएम ने बस स्टैंड पर लोगों के बीच ओआरएस और पानी बोतल का किया वितरण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** रांची एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधिश पूर्वी सिंहभूम के निदेर्शानुसार सोमवार को गर्मी एवं लू से निजात दिलाने के लिए घाटशिला बस स्टैंड पर अनुमंडल विधिक सेवा समिति के सचिव सह अनुमंडल न्यायायिक दंडाधिकारी दिनेश बाउरी द्वारा पानी की बोतल एवं ओआरएस पाउडर मरीज, राहगीरों एवं मजदूरों के बिच वितरण किया गया। इस मौके पर अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने बस स्टैंड पर खड़े लोगों को गर्मी से बचने के लिए जागरूक किया. उन्होंने कहा कि बेवजह धूप में ना निकले बहुत जरूरी काम होने पर घर से निकलते वक्त सर तथा मुंह को ढक कर ही घर से बाहर निकले. अधिक से अधिक पानी पीए एवं स्वस्थ रहें. इस मौके पर अधिवक्ता सुनिल सिंह ने सहयोग किया।

## टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन की कमिटि मीटिंग में मेंबरों ने रखी बात, मिला समर्थन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते और महामंत्री आरके सिंह की अध्यक्षता में कमिटि मीटिंग का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित मीटिंग में सभी कमेटी मेंबरों ने बारी-बारी से अपने क्षेत्र के समस्याओं को रखा। साथ ही साथ सभी ने बीते 6 साल से बंद मल्टी स्किल स्कीम को अध्यक्ष और महामंत्री के प्रयासों से आरंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस माह से सभी विभाग में इसका लाभ मिल रहा है। साथ ही यूनिफॉर्म में बदलाव कर गुणवत्तापूर्ण यूनिफार्म एस कुमार का वितरण किया जा रहा है। उससे मजदूर काफी संतुष्टि है। वही अस्पताल में भी नए टीएमटी मशीन लगाया गया। इसके लिए अस्पताल के कमेटी मेंबरों ने अध्यक्ष महामंत्री को बधाई दी। वही बैठक के दौरान भविष्य में जल्द से जल्द अप्रेंटिस का वैकेंसी हो इसकी मांग रखी गई। सभी के बातों को सुनने के बाद महामंत्री आरके सिंह ने कहा आप सबके सुझाव और समस्याओं का निराकरण करने के लिए उचित प्लेटफार्म पर बातों को रखेंगे और उसका निराकरण के लिए प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अप्रेंटिसशिप आरंभ करना और जो अप्रेंटिस किए हुए। टीएमएसटी समाप्त किए हुए छात्रों के संबंध में भी यूनियन गंभीर है। जल्द से जल्द इनके लिए भी सही रास्ता निकालने का काम यूनियन करेगी। अनुशासित रूप से कर्मचारियों की समस्या के निदान के लिए लगातार प्रयास करते हैं। यही यूनियन की ताकत है। वही पीके मोहंती व चलपत के रिटायरमेंट से दो कमिटी मेंबर्स का स्थान रिक्त हुआ है। महामंत्री ने कहा बैठक में प्रस्ताव लाया गया। रिक्त पदों पर निबंध संविधान के तहत चुनाव कराने की प्रक्रिया आरंभ की जायेगी। वही सदन में उपस्थित सभी लोगों ने सहमति प्रदान की। अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने कहा चिन्हित समस्याओं का निदान करने का प्रयास करेंगे। दो स्थानों पर चुनाव के लिए अच्छे प्रतिनिधि को चुनकर सामने लाया जायेगा। धन्यवाद ज्ञापन हरदीप सिंह सैनी और मंच संचालन प्रकाश विश्वकर्मा ने किया।




## मतगणना को लेकर जिला प्रशासन ने की तैयारी पूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** लोकसभा चुनाव की मतगणना मंगलवार को होनी है। मतगणना को लेकर जिला प्रशासन द्वारा कमोवेश सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। मतगणना को लेकर जमशेदपुर सीट से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के दिल की धड़कन भी बढ़ गई है। हालांकि जमशेदपुर सीट पर भाजपा के प्रत्याशी विद्युतवरण महतो एवं झामुमो प्रत्याशी समीर महंती के बीच मुख्य मुकाबला है। जाहिर है की दोनों ही प्रत्याशी के साथ उनके समर्थकों के बीच भी मतगणना को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। दोनों ही दल के समर्थक अपने-अपने प्रत्याशी के जीत का दावा कर रहे है। हालांकि एग्जिट पोल सामने आने के बाद से भाजपा अपनी जीत को लेकर ज्यादा कॉफिडेंट है। भाजपाई दावा कर रहे है कि लगातार तीसरी दफा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश में एनडीए की सरकार बन रही है। भाजपाइयों का मानना है कि मतगणना समाप्त होते-होते पार्टी 370 एवं एनडीए 400 का आंकड़ा हासिल कर लेगी। भाजपाई जमशेदपुर सीट पर भी प्रत्याशी विद्युतवरण महतो की जीत का दावा कर रहे हैं। वहीं, झामुमो और कांग्रेसियों का मानना है कि 4 जून की मतगणना के साथ भाजपाइयों का भ्रम टूट जाएगा। केंद्र में 2004 की पुनरावृत्ति देखने को मिलेगी, जहां उम्मीद के विपरीत कांग्रेस के नेतृत्व में यूपीए की सरकार बनी थी। विपक्षियों की मानें तो बहुमत का आंकड़ा हासिल कर केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन सरकार बनाएगी। विपक्षी नेता जमशेदपुर सीट पर पार्टी प्रत्याशी समीर महंती की जीत का भी दावा कर रहे है। झामुमो व कांग्रेसियों की मानें तो समीर महंती को सभी वर्ग एवं धर्म विशेष के लोगों का भरपूर साथ मिला है जिससे उनकी जीत तय हैं। बहरहाल, मतगणना में कुछ ही समय बचा है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि जमशेदपुर सीट के साथ देशभर में चुनावी परिणाम किसके पक्ष में रहा और किसे जनता ने नकार दिया हैं।

### विद्युतवरण महतो लगायेंगे जीत की हैट्रिक, केंद्र में एनडीए सरकार बनना तय: विजय

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सह पूर्वी मऊभण्डार के पंचायत समिति सदस्य विजय पांडेय ने पार्टी प्रत्याशी विद्युतवरण महतो की जीत सुनिश्चित करार दिया है। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर सीट से विद्युतवरण महतो जीत की हैट्रिक लगाएंगे। जनता का विश्वास और साथ विद्युतवरण महतो के साथ बना हुआ है। उन्होंने केन्द्र में एकबार फिर पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए की सरकार बनने का दावा किया है।

### समीर महंती की जीत तय, केंद्र में बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार: काल्टू

प्रदेश कांग्रेस के सचिव काल्टू चक्रवर्ती की मानें तो जमशेदपुर सीट से गठबंधन के प्रत्याशी रहे समीर महंती की जीत तय है। समीर महंती के पक्ष में पार्टी नेताओं से ज्यादा क्षेत्र की जनता ने ही काम किया है। उन्होंने केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व वाली इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का भी दावा किया है। कहा कि मतगणना के साथ ही भाजपाइयों का मोदी मैजिक भ्रम टूट जायेगा।

## मतगणना के पूर्व एसपी के निर्देश पर निकला फ्लैग मार्च



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** लोकसभा चुनाव के बाद मतगणना को लेकर जिला प्रशासन सड़कों पर मुस्तैद दिखे। सोमवार को सरायकेला एसपी मनीष टोप्पो के निर्देश पर आदित्यपुर, कपाली, गम्हरिया, आर आई टी, कांड्रा और ट्रैफिक थाना प्रभारी के द्वारा संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला गया। वही चुनाव परिणाम को लेकर जिला प्रशासन मतगणना स्थल पर पुरी तरह मुस्तैद है। सरायकेला खरसावां पुलिस जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। लोगों से जनादेश को स्वीकार करने की अपील की गयी। फ्लैग मार्च का नेतृत्व कर रहे गम्हरिया थाना प्रभारी राजू ने बताया जिले में एसपी के निर्देश पर फ्लैग मार्च निकाला गया। इसके जरिये लोगों से शांति बरतने की अपील की जा रही है। साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर भी पैनी निगाह रखे जाने की बात कही।

## जमशेदपुर पुलिस पर व्यापारियों का भरोसा: विजय आनंद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बीते दिनों सोनारी एरोड्रम बाजार के पास एमबी ज्वेलर्स में तीन अपराधियों ने लूटकांड की घटना को अंजाम दी थी। लोकतंत्र के महापर्व के बीच पुलिस को चुनौती देते हुए अपराधियों ने दिनदहाड़े घटना को अंजाम दिया था। सोमवार को मामले का खुलासा होने पर सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एवं जमशेदपुर ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी किशोर कौशल से कार्यालय में मुलाकात कर पूरी पुलिस टीम के प्रति आभार जताया। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने कहा चुनावी माहौल के बीच इतने बड़े घटना को अंजाम देना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती थी।जिला पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए लूटकांड को अंजाम देने वाले अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही माल की भी बरामदगी कर ली। वही एसएसपी किशोर कौशल ने कहा अपराधियों को पलामू के चैनपुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक पूर्व में भी लूट व डकैती के मामले में जेल जा चुके है। उनके खिलाफ पलामू में कई मामला दर्ज हैं। पुलिस उनकी निशानदेही पर लुटे गए आभूषण की भी बरामदगी की है। जल्द ही पूरे मामले का उद्भेदन पुलिस करेगी। एसएसपी ने भरोसा दिलाया जल्द की चैंबर व व्यापारियों संग बैठक कर समस्याओं पर चर्चा करेंगे।

# आंधी-बारिश ने खोली नगर पंचायत की पोल, गलियों में भरा नालियों का पानी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर में रविवार की शाम में अचानक तेज आंधी तूफान के साथ हुई बारिश से जहां आम अवाम को तेज धूप व गर्मी से राहत मिली है। वहीं नगर पंचायत की पोल खुल गई है। बारिश के बाद श्री बंशीधर नगर शहर की स्थिति नारकीय हो गई। शहर की ह्रदयस्थली श्री बंशीधर मंदिर, सूर्य मंदिर, मेन रोड बस स्टैंड, सब्जी बाजार समेत शहर की तमाम गलियों में नाली का गंदा पानी पट गया है। शहर के कई दुकानों में एवं मकानों में नाली का पानी घुस गया। नाली का गंदा पानी सड़क पर बहने के कारण जहां शहर की स्थिति नारकीय हो गई। वहीं लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। जबकि श्रद्धालु बस स्टैंड से सब्जी बाजार होते हुये पैदल श्री बंशीधर मंदिर जाते हैं। नाली के पानी से निकल रहे दुर्गंध से शहरवासियों का जीना मुहाल हो गया। दुकानदार दुकान से एवं मकान मालिक घर से नाली का गंदा पानी निकालने में देर रात तक लगे रहे। दुकान एवं मकान से नाली का पानी निकलने के बाद भी दुकान और मकान से दुर्गंध नहीं जा रहा है। जिससे दुकानदारों एवं मकान मालिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे दिलचस्प बात है कि शहर की मुख्य ह्रदयस्थली वार्ड नंबर आठ है। इसी वार्ड से नपं अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी, नपं उपाध्यक्ष लता देवी और वार्ड आठ के वार्ड पार्षद नीरज कुमार निर्वाचित हुये हैं उनका निवास भी है उसके बाद भी शहर की ह्रदयस्थली की यह हाल है तो अन्य वार्ड की क्या स्थिति होगी इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। उधर श्री बंशीधर मंदिर एवं सूर्य मंदिर के सामने से सड़क पर नाली का गंदा पानी बहने के कारण श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहरवासियों की मानें तो नपं में बार-बार शिकायत करने के बाद भी नपं की ओर से शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। नपं के द्वारा शहरवासियों की समस्याओं को हल्के में लिया जाता है। शहरवासी जहां समस्याओं से त्रस्त हैं वहीं नगर पंचायत सरकारी राशि को ठिकाने लगाने में मस्त है। उल्लेखनीय है श्री बंशीधर नगर पंचायत की ओर से स्वच्छता पर प्रति माह लगभग पांच लाख रुपये खर्च किये जा रहे हैं। उसके बावजूद शहर स्वच्छ नहीं हो पाया है। जगह जगह पर कचरे का अंबार लगा हुआ है। वहीं शहर की नालियां बजबजा रही हैं। इसके बावजूद नगर पंचायत की ओर से इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर पंचायत नरक पंचायत बन गया है। नपं में स्वच्छता के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति कर सरकारी राशि की बंदरबांट की जा रही है।

# भंडरिया इलाके में धड़ल्ले से की जा रही बालू की अवैध ढुलाई, अधिकारी मूकदर्शक

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों पूरे रात अवैध बालू की ढूलाइ धड़ले से किया जा रहा है बालू की अवैध बिक्री को लेकर जगह-जगह डंप किया जा रहा है। बालू ढोलई प्रखण्ड के भंडरिया व बड़गड के कंहर नदी से लहगुड़वा के रास्ते या कंहर नदी बघवार के रास्ते से बैगर रोक टोक के रातभर किया जा रहा है। ट्रैक्टर की आवाज और ट्रैक्टर की तेज रफ्तार से लोगों की नींद उड़ रही है तेज रफ्तार से बालू लदा ट्रैक्टर चलने से लोगों में दुर्घटना होने की भेय बना हुआ है जानकारी के बाद भी संबंधित विभाग के कर्मी स्थानीय प्रशासन मुख्य दर्शक बने हुए हैं। अवैध बालू धंधे में संलिपित कारोबारी का मनोबल बढ़ता जा रहा है। जानकारी के अनुसार भंडरिया प्रखंड क्षेत्र के लहगुड़वा धसनी बग्गालीनडेरा या बघवार के पास कंहर नदी घाट से करीब दर्जनों बिना नम्बर वाले ट्रैक्टर से रातभर अवैध रूप से बालु का उत्खनन भंडरिया प्रखंड के विभिन्न गांव में परिवहन कर उच्च दामों में बेच रहे हैं। बताया जाता है। कि ट्रैक्टर चला रहे चालक अधिकतर नाबालिक होते हैं यह धंधा अधिकतर भंडरिया प्रखंड के लहगुड़वा घाट सरस्वती या घाट व छोटा मोटा नदियों से भी भंडरिया के रास्ते बिन्दा रोड सड़क के किनारे अवैध कारोबारी में लगे लोग ट्रैक्टर के शोर गोल से परेशान बघवार गरामीन ने अबैध बालू ढोने वाले ट्रेक्टर को चेतवनी देकर छोड़ा अपने आपमें डरा सहमा महसूस कर रहा है प्रशासन इस पर रोक लगाने के प्रति गंभीर नहीं है ग्रामीणों ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में चल रहे भवन पुल पुलिया व सड़क निर्माण कार्यों में बड़े पैमाने पर अवैध बालू का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे सरकार को राजस्व की भारी नुकसान हो रही है बालू के अवैध कारोबार पर संबंधित विभाग की नजर नहीं रहने से यह अवैध कारोबार मैं संलिप्त लोग मालामाल हो रहे हैं।

## ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री, पूर्व विधायक सहित कई नेता



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी के ससुर लखिया गांव निवासी राम केवल राम के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, पलामू लोकसभा से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुईयां, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओबेदुल्ला हक अंसारी, राजद जिला अध्यक्ष सूरज सिंह, पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, भवनाथपुर विधानसभा के पूर्व विधायक, मनोज ठाकुर, कांग्रेसी नेता अलख नाथ चौबे, अजय प्रसाद गुप्ता, झामुमो महिला जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, नेत्री आराधना सिंह, रेखा पाठक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, पंचायत सचिव चंद्रदेव तिवारी, मुखिया संघ के अध्यक्ष रामसागर महतो, मुखिया मनदीप सिंह, मुन्ना सिंह, शिवकुमार चौधरी, ज्ञानी राम सहित कई नेताओं के साथ बड़ी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने दिवंगत राम केवल राम की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। साथ ही मेराल प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी तथा अन्य परिजनों को सांत्वना व्यक्त किये।

# चार धाम की यात्रा के लिए 25 तीर्थ यात्रियों के जत्थे को हरी झंडी दिखा कर किया गया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता




**कांडी ।** प्रखंड मुख्यालय से 25 तीर्थ यात्री सोमवार को केदारनाथ व बद्रीनाथ सहित दो दर्जन धाम के लिए रवाना हुए। सभी तीर्थ यात्रियों को भारतीय कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महा सचिव प्रभात कुमार दुबे उर्फ बड़ू दुबे ने शॉल ओढकर,मिठाई खिलाते हुए पानी पिलाकर रवाना किया। प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में तीर्थ यात्रियों का दल कांडी से रवाना होकर वाराणसी होते हुए अयोध्या, नैमिषारन्य, हरिद्वार, ऋषिकेश, यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, मथुरा, गोकुल, नंदगाव, वृन्दावन ,वरसाने, चित्रकूट, प्रयागराज व विंध्याचल स्थित देवी का दर्शन करते हुए पुनः कांडी वापसी होगा। इस यात्रा में यात्रियों को बस में हीं बावर्ची द्वारा बनाया हुआ दिन के दो वक्त का भोजन दिया जाएगा। प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि 20 दिनों की उक्त दुर्लभ यात्रा में भोला पाण्डेय, अगस्त तिवारी,उपेंद्र नारायण द्विवेदी, विजय कुमार तिवारी, परमानन्द तिवारी, शरादानंद उपाध्याय, नागेंद्र भूषण तिवारी, उमेश उपाध्याय, उमेश उपाध्याय,दिनेश उपाध्याय व रामनरेश राम सहित दो दर्जन तीर्थ यात्रियों शामिल हैं।

## आनंद मोटर्स ने महिंद्रा कंपनी की एक्सयूवी कार गढ़वा में लांच की



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आनंद मोटर्स के गढ़वा ब्रांच में आज सोमवार को महिंद्रा कंपनी के एक्सयूवी कार का लांचिंग किया गया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के चीफ मैनेजर प्रशांत श्रीवास्तव, आनंद मोटर्स के जीएम प्रमोद श्रीवास्तव, सहित शहर के कई गण मान्य लोगों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर इस कार का लांचिंग किया। गढ़वा में लॉन्च हुई इस कर के संबंध में जानकारी देते हुए आनंद मोटर्स के जीएम प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि महिंद्रा कंपनी एक्सयूवी नामक नई कर को बाजार में उतारा है। जो कम मूल्य में बहुत ढेर सारे फीचर के साथ बाजार में उतर गया है। जिससे ग्राहकों को काफी फायदा पहुंच पाएगा। उन्होंने कहा कि उचित मूल्य पर एक विश्व स्तरीय टेक्नोलॉजी के साथ यह कार कंपनी के द्वारा लांच किया गया है। इस गाड़ी की शुरूआती मूल्य लगभग साढ़े सात लाख से शुरू होता है। यह गाड़ी डीजल एवं पेट्रोल दोनों प्रकार की उपलब्ध है। इस गाड़ी का मुख्य फीचर सिक्स एयर बैग, ऑल डिस्क ब्रेक, ईएसपी का फुल पैकेज, एडीनोक्स, आदि मुख्य रूप से इस गाड़ी के आकर्षण का केंद्र है। इस गाड़ी का माइलेज डीजल में 20 किलोमीटर प्रति लीटर है। जबकि पेट्रोल में लगभग 19 किलोमीटर प्रति लीटर निर्धारित है। इस मौके पर महिंद्रा फाइनेंस, चोला फाइनेंस, एचडीएफसी फाइनेंस, बैंकर्स एवं आनंद मोटर्स के मैनेजर निखिल विश्वकर्मा, गणेश प्रसाद ,सुनील विश्वास, सुनील विश्वकर्मा एवं सेल्स कंसलटेंट रवि शेखर श्रीवास्तव, लालचंद राम अनिल पांडे, राजेश तिवारी सहित कई गणमान्य एवं शहर के बुद्धिजीवी लोग उपस्थित थे।

## चेचरिया स्थित तैबा क्लीनिक में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** शहर के चेचरिया स्थित तैबा क्लीनिक में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ शाहनवाज आलम ने 110 मरीजों को निशुल्क जांच किया गया। उन्होंने कहा कि अपने जीवन में लोग असंतुलित खानपान के साथ दिनचर्या के कामों में तनाव होने से इस तरह के लोगों बीमार हो जाते हैं। इन सभी से बचाव के लिए लोगों को समय-समय पर अपनी जांच करानी चाहिए। डॉ शाहनवाज आलम ने कहा कि प्रत्येक माह के 1 तारीख को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है उन्होंने शहर एवं आसपास के लोगों से अपील किया कि वह इस स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करा सकते हैं यह परीक्षण पूरी तरीके से निशुल्क है। मौके पर मोहम्मद अली,रोशन कुमार,गुलाम रसूल,इमरान खलीफा,शालू कुमारी सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

# भवनाथपुर में अपने पसीने से बंजर जमीन को उपजाऊ बना दिया किसान श्याम सुंदर ने

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** मनुष्य यदि चाहे तो आसमा में भी सुराख कर दे, पत्थर को सोना बना दे। इस कहावत को सच साबित कर दिखाया भवनाथपुर प्रखंड के चपरी पंचायत के सिंघीताली निवासी किसान श्यामसुंदर मेहता ने। उन्होंने किसानों के आर्थिक विकास को लेकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजना बिरसा हरित ग्राम योजना से लाभ लेकर मकरी पंचायत के पटनीदामर में अपने दो एकड़ बंजर भूमि को उपजाऊ बनाते हुए उसमे कई फलदार पौधे, बेशकीमती पौधे और खेती से उक्त भूमि को लहलहा दिया है।

### क्या कहा किसान श्यामसुंदर मेहता ने

किसान श्यामसुंदर मेहता ने बताया कि मकरी पंचायत अंतर्गत पटनीदामर टोला बंजर और पत्थरीली भूमि थी, इस बंजर भूमि में कोई भी अन्य किसान खेती के लिए सोच भी सकता था, वर्षो से इस जमीन में खेती नहीं होती थी। इसके बाद मैने बीते 2019 - 20 में बिरसा हरित ग्राम योजना का लाभ लेकर दो एकड़ जमीन में बागवानी शुरूआत की।

बागवानी की शुरूआत करने में मुझे काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पत्थरीली जगह होने के कारण पानी की किल्लत को देखते हुए 17 सौ फीट दुर दूसरे गांव के इंसार अली के घर से पाईप द्वारा पानी लाकर प्राचीन काल से बंजर पड़ी भूमि को कड़ी मेहनत के दम पर उपजाऊ भूमि में तब्दील किया तथा इसमें पहले कई प्रकार के फलदार और बेसकिमती पौधे लगाए और उक्त भूमि में साग सब्जी की भी खेती कर रहे है। बागवानी को वृहद रूप से तैयार करने के लिए उन्होंने सबसे पहले पानी की समस्या को दूर करने के लिए उक्त भूमि में डीप बोर कराया।

### बागवानी में लहलहा रहा है, फलदार वृक्ष व सब्जी की खेती

बागवानी में लगे फलदार वृक्ष में आम, अमरुद, नीबू, शरीफा, काजू, खजूर, पपीता, कटहल, जबकि इमारती लकड़ियों में सागवान, शीशम, नीम, खैर, कलपतरु, सिरीस, सेमर शामिल है, जबकि उक्त भूमि में आलू, मटर, बैगन, सरसो, मौसमी सब्जी की भी खेती कर जीविकोपार्जन का साधन मुहैया करा रहे है। उनकी बागवानी में उपज होने वाली फल और सब्जी को देख वहां के अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभर रहे है।

## कमता गांव निवासी रामबृक्ष सिंह की ह्रदय गति रुकने से मौत



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** कमता गांव निवासी स्व रामबृक्ष सिंह के 36 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार सिंह की ह्रदय गति रुकने से मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार मृतक मुकेश कुमार सिंह अचानक बीते रविवार रात्रि में स्वास लेने में तकलिफ होने लगी। उंसके बाद परिजनों ने बेहतर इलाज के लिये गढ़वा ले जाने लगे। गढ़वा ले जाने के क्रम में रास्ते मे ही बेहोश हो गया। जहाँ गढ़वा अस्पताल ले जाने बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इधर मृतक के शव घर पहुचते ही गांव में कोहराम मच गया। एक नजर देखने के लिये लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया था। मृतक अपने पीछे पत्नी व दो बच्चों को छोड़ चल बसे। उसके बाद सोमवार सुबह अमहर बाकी नदी के तट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# पीएनबी की महिला ग्राहकों के खाते से फर्जी निकासी, आरोप कर्मियों पर

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर पंजाब नेशनल बैंक के कर्मियों द्वारा बैंक के महिला ग्राहक के साथ धोखाधड़ी कर उसके फिक्स्ड डिपॉजिट खाते से लाखो रुपए फर्जी तरीके से निकाल लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले की खुल्लासा उस समय हुआ जब बैंक के खाताधारक महिला बूका गांव निवासी छठनी देवी पति दिलीप राम ने सोमवार को पीएनबी बैंक पहुंचकर अपने फिक्स किए ही रकम की जानकारी शाखा प्रबंधक ली तो पता चला कि उसके फिक्स खाते से धोखाधड़ी कर 1 लाख 70 हजार रुपए की निकासी हो चुकी थी।

### क्या है, मामला

जानते चले कि भवनाथपुर के बुका गांव निवासी उर्मिला देवी पति कईल भुइंया की मौत बीते 2016 में नदी पार करने के दौरान बाढ़ में डूबने से हो गई थी। सरकार द्वारा आपदा राहत कोष से मुआवजे के रूप में मिलने वाली चार लाख रुपए की चेक को क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने 2016 में मृतका के पति को दिया था। उक्त मुआवजे की राशि मृतका के नाबालिग बेटा बेटियों के नाम पर बैंको में जमा कराया गया। उस समय मृतका के नाबालिग पुत्री छठनी कुमारी के नाम 2016 -- 17 में भवनाथपुर पंजाब नेशनल बैंक में 1 लाख 10 हजार रुपए फिक्स्ड डिपॉजिट किया गया था, जिसका मैच्युरिटी 2027 में पूरी होने वाली थी। बालिग होने पर छठनी कुमारी की शादी दिलीप राम के साथ कर दी गई, जो शादी के बाद से ही कानपुर में ही रह रही थी।

### मामले का कैसे हुआ खुलासा

छठनी देवी पति दिलीप राम बताई कि जब मैं कानपुर से अपने घर बुका पहुंचकर अपनी नानी से फिक्स डिपाजिट का कागजात और पासबुक की मांग की तो पता चला कि उसके मामा मंगरू भुइंया अपनी पुत्री के शादी में टाउनशिप में रहने वाले विनोद राम का डेकोरेशन किया था, पैसा नही दें पाने के एवज में मंगरू ने विनोद राम के पास अपनी भांजी छठनी देवी का फिक्स डिपाजिट का कागजात और पासबुक बंधिका के तौर पर रखा था।
इस दौरान मंगरू भुइंया की मौत हो जाने के बाद विनोद राम ने षड्यंत्र के तहत बैंक कर्मियों के साथ सांठ गांठ कर छठनी देवी को मृत घोषित कर उसके पास में अपनी पत्नी मनोरमा देवी का फोटो लगाकर धोखधड़ी कर मैच्युरिटी पूरी होने से पूर्व ही मेरे बिना मौजूदगी और बिना हस्ताक्षर के ही फिक्स्ड डिपॉजिट के खाते को तोड़कर मार्च 2024 को 1 लाख 70 हजार रुपए की फर्जी तरीके से निकासी कर ली गई है।

उसने बताया कि इस फजीर्वाड़े में बैंककर्मी भी संलिप्त है, जिसे लेकर मैं उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कराऊंगी।

इस संबंध में पूछने पर शाखा प्रबंधक मनीष कुमार ने बताया कि फिक्स्ड डिपाजिट के कागजात और पासबुक का सत्यापन कर ही पैसा की निकासी की गई है, महिला ग्राहक के अनुसार अगर उसकी अनुपस्थिति में और बिना हस्ताक्षर के फिक्स्ड डिपॉजिट तोड़कर अवैध तरीके से पैसा की निकासी गई है, तो मामले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई किया जायेगा।

## मजदूर को काम करने के दौरान जहरीले सांप ने डंसा, हुई मौत

**बरडीहा (आजाद सिपाही)।** थाना के सलगा गांव निवासी स्वर्गीय कान्हा यादव के लगभग 52 वर्षीय पुत्र दिहाड़ी मजदूर श्यामनाथ यादव को मजदूरी करने के दौरान जहरीले सांप के काटने से मौत हो गई। इधर पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक श्याम नाथ यादव बंशीधर नगर के हलीवंता गांव में एमजीसीपीएल कंपनी में मजदूरी करने गया था। मजदूरी करने के दौरान रविवार की रात्रि में जहरीले सांप ने डंस दिया। इसके पश्चात सहकर्मी मजदूर एवं ग्रामीणों के सहयोग से बंशीधर नगर अस्पताल में इलाज करवाया गया। इलाज के दौरान ही सोमवार के सुबह मजदूर श्यामनाथ यादव की मौत हो गई। उसके पश्चात शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

## आपसी विवाद में मारपीट में पांच घायल


**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के श्री बंशीधर मंदिर के समीप हरिजन टोला में रविवार की देर रात आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज अनुमंडल अस्पताल में किया गया। घटना में घायल होने वालो एक पक्ष के स्व घुरन राम की 60 वर्षीय पानवा कुंवर , 38 वर्षीय पुत्र राजेश राम तथा उमेश राम की 30 वर्षीय पत्नी रंभा कुमारी का नाम शामिल है। वही दूसरे पक्ष के स्व राम आधार राम के 38 वर्षीय पुत्र विनय राम तथा कृष्णा राम के 22 वर्षीय पुत्र धूप कुमार का नाम शामिल है।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र के अनुसार संख्या-118, दिनांक-04.05.2024 मै सुशीला देवी पति रंजित साव निवास ग्राम - निधिया पो0- विकुवादान, थाना - कर्रा जिला - खुंटी, झारखण्ड राज्य की स्थायी निवासी हुँ एवं शपथ पूर्वक निम्नांकित ब्यान देती हूँ। यह कि भारत निर्वाचन अयोग द्वारा मतदाता फोटो पहचान पत्र सं0 BXL0125179 पर एवं मेरे शैक्षाणिक प्रमाण पत्र मेरा नाम सुशीला देवी दर्ज किया गया है जो पूर्णतः सही है 2. यह कि भारत सरकार द्वारा मेरे नाम से आधार कार्ड निर्गत किया गया है जिसका क्रमांक 2738 2810 1288 पर मेरा नाम हुलसु देवी किया गया है जो कि गलत है 3. यह कि वर्तमान में मुझे उपरोक्त आधार कार्ड पर जो मेरा नाम है हुलसु देवी दर्ज किया गया है के स्थान पर सुधार कराते हुए मेरा वास्तविक नाम दर्ज करवाना अति अवश्यक है। यह कि यह शपथ पत्र मै मेरे नाम से निर्गत आधार कार्ड पर जो गलत नाम है हुलसु देवी दर्ज किया गया है , जो सुधार करते हुए मेरी सही नाम सुशीला देवी दर्ज कराने हेतु निष्पादित कर रही हुँ। 5. यह कि उपरोक्त सभी ब्यान जानकारी एवं विश्वास में सही एवं सत्य है

# विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र मोरवाई पंचायत के सैदुप पिपराटांड़ टोला में बीते रात्रि पचु मोची की पत्नी रीमा देवी (उम्र 28वर्ष लगभग) ने अपने घर में साड़ी का फंदा लगाकर अपनी लिला समाप्त कर ली। घटना की सूचना पर बरवाडीह पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को अपनी कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेज दिया है घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतका के के पति पचू राम कमाने केरल गया हुआ था। घर में रीमा देवी वह अपने दो छोटे-छोटे बच्चों एवं सास ससुर के साथ रहती थी।महिला ने बीते रात्रि किसी बात को लेकर एकांत पाकर अपने ही घर में फांसी लगाकर कर आत्म हत्या कर ली। सास ससुर ने अपने बहू की फांसी लगा कर आत्म हत्या करने की जानकारी बरवाडीह पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर का शव को अपने कब्जे में कर आवश्यक जांच पड़ताल करते हुए पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मृतक महिला के पति को भी दे दी गयी है। वही मामले की सभी पहलुओं पर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# एनएच 75 पर अनियंत्रित कार पेड़ से टकरायी, छह लोग हुए घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार सदर थाना क्षेत्र के पतकी जंगल मे एनएच-75 पर सोमवार की दोपहर 2:00 बजे एक स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे एक पेड़ से टकरा गयी। जिससे कार मे सवार सभी छह लोग घायल हो गये। घायलों में लक्ष्मी शर्मा और उनके भाई सुशांत शर्मा, नमन कुमार, रितिका कुमारी, तेजस कुमार व चालक अभिमन्यु कुमार सिंह शामिल है।

सभी घायल पलामू जिला के जपला के जेपी चौक निवासी है घटना के संबंध मे कार चालक अभिमन्यु कुमार सिंह ने बताया कि वह सभी लोग जपला से बोकारो जा रहे थे लेकिन पतकी जंगल पार करने के दौरान उनके पैर ने नीचे ब्रेक के पास पेप्सी का दो लीटर का बोलत फंस गया। पतकी मोड के पास उन्होने कार मोड़ने का प्रयास किया लेकिन कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गयी और एक विशाल पेड़ से टकरा गयी।



इस घटना के बाद मौके से गुजर रहे लोगों ने सभी घायलो को सदर अस्पताल पहुंचाया। यहां डा भारद्वाज ने सभी का प्राथमिक इलाज किया। जिसमे लक्ष्मी शर्मा व नमन कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

# उपायुक्त ने निर्वाचन के आइकॉन को किया सम्मानित







आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए लोहरदगा जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चयनित जिला के चार आईकॉन को आज सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनके अतिरिक्त विभिन्न कोषांगों में बेहतर कार्य करनेवाले कार्यपालक दंडाधिकारी अभिनीत सूरज को भी उपायुक्त द्वारा सम्मानित किया गया। जिन आईकॉन को सम्मानित किया गया उनमें क्रिकेट खिलाड़ी आशीष कुमार, क्रिकेट खिलाड़ी व प्रशिक्षक अमित कुमार, कुश्ती खिलाड़ी अजीता कुमारी और पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी संजना कुमारी (संजना की अनुपस्थिति में यह प्रमाण पत्र संजना के पिता ने प्राप्त किया) शामिल हैं। मौके पर स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, कुश्ती कोच महादेव उरांव व अन्य उपस्थित थे।

# साइकिल रैली में लोगों को पर्यावरण के प्रति सजग रहने का दिया संदेश

**पिछले एक दशक से हर वर्ष अग्रवाल साइकिल निकालता है साइकिल रैली**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** स्थानीय गुदरी बाजार स्थित अग्रवाल साइकिल के द्वारा विश्व साइकिल दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत साइकिल रैली निकाली गई। यह रैली गुदरी बाजार से शुरू होकर महावीर चौक, मिशन चौक, बरवाटोली, न्यू रोड, पावरगंज, सोमार बाजार, बड़ा तालाब, थाना रोड, शास्त्री चौक होते हुए पुनः गुदरी बाजार पहुची। अग्रवाल साइकिल के संचालक कमल अग्रवाल ने लोहरदगा वासियो को साइकिल चलाने के फायदे तथा पर्यावरण को होने वाले प्रदूषण से बचाव में साइकिल के सहायक होने की बात बताई। उन्होंने साईकिल के उपयोग से होने वाले फायदे पर प्रकाश डाला। कहा साइकिल को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। साइकिल यातायात का सरल, सस्ता, स्वच्छ, एवं पर्यावरण के अनुकूल साधन है। स्वास्थ्य लाभ, तनाव में कमी पर्यावरण संरक्षण, खर्च में कटौती के लिए साइकल का उपयोग करें। शिक्षक मनीष कुमार ने कहा कि साइकिल का उपयोग हमारे स्वास्थ्य के लिए वरदान साबित होगा। साइकिल चलाने से शारीरिक क्षमता का विकास होता है। वही उज्वल बंसल ने कहा कि साइकिल की सवारी लगती है बडी प्यारी, स्वास्थ्य को बढ़ाये, न फैले कोई प्रदूषण, न कोई बीमारी। आज से 20 साल पहले लोग 50 किमी का सफर इस से आसान तरीको से करते थे परंतु आज संसाधन बड़ रहा है लोग इसे भूलते जा रहे है। मौके पर कमल अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, उज्जवल बंसल, मनीष गुप्ता, निखिलेश कांस्यकार, बसंत महतो, राकेश सोनी, पिंटू महतो, टिंकू महतो समेत बड़ी संख्या में साइकिल प्रेमी लोग मौजूद थे।

# बीडीओ ने गांवों में विकास योजनाओं का निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने सोमवार प्रखंड के आकाशी पंचायत के विभिन्न गांवों में विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत के कुम्हारिया के लाभुक मुस्तफा अंसारी व बांधना उरांव के कूप निर्माण कार्य का जायजा लिया। कार्यस्थल पर महिला मजदूरों द्वारा कूप निर्माण का कार्य किया जा रहा था। कार्यस्थल पर महिला मजदूरों की मौजूदगी देखकर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि मनरेगा का उद्देश्य मजदूरों को रोजगार मुहैया कराना है। इनमें खासकर ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ना है, ताकि उनकी बदहाली दूर हो सके। मनरेगा की वजह से ग्रामीण क्षेत्र के महिला एवं पुरुष मजदूरों को रोजगार मिल रहा है जो काफी अच्छी बात है। उन्होंने लाभुक को



बेहतर गुणवत्ता से समय पर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान लाभुकों को कार्य में गुणवत्ता लाने को कहा गया। साथ ही गांव में कई अबूवा आवास योजना का निरीक्षण करते हुए समय से आवास पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर बीपीओ अभिषेक किशोर, रोजगार सेवक लालदेव भगत, लाभुक एवं मजदूर उपस्थित थे।

# नाबालिग बाइक सवार ने पैदल चल रहे युवक को मारी टक्कर, घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार नगर पंचायत के अंतर्गत जेल गेट के पास बाइक सड़क दुर्घटना में एक युवक अविनाश कुमार पांडे गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार श्री पांडे अपने निजी काम को लेकर सोमवार को रोड पार कर रहे थे। इसी दौरान लातेहार जेल गेट के पास इसी दुकान में सामान लेने पार हो रहे थे इसी बीच बाइक वाले धक्का मार कर भाग निकले। जिससे उलझा कर वह सड़क पर गिर पड़े, इधर दुर्घटना होने के मौके पर झामुमो युवा नेता अंकित पांडे व भाजपा युवा मोर्चा के मंत्री यशस्वनी सिंह (मिट्ठू सिंह)ने सही समय पर आसपास के ग्रामीणों के द्वारा घायल को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर द्वारा उनका इलाज किया। उन्होंने




बताया कि श्री पांडे के सर मैं चोट और पैर टूट गया है। झामुमो युवा नेता ने बताया कि जल्द से जल्द उनका इलाज अनिवार्य है और बाइक वाले से अनुरोध है कृपया सावधानी से चले धीरे से चले किसी को चोट नहीं पहुंचायें। अगर आप भी अपने नाबालिग बच्चे को बिन सोचे-समझे कार या बाइक की चाबी दे देते हैं तो अगली बार चाबी देने से पहले 100 बार सोचें। अगर आपने चाबी दी और कोई सड़क हादसा हो गया तो किसे कसूरवार समझा जायेगा। फिलहाल उनका इलाज सदर अस्पताल चल रहा है।

# खेल विभाग की उदासीनता के कारण खिलाड़ियों का भविष्य खराब

**सरकारी योजना विफल सरकारी अधिकारी के कारण ही होती है : मनौवर आलम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सोमवार को किस्को प्रखंड सिद्धू कान्हु खेल क्लब के अध्यक्ष मनौवर आलम सचिव जसीम अंसारी एवं उपाध्यक्ष दिल्लू उरांव के द्वारा द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड सरकार के द्वारा खेल के क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश से सरकार ने सिद्धू कान्हु खेल कल्ब का गठन करने का काम किया। जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के बढ़ावा दिया जा सके। इसके साथ खेल के आयोजन के लिए वार्षिक पैसा खेल के क्षेत्र में खर्च हो और सिद्धू कान्हु कमिटी के माध्यम से खर्च हो और विभिन्न क्षेत्रों में खेल का आयोजन हो प्रतिभा की खोज हो इसको लेकर झारखंड सरकार के द्वारा सिद्धू कानू खेल क्लब कमेटी का गठन किया गया। परंतु दुर्भाग्य है कि सरकार की इतनी बड़ी जनकल्याणकारी योजना अधिकारियों के कार्यालय में ही समाप्त हो जा रही है । जिला खेल पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी से बात किया जाता हैं तो उनके द्वारा किसी भी प्रकार की इस योजना के लाभ हेतु कोई संज्ञान नहीं लिया जाता। आज इस क्लब के गठन के लगभग 1 वर्ष पूर्ण हो चुकी है। परंतु प्रखंड के प्रशासनिक पदाधिकारी एवं जिला के पदाधिकारी किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेवारी लेने को तैयार नहीं है। ऐसे में जो झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी योजना सिद्धू कानू खेल क्लब का गठन करने का कोई फायदा नहीं है। सरकार के अधिकारी खेल के क्षेत्र में किसी प्रकार के कोई कार्य करने में असमर्थ है।

विगत कुछ वर्षों से खेलकूद विभाग के द्वारा प्रत्येक प्रखंड में एक मिनी स्टेडियम निर्माण करने की योजना सरकार के द्वारा है परंतु अभी तक इस योजना को लेकर अंचल अधिकारी एवं खेल विभाग किसी प्रकार की संज्ञान नही ली। जिससे खेल के क्षेत्र में काफी नुकसान खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखारने में हो रही है।

# ट्रेन से कटकर युवती ने की आत्महत्या



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के खुरा बस्ती के समीप रेलवे ट्रेक में ट्रेन से कटकर लगभग 19 वर्षीय एक युवती ने आत्महत्या कर लीं। जिसकी पहचान खुरा ग्राम निवासी दिनेश प्रसाद की पुत्री सिपा कुमारी के रूप में हुई। घटना को लेकर मृत युवती की मां बबिता देवी के अनुसार उनकी बेटी बीते वर्ष जनवरी में गाँव के कुंदन यादव के साथ घर से भाग गयी थी। जिसके बाद पुलिस ने दोनों को बरामद किया था। वही कुंदन के ऊपर नबालिक बेटी को भगाने के आरोप में दर्ज मामले के बाद जेल भेज दिया गया था। जिसके बाद उसके जेल से आते ही मेरी बेटी फिर उसके साथ रहने लगी और घर से भाग गयी। जिसके बाद यह घटना सोमवार शाम घटित हुई है। उधर घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे थाने के सहायक अवर निरिक्षक अनवर अली ने जांच पड़ताल की। जहां घटना स्थल से एक बेग के साथ उसमे सुसाइड नोट बरामद किया गया। जिसे कब्जे में लेने के साथ शव को भी कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया। मौके पर भारी सख्या में लोंगो की भीड़ उमड़ी हुई थी।

# छिपादोहर वन विभाग ने मंदिर परिसर में चलाया सफाई अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह छिपादोहर पश्चिमी वन क्षेत्र के वनों के क्षेत्र पदाधिकारी अजय टोप्पो के नेतृत्व में वन कर्मियों द्वारा सोमवार की सुबह प्रखंड के पहाड़ी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया। रेंजर के नेतृत्व में सर्वप्रथम पहाड़ी शिव मंदिर परिसर केनीचे हिस्से में वन कर्मियों द्वारा सफाई अभियान के तहत पूरे परिसर की सफाई किया गया और आसपास पड़े सभी गंदगी को हटाया गया। इसके बाद वन कर्मियों द्वारा पहाड़ी हनुमान मंदिर परिसर एवम सबसे ऊपरी हिस्सा में निर्माणधीन काली मंदिर परिसर की पूरी तरह साफ सफाई किया गया। इन परिसरों में भी जमा हुई गंदगी को भी वन कर्मियों द्वारा बोरे में भरकर हटाया गया। इस अभियान में वनों के क्षेत्र पदाधिकारी अजय टोप्पो के अलावा वनपाल रजनीश कुमार सिंह, अखिलेश कुमार, दीपक मिश्रा, मुकेश उरांव सभी वनपाल एवम वनकर्मी कृष्णा राम, अमृत लाल खाखा, मो इमरान अहमद, अभिषेक सिंह, अभिषेक एक्का, अविनाश एक्का, श्रवण कुमार गुप्ता, मुकेश यादव, रामनिवास समेत कई वन कर्मी शामिल थे।

# संविदा पर कार्यरत अमीन के खिलाफ डीसी को दिया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** भंडरा आंचल कार्यालय में पूर्व में संविदा पर कार्यरत अमीन फिरोज आलम पर ग्रामीणों ने ग्रामीणों ने गंभीर आरोपी लगाते हुए उपायुक्त को आवेदन देकर अमीन फिरोज आलम पर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने उपायुक्त को दिए अपने आवेदन में बताया कि फरवरी 2024 में ही फिरोज आलम अमीन का संविदा खत्म होने के बाद भी राजस्व उप निरीक्षक राजेन्द्र कच्छप के साथ दलाल के रूप में कार्य कर रहा है। जो कि आम जनता से दाखिल खारिज एवं ऑनलाईन के नाम पर मोटी रकम का वसूली करता है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन देने वालो में परवेज मिरदहा, अजीत भगत, मुमताज अंसारी, संजीत कुमार, दिलशाद अंसारी अन्य लोग सामिल थे।

अंचल अधिकारी दुर्गा कुमार से बात करने पर बताया की ग्रामीणों द्वारा मुझे भी इस तरह की शिकायत मिली है। अंचल उपनिरीक्षक राजेन्द्र कच्छप स्वस्थ्य ठीक नही रहने के कारण मदद के लिए पूर्व सविंदा कर्यरत पूर्व अमीन फिरोज आलम को रखा है और दाखिल खारिज के लिए मोटी रकम लेने की शिकायत की जांच की जायेगी दोषी पाये जाने पर कारवाई की जायेगी।

# तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार शहर के जुबली रोड में द होटल कार्निवाल्स में आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का समापन सोमवार को हो गया। शिविर में आचार्यकुलम, हरिद्वार में स्वामी रामदेव के सानिध्य में योग साधना कर रहे यति यशवी एवं यथार्थ शाह एवं महिला पतंजलि की जिला संयोजक सुनीता गुप्ता ने लोगों को योग एवं प्रणायाम के कई क्रियाओं की जानकारी दी। बता दें कि यति यशवी आचार्य कुलम में कक्षा आठ की एवं यथार्थ कक्षा छह का छात्र है। शिविर को संबोधित करते हुए सुश्री यशवी ने कहा कि स्वामी रामदेव ने भारतवर्ष के लोगों को निरोग बनाने का संकल्प लिया है। इसके लिए



**उदयीवीर सिंह यादव हैं यति यशवी के योग प्रशिक्षक**

बातचीत करते हुए यति यशवी ने बताया कि आचार्यकुलम में उदयवीर सिंह यादव उनके योग शिक्षक हैं। उन्होंने बताया कि यादव सर 30 वर्षों से सेना में अपनी सेवा दी है और कारगिल युद्ध के बाद उन्हें राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कार मिल चुका है। वे पिछले 11 वर्षों से आचार्यकुलम में अपनी सेवा दे रहे हैं। स्कूल में सभी बच्चे उन्हें दादाजी के नाम से पुकारते हैं। सुश्री यशवी ने कहा कि योग प्राचीन काल से भारत की संस्कृति रही है और स्वामी रामदेव ने इसे पुर्नजीवित किया है।

उन्होने योग को घर घर तक पहुंचाने का निर्णय लिया है। योग से असाध्य रोग तक ठीक होते हैं। आज पूरी दुनिया योग के महत्व को समझ रही है। यही कारण है कि भारत के पहले प्रति वर्ष 21 जून को आज विश्व में योग दिवस मनाया जाता है। हमें योग को अपने जीवन में उतारना होगा। सुनीता गुप्ता ने कहा कि स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण देश के लोगों में राष्ट्रधर्म का पालन करने एवं स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होने कहा कि आज का भारत जाग गया है। लोग योग व स्वदेशी की ओर आकर्षित हो रहे हैं। शिविर में तियाशा एवं आदित्य राज टैगोर ने भजन प्रस्तुत किये। कार्यक्रम पतंजलि की जिला इकाई की कोषाध्यक्ष कमला गुप्ता, पत्रकार बद्री प्रसाद व आशीष, समाजसेवी राजू रंजन प्रसाद, वरीय अधिवक्ता सुनील कुमार, नवीन कुमार गुप्ता, मीना देवी, रेखा देवी, अवनीश शाह, पम्मी गुप्ता, नवीन शाह, विकास रंजन, वैदेही रंजन, सतीश साहू, विजेता गुप्ता, डॉ मोना रंजन समेत बड़ी संख्या में बच्चों एवं उनके अभिवावकों ने भाग लिया।

# वट सावित्री पूजा के लिए गिरे हुए पेड़ को हटाने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार शहर के गुरुद्वारा रोड में शनिवार की दोपहर आई तेज आंधी-पानी के कारण बरगद का एक विशाल पेड़ गिर गया था। हालांकि पेड़ गिरने के बाद नगर पंचायत के कर्मियों द्वारा पेड़ के टहनियों की छटाई करवायी गयी थी। लेकिन समुचित तरीके से पेड़ की टहनियों को नहीं हटाया गया है। स्थानीय मोहल्ले वासी बिजेंदर दास, प्रियांशु रंजन, सुमित कुमार, प्रकाश साहू व राजू साहू समेत कई लोगों ने कहा कि मोहल्ले की सड़क पर पेड़ गिरा हुआ है। जिससे वाहनों के आवागमन में परेशानी हो रही है आगामी छह जून को इसी वृक्ष के



नीचे वट सावित्री पूजा किया जाता है सैकड़ों की संख्या में सुहागन महिलाएं यहां पूजा पाठ करती हैं। अगर गिरे हुए पेड़ को नहीं हटाया गया तो वट सावित्री पूजा के दौरान महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। मोहल्ले वासियों ने गिरे हुए बरगद पेड़ को जल्द से जल्द हटाने की मांग नगर पंचायत के प्रशासक से की है।

# नजरें पॉलिटेक्निक कॉलेज पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

## सुबह 8 बजे से 84 टेबल पर 20 राउंड में होगी मतगणना

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** इंतजार की घड़ियां खत्म हो गयी। अब चंद्र घंटे के बाद मतगणना शुरू हो जायेगी। वज्रगृह में रखे हुए ईवीएम, लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के 15 प्रत्याशियों की किस्मत अपने अंदर समेटे हुए अपने खुलने का इंतजार कर रहे हैं। कयामत की रात गुजर चुकी है। पांच विधानसभा क्षेत्र वाले इस लोकसभा सीट में काफीसंशय की स्थिति बनी हुई है।

मतगणना कार्य के सफल संचालन हेतु मांडर विधानसभा के लिए 22 टेबल बनाए गए हैं, सिसई विस के लिए 18 टेबल, गुमला विस के लिए 18 टेबल, विशुनपुर विस के लिए 18 टेबल, एवं लोहरदगा के लिए 18 टेबल निर्धारित किये गये हैं। प्रत्येक टेबल के लिए 3-3 कर्मियों की नियुक्ति की गयी है। साथ ही 20 प्रतिशत कर्मियों को रिजर्व में रखा गया है। इसके अलावा 40 टेबल, पोस्टल बैलेट की मतगणना हेतु निर्धारित किये गये हैं। जहां प्रत्येक टेबल के लिए 4 कर्मियों को प्रतिनियुक्ति किया गया है। मतगणना शुरू होने के पहले से ही भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी दोनों के प्रत्याशी सहित सभी कार्यकर्ता अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। निर्दलीय प्रत्याशी में चमरा लिंडा निर्णायक की भूमिका में अभी तक नजर आ रहे हैं। अटकलबाज़ियों का दौर खत्म हो चुका है। एग्जिट पोल ने क्षेत्र वासियों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। कार्यकर्ता अपने-अपने जिम्मेदारियां को लेकर मतगणना केंद्र में डट गये हैं। कांग्रेस और बीजेपी दोनों पार्टियों के लोगों ने मतगणना केंद्र के करीब अपना अपना खेमा गाड़ दिया है। गुमला लोहरदगा मुख्य पथ पर मतगणना होने के कारण निसंकोच वाहनों के आवागमन में दिनभर दिक्कतें आयेंगी। केन्द्र के आसपास प्रतिबंधित क्षेत्र से कुछ हट कर होटल चाय दुकान आदि की व्यवस्था भी होनी शुरू हो गयी है। अब ऊंट किस करवट बैठता है यह थोड़ी देर के बाद पता चल जायेगा।

# 250 किलो गांजा के साथ वाहन जब्त, आरोपी फरार

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** घाघरा पुलिस ने रविवार की रविवार की रात लगभग 250 किलो गांजा के साथ एक वाहन को जब्त किया है। हालांकि अंधेरे का फायदा उठा कर सभी फरार हो गये। जानकार सूत्रों ने बताया कि गम्हरिया के समीप बीते रविवार की शाम पुलिस वाहन जांच कर रही थी, इस दौरान पुलिस को देख एक वाहन बिना रोके फरार हो गया। वहीं दूसरा वाहन जिसमें गांजा लदा था कुछ दूरी पर पीछे पीछे आ रहा था उक्त वाहन को भी जब पुलिस दिखी तो चालक वाहन को मोड़कर पुनः गम्हरिया से घाघरा की ओर भागने लगा और भागते हुवे गम्हरिया बस्ती के अंदर घूंसा जब तक पुलिस बस्ती के अंदर पहुंचती तब तक गांजा सहित वाहन को लॉक कर अंधेरे का फायदा उठाकर सभी फरार हो गये। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दूर भगाने के बाद सभी ने अपना कपड़ा चेंज किया ताकि पहचान में ना आ सके और सभी फरार हो गये। जिसके बाद पुलिस ने वाहन में जाकर देखा तो भारी मात्रा में गांजा लदा था। अंदेशा लगाया जा रहा है कि गांजा की मात्रा लगभग 250 किलो होगा। जिसके बाद वाहन समेत गांजा को पुलिस ने जब्त कर थाना ले आयी है। इस पूरे मामले में थानेदार तरुण कुमार से पूछने पर उन्होंने कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा उन्होंने कहा अभी मामला स्पष्ट नहीं है जैसे ही मामला स्पष्ट होता है प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों के बीच साझा किया जायेगा।

## पिता से डांट सुनने के बाद युवती ने किया डिटॉल का सेवन, सदर अस्पताल में भर्ती




**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के असनी निवासी 20 वर्षीय युवती खुशबू कुमारी ने रविवार की रात डिटॉल का सेवन कर लिया। जानकारी पर युवती की मां उसे लेकर सदर अस्पताल आई। जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार युवती अपनी मां के साथ शांति नगर स्थित किराए के मकान में रहती है। उसकी मां रविवार को अपने पैतृक गांव असनी गयी हुई थी पिता हिमाचल प्रदेश में मजदूरी का काम करता है किसी बात को लेकर पिता ने फोन पर बेटी को खरी खोटी सुनायी जिससे आक्रोशित होकर युवती डेटॉल का आधा शीशी गटक गयी। इसके बाद बगल किराए में रहने वाली सहेली को घटना की जानकारी दी और उसे अस्पताल लाया गया। घटना रविवार की रात 9:00 बजे की है।

## ट्रक से टक्कर में बाइक सवार दो लोग घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** बिशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बनारी गूंगा टोली के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया घटना में गांगु टोली निवासी 16 वर्षीय रोशन लोहरा गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि बाइक में उसके साथ पीछे बैठे लड़के को हल्की चोट लगी जानकारी के मुताबिक दो लड़के बाइक से कुछ खाने के लिए बनारी होटल जा रहे थे तभी पीछे से एक ट्रक बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में बाइक सवार दोनों लड़के सड़क पर गिर गए। ट्रक घटनास्थल से फरार हो गया। घटना में रोशन को गंभीर चोट लगी। उसका एक पैर टूट गया और पैर हाथ और शरीर के कई हिस्से में उसे चोट लगी जबकि उसके साथ बाइक में पीछे बैठे लड़के को चोट नहीं आई इसके बाद रोशन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर ले जाया गया जहां से इलाज के उपरांत रात 9:00 बजे उसे सदर अस्पताल लाया गया।

## घर की दीवार गिरने से व्यक्ति हुआ घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के सरना टोली मोहल्ला में सोमवार की अपराह्न आसमानी बिजली के घर में गिरने के बाद दीवार गिरने से घर का मालिक 41 वर्षीय बिरसा खड़िया गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में उसके सिर व चेहरा में गंभीर चोट लगी और वह जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया। आनन फानन में परिजन पानी में भीगते हुए उसे एंबुलेंस से लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। घटना की जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया सोमवार की अपराह्न जोरदार बारिश के साथ बिजली भी कड़क रही थी। घर के सभी सदस्य दूसरे कमरे में थे। जबकि बिरसा बरामदे के पास एक कमरे में बैठा था। तभी घर के दीवार पर आसमानी बिजली गिरी और दीवार को क्षतिग्रस्त कर दिया। तभी दीवार सहित ईंट एसवेस्टर बिरसा के सिर में गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

## ऑटो पलटने से एक व्यक्ति की हुई मौत आधा दर्जन से अधिक घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला रांची नेशनल हाइवे में खोरा के भकुआ टोली मोड़ में एक ऑटो के पलट जाने से एक युवक की मौत हो गयी। जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। बस कार दुर्घटना में तीन की मौत व एक घायल की चर्चा समाप्त भी नहीं पाए थे कि खोरा में टेंपू पलटने की घटना में कुरुमगढ़ थाना क्षेत्र के उरु निवासी अनिल उरांव 35 वर्ष की मौत हो गई जबकि उसके परिवार के सदस्य विनिता देवी 30 वर्ष, भूषण उरांव तीन वर्ष, अनीमा कुमारी दो वर्ष सभी उरुनिवासी और भकुआटोली निवासी अमरीका देवी और लालमाटी निवासी कृष्णा उरांव घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टेंपू में लगभग दस लोग सवार थे। शेष लोगों को हल्की चोट लगी है। जानकारी के अनुसार उरु निवासी विनिता अपने परिवार के साथ सिसई अपना मायके गई थी। लौटने के दौरान भकुआटोली मोड़ में कुत्ता को बचाने के दौरान ऑटो पलट गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से मृतक व घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहा जहा घायलों का इलाज चल रहा है।

# विश्व साइकिल दिवस पर डीएवी स्कूल ने निकाली साइकिल रैली

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर आज डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के द्वारा एक साइकिल रैली निकाली गयी। यह रैली जिला विज्ञान केंद्र गुमला से प्रारंभ होकर सारू पहाड़ तक गयी और वापस परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम के पास खत्म हुई। इस रैली में विद्यालय के इको क्लब के सदस्यों एवं एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। इस दौरान एएनओ समेत 20 विद्यार्थियों ने लगभग 200 किलोमीटर की समेकित यात्रा की। प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहू ने कहा कि साइकिलिंग एक तरह की एक्सरसाइज है। इससे दिमाग हैप्पी हार्मोन्स रिलीज करता है और तनाव कम होता है। आप बेहतर महसूस करते हैं। साइकिल चलाने से मेंटल हेल्थ बेहतर रहती है, मांसपेशियां मजबूत बनती हैं। कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ के लिए भी साइकिल चलाना लाभदायक है। सहायक एनसीसी अधिकारी सेकेंड आफि सर अभिजीत झा ने कहा कि फि टनेस को बढ़ावा देने एवं पर्यावरण की रक्षा करने के लिए जनमानस में चेतना जगाने के लिए यह रैली आयोजित की गयी थी जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस रैली में कैडेट आर्यन कुमार सिंह, कैडेट सौरांश कुमार, कैडेट सचिन कुमार गोप, कैडेट विपुल अग्रवाल, कैडेट रोहन गोप, कैडेट लाल कनक वर्धन नाथ सहदेव, कैडेट आदित्य उरांव, कैडेट आदित्य राज, कैडेट लक्ष्य सोढानी, कैडेट सृष्टि उरांव, कैडेट तनिषा कुमारी एक्का, कैडेट लक्ष्मी कुमारी, कैडेट नुपूर कुमारी समेत कई बच्चों ने भाग लिया।

# काउंटिंग ऑब्जर्वर और जनरल ऑब्जर्वर ने किया मतगणना केंद्र का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के लिए मतगणना मंगलवार को होगी। यह मतगणना चंदाली स्थित पॉलीटेक्निक कॉलेज में बने अस्थाई मतगणना केंद्र में होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त काउंटिंग ऑब्जर्वर ए.वेंकटेसू एवं जनरल ऑब्जर्वर के.डी. कुंजम ने सोमवार को केंद्र का निरीक्ष किया। इस दौरान मुख्य रूप से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह भी मौजूद रहे। सभी ने संयुक्त रूप से मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान जनरल ऑब्जर्वर एवं काउंटिंग ऑब्जर्वर के द्वारा विधानसभा वार टेबलों की संख्या और मतगणना कर्मियों व काउंटिंग एजेंट के प्रवेश व निकासी के बारे में भी जानकारी दी गई। वज्रगृह से मतगणना हॉल कंट्रोल यूनिट को ले जाने व गणना के पश्चात इवीएम-वीवीपैट मशीन को सील कर वेयर हाउस में ले जाने के संबंध में उपायुक्त से पूरी तैयारी की जानकारी ली। पोस्टल बैलेट हॉल का निरीक्षण किया और पदाधिकारियों से जरूरी जानकारी ली। उपायुक्त ने बताया कि मतगणना केंद्र में मोबाइल फोन, माचिस, लाइटर, वाटर बॉटल, तंबाकू, सिगरेट, इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट, च्युइंग गम आदि लेकर जाने पर प्रतिबंध है। मतगणना से संबन्धित तैयारी पूर्ण कर ली है गयी। उन्होंने सभी कोषांगों के लगे स्टॉल्स का भी अवलोकन किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा मतगणना दिवस के दिन सुरक्षा व्यवस्था की भी सम्पूर्ण जानकारी दी। मौके पर उप विकास आयुक्त, एसडीओ सदर, एसडीओ बसिया, डीसीएलआर, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

# सुड़ी समाज कार्यसमिति की बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** सुड़ी समाज गुमला कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को समाज के धर्मशाला में जिला अध्यक्ष सूरज कुमार साहू के नेतृत्व में संपन्न हुई। अध्यक्ष द्वारा सर्वप्रथम पिछले कार्यक्रमों और बैठकों की संपुष्टि की गई। बैठक में उपस्थित सभी कार्यसमिति सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 23 जून को सुड़ी समाज गुमला का वार्षिक आमसभा आयोजित किया जाएगा। जिसमें गुमला के सुड़ी समाज के सभी सदस्य सभी प्रखंड से प्रखंड के प्रतिनिधिगण आमंत्रित रहेंगे। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि आमसभा में समाज के उन मेधावी छात्र-छात्राओं को जिनका प्राप्त अंक मैट्रिक और इंटर में 85% से ऊपर होगा उन्हें सम्मानित किया जाएगा। समाज के जिला कोषाध्यक्ष श्री संजय कुमार के शारीरिक और व्यक्तिगत समस्या को देखते हुए उनके सहयोग हेतु वर्तमान कमीटी में कार्यकारिणी के पद पर कार्यरत मिथलेश प्रसाद को सह कोषाध्यक्ष का प्रभार तत्काल प्रभाव से सौंपा गया। वर्ष 2020 में जमीन विवाद हेतु प्राप्त एक आवेदन जिसका निष्पादन किसी कारणवश नहीं हो पाया था उस पर कार्रवाई करते हुए आगामी 16 जून दोपहर 2:00 बजे से उक्त विवाद के निबटारा हेतु आवश्यक बैठक आहूत करने का निर्णय लिया गया। बैठक के अंत में समाज के संरक्षक स्वर्गीय रामलाल प्रसाद जिनका निधन पिछले माह 14 तारीख को हो गया था उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बैठक में मुख्य रूप से रामेश्वर प्रसाद साहू, महावीर साहू, संदीप प्रसाद, पंचू साहू नंदकिशोर प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, मुकेश साहू, प्रमोद साहू, सुधीर कुमार, ऋतुराज गुलशन, किश्टो साहू उपस्थित थे।

# गरीबों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है : भूषण बाड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा चिकसूरा में सोमवार को नवनिर्मित गोरेटो का आशीष सह माता मरिया प्रोसेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मिस्सा पूजा फादर थियोदोर सोरेंग के द्वारा सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित विधायक भूषण बाड़ा ने फा थॉमस के साथ मिलकर फीता काटते हुए गोरेटो का उद्घाटन किया। इसके बाद विधि विधान पूर्वक माता मरियम की प्रतिमा को गोरेटो में स्थापित किया। माता मरियम के गोरेटो के स्थापित होते ही माता मरियम और प्रभु येशु के गुणगान से पूरा गांव भक्तिमय हो गया। विधायक ने कहा छोटे से गांव चिकसुरा में अपने धर्म के प्रति जो समर्पण दिख रहा है वह सराहनीय है। गांव में गोरेटो का निर्माण हो जाने के बाद गांव में माता मरियम की कृपा बरसेगी। उन्होंने कहा कि समाज के लोग ऐसे ही एकजुट रहें। अपने धर्म और समाज की रक्षा के लिए पहले पंक्ति में खड़े रहने की आदत डालें। उन्होंने कहा कि हमे हर दिन दुखियों की सेवा करें। क्योंकि ये सभी ईश्वर के रूप होते हैं। ऐसे लोगों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा होगी। वहीं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि सभी माताओं को माता मरियम की तरह आदर्श मां बनना है। अपने बच्चों का लालन पालन बेहतर तरीके से करना है। उन्होंने समाज के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने, नशापान को गांव समाज से दूर रखने, अंधविश्वास से दूर रहने, सांप काटने पर तुरंत अस्पताल जाकर इलाज कराने की भी अपील की।

## युवक की मौत की सूचना पर परिजनों से मिले भूषण बाड़ा, जताया शोक



**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** सिमडेगा खैरनटोली निवासी मो. शरताज की सड़क दुर्घटना में मौत की सूचना पर विधायक भूषण बाड़ा उनके आवास पहुंच परिजनों से मिले। साथ ही शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में हिम्मत से काम लेने की अपील करते हुए कहा कि वे इस दुख की घड़ी में परिजनों के साथ है। विधायक ने परिजनों को हर सम्भव मदद करने का भरोसा जताया। वहीं दिवंगत के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की। दिवंगत मो शरताज का निधन रविवार की रात कोलबिरा लचरागढ़ मार्ग के रामजड़ी के पास सड़क दुर्घटना में हो गई। विधायक के साथ नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का आदि भी शामिल होकर परिजनों को ढांढस बंधाया।

# चुनाव परिणाम से पहले जश्न शुरू, हुई आतिशबाजी

हिमांशु रंजन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** चुनाव जीत जाने के बाद जश्न मनाते, और हार जाने के बाद उदास या रोते हुए नेताओं को देखना तो आम बात है। लेकिन जीत की घोषणा तो दूर, मतगणना शुरू होने के एक दिन पूर्व ही जश्न मनाते आप ने किसी को नहीं देखा होगा। लोकसभा चुनाव का परिणाम तो 4 जून को आयेगा। लेकिन खूंटी लोकसभा के कांग्रेसियों का आत्मविश्वास इतना जबरदस्त कि एक दिन पूर्व ही जश्न मनाया जाने लगा। इस सीट से कांग्रेस पार्टी के विधायक से लेकर कार्यकर्ता तक अपनी जीत को लेकर काफी आश्वस्त हैं। सोमवार यानी 3 जून को सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा सिमडेगा से रांची जाने के लिए निकलते हैं। इसी क्रम में बसिया में रुकते हैं। उनके साथ होते हैं कांग्रेस के प्रदेश सचिव रोशन बरवा, सुशील कुमार होता और पार्टी के कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी। सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा कहते हैं कि हम खूंटी लोकसभा भारी बहुमत से जीत रहे है। खूंटी लोकसभा की जनता ने इस बार कांग्रेस पार्टी पर अपना भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि खूंटी की जनता भाजपा के धोखे में नही आयी और इस बार पार्टी उम्मीदवार कालीचरण मुंडा के पक्ष में जबरजस्त मतदान किया है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह सिमडेगा विधानसभा प्रभारी रोशन बरवा बोलते हैं कि भाजपा की झूठ और जुम्मले बाजी का मुंहतोड़ जवाब लोहरदगा और खूंटी लोकसभा की जनता ने अपने वोट के माध्यम से दिया है। लोहरदगा में जनता ने भाजपा को तीन बार मौका दिया था लेकिन भाजपा वादा के अनुसार न तो गुमला में रेल लाइन लायी और न कोई उद्योग धंधा ही लगवाया। भाजपा ने विगत 15 साल में केवल झूठा वादा और जुम्मलेबाजी कर लोहरदगा की जनता को ठगने का कार्य किया। इसके उपरांत कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा जोरदार आतिशबाजी की गयी और मिठाई बांटी गयी। सोनिया गांधी, मलिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे भी बुलंद किये गये। खूंटी लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण मुंडा और लोहरदगा प्रत्याशी सुखदेव भगत की भी जय जय कार हुई। इस अवसर पर संतोष सिंह, रणधीर रंजन, विजय ठाकुर, विकास गुप्ता, रोहित एक्का, मनोज जायसवाल, मुन्तजिर खान, विकास साहू, गौरीशंकर चौधरी, फुलेश्वर सिंह, वीरेंद्र तिर्की, सिल्वेस्टर बघवार, अक्षन खान, अजित लकड़ा,पीटर खाखा, शकील अहमद, अख्तर खान, जेम्फ्रेन केरकेट्टा, शभु प्रसाद, फ्रांसिस समेत अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

## बच्ची को सांप ने काटा, इलाज के बाद स्थिति सामान्य

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** तेज गर्मी के बीच ठंडे स्थानों की तलास में इन दिनों सांप इधर-उधर विचरण करने लगे हैं। इससे जिले में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ रही हैं। इसी क्रम में सेन्हा थाना क्षेत्र के बूटी डुमर टोली मे एक 13 वर्षीय बच्ची को रसल वाइपर नामक जहरीले सांप ने डस लिया। सांप के डसने से बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई. सेन्हा बूटी डुमर टोली निवासी बिरजू उरांव के 13 वर्षीय पुत्री रेखा कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि रेखा कुमारी अपना घर से बाहर निकल रही थी। इसी दौरान रसल वाइपर जहरीले सांप ने उसे डस लिया, इसके बाद परिजनों ने उसे तुरंत सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया।

# टंकी से पानी की सप्लाई नहीं होने की शिकायत लेकर ग्रामीणों ने सौंपा आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** गोमट गांव के ग्रामीणों ने सोमवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से लगे बड़े पानी टंकी से पानी की सप्लाई नहीं होने की शिकायत लेकर घाघरा प्रखंड कार्यालय में बीडीओ के नाम प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक प्रदीप कच्छप को आवेदन सौंपा। दिए गए आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि गुमला पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा बड़े पानी टंकी का निर्माण पंचायत में कराया गया है। लेकिन गोमट गांव में पानी सप्लाई नहीं आ रही है। सिर्फ पाइपलाइन बिछाया हुआ है। पानी के सप्लाई नहीं हो रही है। गांव में कनेक्शन पानी का लेने के बावजूद भी पानी नहीं आ रहा है। जिससे हम सभी ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वही ग्रामीणों ने जल्द से जल्द पानी सप्लाई गांव में शुरू करने की मांग की है। वही ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गांव में एकमात्र सोलर जलमीनार भी लगाया गया था। जो खराब पड़ी हुई है। जिससे हम लोगों को काफी परेशानी होती है। इस संबंध में बीडीओ दिनेश कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा आवेदन दिया गया है। समस्या का हल को लेकर कार्य किया जाएगा विभाग से बात कर पानी की समस्याओं को दूर कराया जायेगा। वही आवेदन देने वालो में वार्ड सदस्य बसंती देवी, सुमन देवी, फुलमनी देवी, रानी देवी, ज्योति उरांव, इंदु देवी, चांदमुनि उरांव, लालीन देवी, कामिनी उरांव, शांति उरांव सहित कई शामिल थे।

# तीन हजार रुपये के लिए दोस्तों ने की थी युवक की हत्या, तीन गिरफ्तार

## उधारी के पैसे मांगने और गाली गलौज करने से थे नाराज, योजना बनाकर दिया घटना को अंजाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी पुलिस ने रविवार को बरदागा जंगल से एक युवक का शव बरामद किया था। उसकी पहचान लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के पिंडरा गांव निवासी सुनेश्वर यादव पिता कमलदेव यादव के रूप में की गई है। इस मामले में पांकी पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके नाम पांकी के करमाटांड़ निवासी कुलदीप उरांव, मुकेश कुमार और सोनू भुइयां ग्राम नगड़ी के रूप में हुई है। तीनों दोस्त बताए जा रहे हैं। उनके खिलाफ कांड संख्या 70/2024 भादवि की धारा



हत्या के आरोप में पकड़े गये युवकों को ले जाती पुलिस।

302, 201, 34 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर सोमवार को मेदनीनागर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने बताया कि सोनू कुमार जनवरी हीने में 3000 रुपये उधार लिया था। जिसे वापस करने के लिए सुनेश्वर यादव हमेशा धमकी दिया करता था। इससे परेशान होकर कुलदीप, मुकेश और सोनू ने सुनेश्वर यादव की हत्या की योजना बनाई। इस बीच 30 मई को सुनेश्वर यादव के साथ बरदाग जंगल में तीनों ने साथ बैठकर खाया पिया और शाम 7:.0 बजे इलाका सुनसान होने पर सुनेश्वर की पत्थर से कुचकर हत्या कर दी। इसके बाद छव को छिपाने के उद्देश्य से घटना स्थल से करीब 150 मीटर की दूरी पर ले जाकर पत्ता से ढक दिया गया था। सुनेश्वर यादव की बाइक को माड़न के जंगल में ले जा कर फेंक दिया। हालांकि उनकी सभी चालाकी धरी की धरी रह गयी और ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने शव बरामद कर लिया। घटना स्थल से मृतक का पर्स, चप्पल, कपड़ा माड़न के जंगल से बाइक बरामद कर ली गयी है।

# ड्राइ रन का आयोजन, मतगणना की तैयारी पूरी आज सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतों की गिनती

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा सीट के लिए हुए मतदान की गणना मंगलवार को होगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। सोमवार को पलामू लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक रेम्या मोहन, जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीइओ) सह डीसी शशि रंजन, डीडीसी रवि आनंद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन समेत विभिन्न अधिकारियों ने गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज स्थित व्रज गृह व मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान बैरिकेडिंग, पंडाल व अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के



दौरान स्ट्रांग रूम, काउंटिंग हॉल तक जाने वाले रास्ते, मीडिया सेंटर, मेडिकल सेंटर, खाने का स्टॉल व मतगणना कक्ष के कमरों की विभिन्न सुविधाओं का भी अवलोकन किया गया। जिला निवार्ची पदाधिकारी शशि रंजन के स्तर से जारी प्रवेश पत्र के माध्यम से ही व्यक्तियों को प्रवेश मतगणना केंद्र पर कराया जायेगा। मतगणना केंद्र में तैनात मजिस्ट्रेट व्यक्ति की पहचान पत्र की सत्यता की जांच करने के बाद ही उसे एंट्री करायेंगे। तीन स्तर पर जांच होने के बाद ही कोई भी व्यक्ति मतदान केंद्र में प्रवेश कर सकेगा। मतगणना से जुड़े कर्मियों सहायकों व पर्यवेक्षकों को मंगलवार की सुबह पांच बजे से रिपोर्ट करने का आदेश दिया गया है। इस दनि निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारियों की मौजूदगी में ड्राई रन का भी आयोजन किया गया। गौरतलब हो कि पलामू लोकसभा अंतर्गत कुल 6 विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए 124 टेबल बनाये गये हैं। वहीं पोस्टल बैलट के माध्यम से प्राप्त मतों की गणना के लिए 28 टेबल बनाए गए हैं।

# सतबरवा में युवक ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा निवासी युवक ने रविवार की रात 9 बजे अपने घर में ही सीलिंग फैन की कुंडी में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। उसकी पहचान निर्दोष कुमार (26) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मानें तो मृतक कर्ज के बोझ तले दबा हुआ था। जिस कारण मानसिक तनाव में था। इधर, घटना की सूचना पाकर सतबरवा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। उधर, घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



# ताइक्वांडो में स्वर्ण पदक जीतकर प्राची व आराध्या ने बढ़ाया धनबाद का मानः उदय

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** 5वीं महावीर राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 'द राइट ट्रेक ताइक्वांडो अकादमी धनबाद झारखंड की प्राची सिन्हा और आराध्या पांडे ने स्वर्ण पदक जीता है। धनबाद की दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिए समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने उन्हें सम्मानित किया। साथ ही झारखंड सरकार से खिलाड़ियों पर विशेष ध्यान देने की अपील की, ताकि खिलाड़ी राज्य का मान सम्मान बढ़ाते रहें। मौके पर उपस्थित ताइक्वांडो के सभी प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों को उन्होंने धनबाद और देश का नाम रोशन करने के लिए हौसला



अफजाई किया। साथ ही अपने बच्चों को इस मुकाम तक लाने के लिए आराध्या के पिता मुकेश पांडे, मां नीतू पांडे, प्राची के पिता राजीव रंजन मां हेमलता सिन्हा को बधाई दी।

# अवसर मिला तो मेदिनीनगर बनेगा सर्वोत्तम शहरः अरुणा

**मेरे कार्यकाल में शुरू की गई हर योजनाओं पर है पैनी नजर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने अपने कार्यकाल में पारित की गई पीसीसी रोड वार्ड नंबर 3, बिजली ग्रीड से डॉक्टर त्रिपुरारी प्रसाद के घर होते रमाकांत तिवारी के घर तक जो लगभग 55 लाख की योजना थी का निरीक्षण किया। कहा कि यहां के मोहल्ले वालों ने मुझसे मिलकर इस रोड की मांग की थी। आज मुझे खुशी है यह रोड बनकर तैयार हो गया। निरीक्षण के क्रम में मोहल्ले वालों ने खुशी जाहिर करते हुए प्रथम महापौर का फूलमाला से स्वागत किया। बताया कि सड़क बनने से पूर्व कितना कष्ट हुआ करता था। वहीं, प्रथम महापौर से मोहल्ले वालों ने पोल पर कुछ लाइट लगाने का अनुरोध किया जिस पर उन्होंने कहा कि निगम अभी मेरे अधीन नहीं है। फिर भी मैं संबंधित पदाधिकारी से बात करूंगी। अगर निगम नहीं



लगाएगा तो मैं निजी खर्च से कुछ लाइट लगवा दूंगी। प्रथम महापौर ने कहा कि दो वर्ष कोरोना के बावजूद मैंने अपने कार्यकाल में चौक चौराहा, गांधी उद्यान, मोहल्ला पार्क, मरीन ड्राइव, टैक्सी स्टैंड, स्टेशन रोड-गांधी मार्ग (कचहरी रोड) का सुंदरीकरण के साथ यथासंभव मोहल्लों के रोड, नाली का निर्माण करवाई। शहर की सफाई बढ़ाई। कुछ मोहल्ले में घर-घर कचरा उठाव चालू कराया और पांच रुपया में छात्राओं एवं महिलाओं के लिए पिंक बस का संचालन शुरू कराया जिसे बाद में निगम ने अपने अधीन ले लिया। इन सब चीजों से शहर की कुछ हद तक तस्वीर बदली थी। आगे अगर आप सबों का आशीर्वाद मिला तो मेदिनीनगर झारखंड का सुविधायुक्त सर्वोत्तम शहर होगा। एक सवाल के जवाब में प्रथम महापौर ने कहा कि मेरे कार्यकाल में उनके द्वारा पारित किए गए एक-एक योजना पर मेरी पैनी नजर रहेगी। मौके पर विकास सिंह, राधेश्याम सिंह, रामप्रवेश पांडे, प्रशांत तिवारी, देवराज तिवारी, सुरेंद्र सिंह, लव सिंह, अंकित तिवारी, उदय सिंह, अनंत पांडे, डॉ त्रिपुरारी प्रसाद, शंकर राम, नारद तिवारी, दिनेश कुमार सहित मोहल्ले के लोग मौजूद थे।

# परिश्रम व सेवा सफलता की वह कुंजी है, जिससे भाग्य के सभी ताले खुलते हैं : कौशल किशोर

**दैनिक अखबार की ओर से आयोजित समारोह में सम्मानित किए गए पर्यावरणविद कौशल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एक हिंदी दैनिक अखबार की ओर से शहर के बेलवाटिका स्थित गुरु तेग बहादुर मेमोरियल हॉल में जीनियस अवार्ड का आयोजन किया गया। इसमें 2024 में झारखंड अधिविद परिषद, सीबीएसई व आइसीएसइ बोर्ड से मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब 500 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जीनियस अवार्ड समारोह का उद्घाटन प्रथम महापौर अरुण शंकर, संत मेरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव, ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक पंडित प्रदीप नारायण प्रजापति, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो डॉ अमरेंद्र सिंह के साथ विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि लोग भीषण गर्मी व घोर जल संकट की समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हम आने वाला पीढ़ी को क्या जवाब देंगे। मानवीय भूलों के कारण धरती के कई जीव समाप्त हो गए। कई समाप्ति की कगार पर है। अकेले भारत में 1372 प्रजाति के पौधे असुरक्षित और अस्तित्व की संकट से जूझ रहे हैं। उसी





तरह से जल के लिए मानव जुझ रहे हैं। धरती पर रहने वाले जीवों की 37 फीसदी प्रजातियां और पानी में रहने वाले जीवो की 47 फीसदी प्रजातियां के अलावे 1147 प्रकार के मछलियों पर विलुप्ति का खतरा मंडरा रहा है। समय रहते अपना धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्रों को नहीं अपनाया तो डायनासोर की तरह मानव की जीवनलीला भी समाप्त होने से कोई रोक नहीं सकता। पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा कि जानलेवा गर्मी और भीषण जल संकट के लिए मानव खुद जिम्मेवार है। उन्होंने कहा कि जब जनसंख्या विस्फोट हुआ तो भोजन बनाने के लिए लोग जंगल की अंधाधुंध कटाई की। वहीं सुविधा के लिए गाड़ियां,उद्योग धंधे व माइनिंग का कार्य बड़ा आकर लिया जिससे बेतहासा बढा। प्रदूषण पूरे धरती और ब्रह्मांड को चपेट में ले लिया। जिससे प्रकृति की नई-नई आपदाएं आने लगी। उस आपदा से मानव के साथ-साथ पशु पक्षी की भी मौत पानी के अभाव व भीषण गर्मी से हो रही है। बढ़े हुए प्रदूषण को रोकने का उपाय भी मानव को ही करना होगा। तभी आने वाली पीढ़ी को बचाया जा सकता है।

समारोह में कौशल किशोर जायसवाल ने करीब 100 बच्चों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर उनका हौसला अफजाई करने के साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की भी मंगल कामनाएं की। कार्यक्रम संचालन रेडियो प्रसारण के एलाउंसर शालिनी सिंन्हा ने किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के अलावे सैकड़ो अभिभावक भी उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर केदार जाधव ने सोमवार को क्रिकेट से सभी प्रारूपों से सन्यास लेने की घोषणा कर दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर रिटायरमेंट की जानकारी दी।

# केदार जाधव ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

## सोशल मीडिया पर दी जानकारी, भारत के लिए खेले 82 मैच

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर केदार जाधव ने सोमवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें जाधव ने अपने करियर की तस्वीरों का एक स्लाइड शो भी शेयर किया, जिसमें बैकग्राउंड में किशोर कुमार का गाना बज रहा था। केदार जाधव ने सोमवार की दोपहर तीन बजे भारतीय समयानुसार अपने रिटायरमेंट की पुष्टि करते हुए पोस्ट में कहा कि दोपहर 3 बजे से मेरे पूरे करियर में आपके प्यार और समर्थन के लिए आप सभी का धन्यवाद। मुझे क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से रिटायर मान लीजिए। बतातें चलें कि केदार जाधव ने



2014 से 2020 के बीच भारत के लिए 73 वनडे और 9 टी20 मैच खेले हैं। 39 वर्षीय जाधव ने एमएस धोनी की कप्तानी में बेहतरीन प्रदर्शन किया। जाधव ने 2019 वर्ल्ड कप खेला और सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली टीम का हिस्सा थे। उन्होंने भारत के लिए आखिरी मैच साल 2020 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था।

### साल 2023 में आखिरी बार आइपीएल खेला

जाधव ने आखिरी बार आइपीएल 2023 के दूसरे हाफ में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेला था। जाधव उस दौरान जियो सिनेमा के लिए मराठी कमेंट्री भी कर रहे थे। कुल मिलाकर, उन्होंने आइपीएल में आरसीबी और सीएसके के अलावा दो और टीमों के लिए खेला, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद शामिल हैं। अपने आइपीएल करियर में, केदार जाधव ने 95 मैच खेले और 123.14 के स्ट्राइक रेट से 1208 रन बनाए, जिसमें उनके नाम चार हाफ सेंचुरी हैं। उनका आखिरी क्ढछ मैच वानखेड़े स्टेडियम में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ था। अब वे मराठी कमेंट्री में ही अपना करियर बनाने की सोच रहे हैं।

# पुराने विवाद में बंदूक के बट से युवक की पिटाई

**धनसार/ झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया थाना क्षेत्र के भागा स्टेशन के समीप मारपीट की घटना में कृष नामक युवक को गंभीर चोट आई है। उसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। घटना को लेकर पीड़ित के चाचा संतोष साहू ने बताया कि कृष अकेले स्कूटी से अपने दोस्त के घर भागा जा रहा था। तभी भागा निवासी रंजन साहू का बेटा यश कुमार, राहुल कुमार और रंजन साहू के दो बॉडीगार्ड ने हमला कर दिया। पिस्टल के बट से कृष के सिर पर पर वार किया। डंडा से भी बुरी तरह पीटा गया जिससे कृष को सिर और पेट में गंभीर चोट आई है। किसी तरह वह जान बचाकर भागा और घर में सूचना दी। वहीं, रंजन साहू ने कहा कि यह बच्चों का विवाद है। पिस्टल तो थाने में जमा है।


# प्यास बुझाने के लिए बंदरों ने सिंचाई कूप में लगा दी छलांग, 35 से ज्यादा की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी के सोरठ गांव में सिंचाई कूप में 35 से ज्यादा बंदरों का शव बरामद होने से हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक कहा जा रहा कि प्यास बुझाने के लिए बंदर यहां आए थे, लेकिन बाहर नहीं निकल पाने से डूबने से उनकी मौत हो गई है। उधर, बंदरों की मौत के बाद वन विभाग के कर्मियों को मौके पर भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### तेज दुर्गंध आने पर लोगों को पता चला

जानकारी के अनुसार रविवार की शाम सोरठ गांव में कुछ चरवाहे जंगल में गए थे। इसी दौरान उन्हें कुछ दुर्गंध महसूस हुई। उन्होंने इधर-उधर देखा तो पास में ही एक कुआं दिखा, जिसमें से दुर्गंध आ रही थी। जब वे कुएं के पास गए तो देखा कि अंदर पानी पर बंदरों के शव पड़े थे। सभी बंदरों की मौत कब हुई, इसकी जानकारी किसी ग्रामीण को नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगलों में जलाशय सूख चुके हैं। बंदर पानी की तलाश में भटक रहे होंगे। इस दौरान सिंचाई कूप दिखने पर वो प्यास तो बुझाने में सफल हो गए लेकिन बाहर नहीं निकल पाने से डूब कर मौत हो गई।



### बंदरों के शवों का होगा पोस्टमार्टम

**पलामू डीएफओ कुमार आशीष का कहना है कि विभाग के कर्मियों को मौके पर भेज दिया गया है। जांच की जा रही है। बंदरों के शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। वहीं वाइल्ड-लाइफ एक्सपर्ट प्रोफेसर जीएस श्रीवास्तव ने बताया कि बंदर प्यास बुझाने के लिए एक-एक करके कुएं में कूदे होंगे और एक-दूसरे को बचाने के प्रयास में सभी की मौत हो गई। घटना बेहद दुखद है। यह पेड़ों को काटने का नतीजा है।**

## जरूरी निर्देश : मतगणना आज, कृषि बाजार में अनाधिकृत लोगों का प्रवेश रहेगा वर्जित

# धैर्य और शांति रखकर अपनी ड्यूटी करें: डीइओ

**विधि व्यवस्था व यातायात व्यवस्था देखने के लिए पुलिस-मजिस्ट्रेट की नियुक्ति**

आजाद सिपाही संवाददाता




न्यू टाउन हॉल में पदाधिकारियों के साथ बैठक करती डीसी माधवी मिश्रा, एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन व अन्य।

**धनबाद।** कृषि बाजार समिति में मंगलवार को मतगणना होनी है। इस दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए कृषि बाजार प्रांगण में मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी और यातायात व्यवस्था के लिए मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों को सोमवार को न्यू टाउन हॉल में जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीइओ) सह डीसी माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने संयुक्त रूप से बैठक कर उन्हें ड्यूटी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि सभी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी धैर्य और शांति रखकर अपनी ड्यूटी करेंगे। कृषि बाजार में प्रवेश के लिए जिला प्रशासन ने फोटो युक्त पहचान पत्र जारी किए है। इसलिए अनाधिकृत लोगों का कृषि बाजार प्रांगण में प्रवेश न होने पाए, यह मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे। डीसी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जिस तरह सभी ने जिम्मेदारी पूर्वक अपने कर्तव्य का पालन किया, उसी तरह चुनाव के आखिरी चरण में भी जिम्मेदारी पूर्वक अपने कर्तव्य का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी सुबह चार बजे तक प्रतिनियुक्त स्थान पर पहुंच जाएंगे और मतगणना समाप्ति तक सतर्क रहकर अपने स्थान पर मौजूद रहेंगे। मतगणना कर्मियों व मतगणना एजेंट को पहचान पत्र देखकर सही रास्ते से हॉल में प्रवेश कराएंगे। प्रवेश करने से पूर्व मोबाइल फोन, खाद्य सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट सहित अन्य प्रतिबंधित वस्तु किसी के पास नहीं है, की बारीकी से जांच करेंगे। वहीं डीसी ने पुनः दोहराते हुए कहा कि काउंटिंग एजेंट मतगणना हॉल से बाहर जरूर निकल सकते हैं। पर कृषि बाजार प्रांगण से एक बार बाहर निकलने के बाद उन्हें प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही बैठक के बाद सभी को कृषि बाजार पहुंचकर उनके प्रतिनियुक्त स्थल को एक बार देख लेने का निर्देश दिया। वहीं, वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी पुलिस पदाधिकारी सतर्क रहकर अपनी ड्यूटी करेंग। वहीं मतगणना के दिन यानी मंगलवार को मतगणना कार्य की समाप्ति तक मेमको मोड़ चौक से निरंकारी चौक तक जाने वाली सड़क में आम जनता के लिए वाहन लेकर आवागमन बंद रहेगा। पदाधिकारी, मतगणना कर्मी, मीडिया कर्मी के लिए कलेक्ट्रेट में पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। कलेक्ट्रेट से रिंग कार सेवा और रिंग बस सेवा से उन्हें कृषि बाजार ले लाने और वापस कलेक्ट्रेट लाने की व्यवस्था रहेगी। प्रत्याशियों एवं उनके एजेंट के लिए मेमको मोड़ से गोल बिल्डिंग तथा मेमको मोड़ से कुमीर्डीह की ओर जाने वाले सड़क के सर्विस लेन पर पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। मेमको मोड़ से निरंकारी चौक तक सड़क पर अवैध पार्किंग करने पर जुर्माना वसूला जाएगा। बैठक में विकास आयुक्त सादात अनवर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, एसडीओ उदय रजक, अपर नगर आयुक्त प्रकाश कुमार, डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी, डीपीआरओ सुनिल कुमार सिंह के अलावा पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय 2, पुलिस उपाधीक्षक यातायात व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## सभी जरूरी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लें : नमन प्रियेश



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव समाप्त हो चुका है। मंगलवार को मतगणना होनी है। इससे पूर्व मगतणना की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने सोमवार को कृषि उत्पादन केंद्र, बाजार समिति विशुनपुर, पचंबा का निरीक्षण कर पूरी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मीडिया सेंटर, प्रशासनिक भवन सामग्री सेल, मेडिकल सेंटर, पोस्टल बैलेट, इटीबीपीएस सेंटर, सभी मतगणना हॉल आदि का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने बैरिकेडिंग, पंडाल व अन्य सुविधाओं का मुआयना करते हुए व्यवस्था के संबंध में कई निर्देश दिए। साथ ही विधानसभावार बने काउंटिंग हॉल का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा काउटिंग कर्मियों और काउंटिंग एजेंटों के बैठने की व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही कंप्यूटर सिस्टम, हाई स्पीड इंटरनेट की व्यवस्था के बारे में भी पूछताछ की। लाइट कनेक्शन, पंखें, कूलर व अन्य जरूरी सुविधाओं के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली और संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके डीडीसी, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, खोरी महुआ, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## 2160 मतदान केंद्रों में मिले मतों की गणना आज



**काउंटिंग प्रेक्षक अरूण महेश बाबू व हरीश एन एंडकोनकर ने लिया मतगणना केंद्र की तैयारियों का जायजा**

**डीसी व एसपी ने मतगणना केंद्र में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिकारी को दिया निर्देश**

**मतगणना केंद्र कृषि उत्पादन बाजार समिति आइटीआइ मोड़ की ओर जाने वाले सड़कों पर यातायात व्यवस्था में किया गया परिवर्तन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** गिरिडीह संसदीय लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतगणना मंगलवार को होनी है। इसे लेकर सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई है। सोमवार को मतगणना केंद्र कृषि उत्पादन बाजार समिति आइटीआइ मोड़ चास में तैयारियों का जायजा गणना प्रेक्षक द्वय क्रमशः (काउंटिंग प्रेक्षक) अरूण महेश बाबू एवं श्री हरीश एन एंडकोनकरने लिया। उन्होंने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी विजया जाधव से मतगणना कर्मियों एवं काउंटिंग एजेंट के प्रवेश-निकासी की जानकारी ली। विधानसभा वार टेबलों की संख्या, पोस्टल बैलेट/ईटीबीपी टेबल गणना की जानकारी ली। इस दौरान वज्रगृह से मतगणना हाल कंट्रोल यूनिट को ले जाने एवं गणना के बाद इवीएम-वीवीपैट को सील कर वेयर हाउस में ले जाने के संबंध में तैयारियों की जानकारी ली और जरूरी दिशा-निर्देश दिया। वहीं, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतगणना केंद्र में मोबाइल फोन, माचीस, लाइटर, वॉटर बॉटल, तंबाकू, सिगरेट, इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट, च्युइंग गम आदि लेकर प्रवेश वर्जित रहेगा। इसको लेकर सभी जगह जांच दल तैनात रहेंगे। पर्याप्त मात्रा में साइनेज लगाया गया है। वहीं, पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश से मतगणना केंद्र एवं आस-पास की सुरक्षा व्यवस्था आदि की जानकारी ली। दूसरी ओर, मतगणना केंद्र कृषि उत्पादन बाजार समिति आइटीआइ मोड़ चास परिसर में सोमवार को द्वय गणना प्रेक्षक की उपस्थिति में मतगणना केंद्र में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी - पुलिस पदाधिकारी* को जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव एवं पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने संयुक्त ब्रीफ किया। डीइओ सह डीसी ने कहा कि सभी कर्मी/पदाधिकारी जिन्हें जो दायित्व दिया गया है, उसका धैर्य पूर्वक निर्वहन करेंगे। संयुक्त कार्यादेश जारी किया गया है, जिसमें सभी की प्रतिनियुक्ति स्थल एवं कार्य/दायित्व की जानकारी स्पष्ट दी गई है। उसी अनुरूप सभी कार्य करेंगे। ड्यूटी निष्पादन में कोई किसी भी तरह की कोई लापरवाही नहीं करेगा। डीइओ ने कहा कि मतगणना केंद्र में आम जनों का प्रवेश निषेध हैं। काउंटिंग एजेंट, मतगणना कर्मी-मीडिया प्रतिनिधि, उम्मीद्वार ही मतगणना केंद्र में प्रवेश करेंगे। मतगणना केंद्र में प्रवेश के लिए तीन इंट्री द्वारा है, सभी में अलग-अलग लोगों के लिए प्रवेश की अनुमति है, जिसका साइनेज सभी स्थलों पर लगा है। मतगणना केंद्र के मीडिया कक्ष तक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्र धारी प्रिंट एवं ईलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधि अपना मोबाइल ले जा सकते हैं। डीईओ ने कहा कि गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतगणना को लेकर सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग मतगणना हाल में 20-20 टेबल लगाया गया है। वहीं सभी विधानसभा क्षेत्रों के पोस्टल बैलेट के लिए दो मतगणना हाल बनाया गया है, जिसमें क्रमशः 13 एवं 12 (कुल 25 टेबल) लगाया गया है, वहीं, ईटीपीबी गणना के लिए 05 टेबल लगाया गया है। पोस्टल बैलेट की मतगणना सुबह आठ बजे से शुरू होगी, जबकि ईवीएम (सीयू) में प्राप्त मतों की गणना सुबह 8.30 बजे से होगी।

## मां कल्याणेश्वरी में अनुपमा सिंह ने मत्था टेककर लिया आशीर्वाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**एग्यारकुंड।** धनबाद संसदीय क्षेत्र से आइएनडीआइए महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने सोमवार को मां कल्याणेश्वरी में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। पश्चिम बंगाल की सीमा से सटे मैथन में बराकर नदी के तट पर स्थित 500 वर्ष पुरानी प्रसिद्ध मां कल्याणेश्वरी मंदिर जाकर पूजा अर्चना की और क्षेत्रवासियों के सुख, शांति व समृद्धि एवं आइएनडीआइए महागठबंधन की प्रचंड जीत के लिए आशीर्वाद मांगा। लगे हाथ मां कल्याणेश्वरी मंदिर परिसर में स्थित वृक्ष पर डोरे के साथ पत्थर बांध कर मन्नत मांगी। वहीं, कांग्रेस नेत्री दुर्गा दास ने कहा कि हमारी पार्टी जीत रही है। मां कल्याणेश्वरी का आशीर्वाद अनुपमा सिंह के साथ है। मनोकामना जरूर पूरी होगी।

### पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए पौधरोपण जरूरी : कृष्ण

**फुसरो (आजाद सिपाही)।** पुराना बीडीओ ऑफिस क्षेत्र में विगत दिनों भंयकर आंधी तूफान में उखड़ें वृक्षों के स्थान पर पीपल का पौधारोपण किया गया। भाजपा नेता कृष्ण कुमार व समाजसेवी चंदन तिवारी ने कहा कि पौधारोपण का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। पौधा लगाने के व्यापक अभियान ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिभागियों के समर्पण को रेखांकित किया है। लोगों से आग्रह है कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं।

## गोल के छात्रों ने जाना नीट-इंजीनियरिंग में सफलता का रहस्य

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** कोयलांचल में मेडिकल व इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए विश्वसनीय एवं भरोसेमंद संस्थान गोल ने 2025 के लिए प्रतियोगियों में अभी से ही सही मार्गदर्शन में पूरी जोश और जुनून के साथ पढ़ाई करने के तरीकों एवं अच्छा रैंक से सफल होने के गुण रहस्यों को लेकर सेमिनार का आयोजन किया। गोल संस्थान के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने बताया कि विगत 23 वर्षों से धनबाद से कम छात्रों में भी इतने अच्छे परिणाम आते रहे हैं, जो उत्साहित करते रही है। देश के इतनी बड़ी एवं कड़ी प्रतियोगिता में इतने अच्छे प्रतिशत में सफलता का सबसे बड़ा कारण छात्रों की कड़ी मेहनत, लगन, अभिभावकों का भरोसा, त्याग एवं पूरी गोल टीम का अपने जवाबदेहीयों, जिम्मेवारियों के साथ आपके प्रति समर्पण है। बिपिन सिंह ने सीधे एवं सटीक तरीके से हर एक विषयों पर पकड़ बनाने की ऐसी बहुत सारे तरीके बताएं जिसके रास्ते चलकर साधारण छात्र भी असाधारण सफलता हासिल करते रहे हैं। गोल धनबाद के केंद्र निदेशक संजय आनंद ने बताया कि प्रबंध निदेशक बिपिन सर के दिशा निर्देश में अब तक लगभग 17000 से ज्यादा छात्र डॉक्टर बनकर देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी मानवता को सेवा प्रदान कर रहे हैं। हमें गर्व है कि हमारे छात्र देश के लगभग हर एक मेडिकल कॉलेजों में ग्रुप में मौजूद हैं। अपने छात्रों के 2024 के नीट में प्रदर्शन से हमें पूरा भरोसा, आशा एवं उम्मीद है कि गोल के छात्र नीट के आने वाले परिणाम में झारखंड-बिहार में एक बार फिर से अव्वल होंगे। कहा कि प्रतियोगियों से गुजारिश है कि एक भी क्लास और टेस्ट को नहीं छोड़े। कहीं भी किसी तरह की परिस्थिति या समस्या आए तो हमें बिना कोई हिचक शेयर करें। जो बातें समय-समय पर बताई जाती है उसे जरूर आत्मसात करें, क्योंकि सफल होने के लिए अनुशासन, सही दिशा में समय व ऊर्जा के साथ दिशा निर्देश का फॉलोवर बनना नितांत आवश्यक है। विदित हो कि भावी प्रतियोगियों के चेहरे पर उक्त सेमिनार को लेकर काफी उत्साह जुनून के भाव मौजूद थे।

## मतगणना से पूर्व निरसा में पुलिस का फ्लैग मार्च

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** धनबाद संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान के बाद मंगलावर को मतगणना होनी है। इसे लेकर चिरकुंडा थाना परिसर से निरसा एसडीपीओ रजत मणिक बाखला के नेतृत्व में अनुमंडल क्षेत्र में थाना एवं ओपी क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने बताया कि पूरे देश में लोकसभा चुनाव का समापन हो गया है। चार जून को मतगणना होना है। जिसमें किसी की जीत को किसी की हार होनी है। जीत के बाद लोग विजय जुलूस निकालते हैं। फ्लैग मार्च का उद्देश्य है कि जीत के बाद कोई शोर सराबा हुड़दंग या विधि व्यवस्था को किसी पार्टी द्वारा भंग नहीं किया जाना है। क्योंकि अभी आचार संहिता लागू है। विजय जुलूस बिना आदेश के नहीं निकाला जाएगा। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ही फ्लैग मार्च निकाला गया है। फ्लैग मार्च चिरकुंडा थाना से कुमारधुबी ओपी, गल्फरबाड़ी ओपी,पंचेत ओपी,मैथन ओपी व पूरे अनुमंडल क्षेत्र में किया जाएगा। इसके पूर्व ही सभी पार्टी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विजय जुलूस को लेकर जानकारी दी गई है। इस मौके पर चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील सिंह, निरसा थाना प्रभारी मंजीत सिंह, कुमारधुबी ओपी प्रभारी पंकज कुमार, गल्फरबाड़ी ओपी प्रभारी नीतीश कुमार, पंचेत ओपी प्रभारी प्रभात रंजन राय आदि शामिल थे।

## वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी ने वृद्धा आश्रम में मनाया जन्मदिन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** संबलपुर सहयोगी नगर स्थित ओल्ड एज होम में वरिष्ठ अधिवक्ता सह स्टेट बार काउंसिल स्टेयरिंग कमेटी के अध्यक्ष राधेश्याम गोस्वामी ने आश्रम के वृद्ध जनों के साथ मिलकर अपना 66वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर उनके मित्रों ने एक बड़ा फूलमाला पहनाया, जिसमें सभी बुजुर्ग एवं मित्रों ने शामिल होकर सामूहिक तस्वीरें खींच कर जन्मदिन को यादगार बनाया। आश्रम अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने हर मौके पर राधेश्याम गोस्वामी का बुजुर्गों का खास ख्याल रखने के लिए अभिनंदन किया। इसके बाद राधेश्याम गोस्वामी ने वृद्धजनों के बीच केक काटकर व वृद्ध जनों की रुचि के मुताबिक भोजन कराकर आशीर्वाद लिया। राधेश्याम गोस्वामी ने कहा कि आश्रम आने पर अपनापन का एहसास होता है। वहीं, आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने बुजुर्गों का सालों भर ख्याल रखने के लिए उनका आभार प्रकट किया। आश्रम में चीकू खान, रोटी बैंक के रवि शेखर, ऋषभ अपने बुजुर्गों का सेवा सम्मान किया।

## जमीनी विवाद में दो गुटों में संघर्ष, एएसआइ का सिर फूटा

### स्थिति पर नियंत्रण के लिए पुलिस ने बरसायी लाठियां, पुलिस और महिला सहित पांच घायल

आजाद सिपाही संवाददाता





**महुदा।** जमीन विवाद को लेकर सोमवार को महुदा-राजगंज मुख्यमार्ग स्थित भगतुडीह के समीप सड़क किनारे खेत में दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। बीच बचाव को पहुंची पुलिस पर भी आक्रोशित लोगों ने हमला कर दिया, जिसमें एएसआई महेंद्र राम घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने भी लोगों को तितर-बितर करने के लिए जमकर लाठीचार्ज की, जिसमें एक महिल व युवक सहित तीन लोग घायल हो गए। इसका वीडियों भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें घायल युवक पुलिस पर ही हमला कर घायल कर देने का आरोप लगाता दिख रहा है। वहीं, घायलों की पहचान ललिता देवी, मैना देवी, पूर्णिमा देवी और लक्ष्मण राय के रूप में हुई है। उधर, पुलिस की कार्रवाई से आक्रोशित ग्रामीणों ने थाना के बाहर धरना शुरू कर दिया। जानकारी के मुताबिक जमीन विवाद को लेकर मारपीट की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची थी। विवादित जगह पर जब पुलिस ने वहां मौजूद महिलाओं व युवको को शांत रहने को कहा तो कथित रूप से एक पक्ष ने एएसआई महेंद्र राम के सिर पर लाठी से वार कर घायल कर दिया। इसकी खबर पाकर महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार भी सदलबल घटनास्थल पर पहुंचे और महेंद्र राम को इलाज के लिए बाघमारा स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। वहीं, मारपीट में शामिल दो लोगों को पड़कर थाना ले आई। इस बाबत लोगों ने बताया कि भक्तुडीह फोरलेन के समीप स्थित एक जमीन पर कुंदन राय एवं विनोद राय के बीच वर्षों से विवाद चल रहा था। सोमवार की दोपहर जब कुंदन गोप उक्त जमीन पर जेसीबी चल रहा था। तभी जेसीबी चलाता देख दूसरे पक्ष के विनोद राय अपने समर्थकों के साथ वह पहुंचकर कार्य को रोकने के लिए कहा। इसी बात को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज होने लगी। देखते ही देखते दोनों पक्ष की बीच मारपीट होने लगी। सूचना महुदा थाना को दी गई। खबर पाकर एएसआई महेंद्र राम आनन-फानन अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे और झगड़ा को शांत करने के लिए दोनों ही पक्षों को डांट फटकार लगाई। तभी अचानक किसी ने उन पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गये। तब पुलिस ने लाठी भांजना शुरू किया, इसी में युवक के सिर पर चोट लग गया और वह घायल हो गया। फिलहाल पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। उनके नाम विनोद राय व गौरव सिंह है। पुलिस हमले में शामिल अन्य आरोपितों को पकड़ने के लिए छापामारी कर रही है। वहीं घटना में घायल एएसआई महेन्द्र राम को बाघमारा स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते बाघमारा अनुमंडल के कई थानो की पुलिस सहित जिला पुलिस महुदा थाना में कैंप किये हुए हैं।


**कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग**

**-ःआम सूचनाः-**

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

स्व0 एन0सी0राय
- दिपक कुमार राय
  - अमित कुमार राय
  - स्व0 आनीदो राय
    - मधुमिता राय (पत्नी)
  - अशोक राय
- देवेन्दु राय (मृत)
  - रीता राय (पत्नी)

PR 325264 District(24-25)#D

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग

# इकोर्सा के ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन (इकोर्सा) द्वारा आयोजित एक महीने तक चलने वाला समर कैंप रविवार रेलवे इंडोर स्टेडियम, भुवनेश्वर में संपन्न हुआ। ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन समारोह के दौरान पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक परमेश्वर फूंकवाल मुख्य अतिथि थे। उन्होंने शिविर के दौरान प्रतिभागी बच्चों को उनके प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को उनके प्रदर्शन के लिए पुरस्कार भी वितरित किये। इस शिविर के दौरान बच्चों को क्रिकेट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, सुईमिंग और टेनिस का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के साथ-साथ बाहरी बच्चों सहित कुल 130 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। पूर्व तट रेलवे के अतिरिक्त महाप्रबंधक महेश कुमार बेहेरा, पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन (इकोर्सा) के अध्यक्ष वीआर लेनिन और पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन (इकोर्सा) के संपादक एके बेहेरा ने इस अवसर पर भाग लिया और प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहित किया।

# महिलाओं के लिए 'वी कैन कुक' खाना पकाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** खाना पकाना एक बहुत अच्छा एहसास है और मां के हाथ के खाना पकाने की तुलना में कुछ भी नहीं है। घर की महिला जिस तरह श्रद्धा से खाना बनाती है उसका स्वाद बहुत ही अनोखा होता है। छप्पन भोग के संस्थापक सत्यब्रत महांति ने सोमवार को स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट, स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) द्वारा महिलाओं के लिए शुरू किए गये खाना पकाने प्रशिक्षण कार्यक्रम 'वी कैन कुक' में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए कहा कि न केवल भोजन का स्वाद अच्छा होना चाहिए, बल्कि यह शरीर के लिए स्वस्थ भी होना चाहिए। कार्यक्रम में स्वागत भाषण देते हुए, प्रो सुशांत रंजन चईनी, डीन, एसएचएम ने कहा कि दो सप्ताह तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह दिखाना है कि महिलाएं कैसे स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन तैयार कर सकती हैं और परोसी जा सकती हैं।

ऐसे कार्यक्रमों से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिली और प्रतियोगियों को भी प्रोत्साहन मिला। हमारा भोजन जितना अधिक पौष्टिक होगा, वह आने वाली पीढ़ियों को उतना ही आगे बढ़ा सकता है।

# एनटीपीसी बोंगाईगांव क्षेत्र में मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए समर्पित

एनटीपीसी बोंगाईगांव के आसपास के 18 गांवों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगी।



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी बोंगाईगांव ने क्षेत्र में मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए समर्पित एक अभिनव मोबाइल मेडिकल यूनिट शुरू की है। बोंगाईगांव में एनटीपीसी के असम स्थित 750 मेगावाट बिजली उत्पादन संयंत्र में अपनी तरह की पहली यह अग्रणी पहल, एनटीपीसी की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) कार्यक्रमों के माध्यम से सामुदायिक कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ती है। नवनिर्मित मोबाइल मेडिकल यूनिट एनटीपीसी बोंगाईगांव के आसपास के 18 गांवों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगी। यह यूनिट पूरी तरह सुसज्जित है और इसमें दो डॉक्टर (एक पुरुष और एक महिला) एक नर्स, दो पैरामेडिकल स्टाफ और एक समर्पित ड्राइवर सहित कुशल स्वास्थ्य सेवा टीम कार्यरत है। इस पहल का उद्देश्य इन वंचित समुदायों में माताओं और बच्चों के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करना और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करना है। एनटीपीसी बोंगाईगांव के बिजनेस यूनिट हेड अखिलेश सिंह ने कहा, इस मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारंभ हमारे स्थानीय समुदायों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं का समर्थन करने के हमारे चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवा पर हमारा ध्यान हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है तथा सामाजिक जिम्मेदारी और सक्रिय सामुदायिक सहभागिता के कॉर्पोरेट लोकाचार को दशार्ता है, जो एक स्वस्थ, मजबूत समाज को बढ़ावा देता है। उद्घाटन समारोह में प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों और हितधारकों ने भाग लिया, जिनमें आई एस रेड्डी, जीएम (ओएंडएम) ए बिस्वास, जीएम (ऑपरेशन) संगीता सिंह, बर्दवी शिकला लेडीज क्लब (बीएसएलसी) की अध्यक्ष, अन्य बीएसएलसी पदाधिकारियों, यूनियन और एसोसिएशन के प्रतिनिधियों, ओंकार नाथ, एजीएम (एचआर) डी पॉल, सीएमओ, परेश माथुर, एजीएम (टीएस) और सुशील कुमार, एजीएम (सिविल) शामिल थे। उनकी उपस्थिति ने इस नेक काम के प्रति सामूहिक समर्पण को उजागर किया। आज से शुरू होने वाले चार वर्षों के लिए संचालित होने वाली इस परियोजना का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा असमानताओं को कम करना और एक स्वस्थ, अधिक लचीला समुदाय को बढ़ावा देना है। इस उद्देश्य के लिए एनटीपीसी बोंगाईगांव की प्रतिबद्धता क्षेत्र के निवासियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम का प्रतीक है।

# राज्यपाल ने विधानसभा को भंग किया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** राज्यपाल रघुवर दास ने ओड़िशा विधानसभा को भंग किया। विधानसभा को भंग करने की अधिसूचना संसदीय कार्य विभाग द्वारा जारी की गयी थी। बीजद सरकार के पांचवें कार्यकाल की आखिरी बैठक सोमवार को हुई थी। कैबिनेट में राज्यपाल से विधानसभा भंग करने की सिफारिश करने का फैसला लिया गया। इस सिफारिश के बाद राज्यपाल ने विधानसभा को भंग कर दिया। आपको बता दें कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव 2024 के परिणाम कल 4 जून को आने वाले हैं। वोटों की गिनती से पहले आखिरी बैठक सोमवार को हुई थी और इसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने की थी।

# ओजेइइ 2024 परीक्षा परिणाम जारी




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिणाम 2024 प्रकाशित हुआ। इस बार 56 हजार 47 अभ्यर्थियों को रैंक कार्ड मिला है। यह जानकारी ओजेइई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी देबब्रत शतपथी ने दी। इस वार सागरिका दास बी-फार्मा में टॉपर रही हैं जबकि पद्मालया मिश्र एम फार्मा में टॉपर रहे हैं। बिलटू मंडल एलइ टेक (डिप्लोमा) में टॉपर रहा हैं, सूर्यकांत पुष्टि एमबीए में टॉपर हैं, रवींद्र साहू सिविल इंजीनियरिंग में टॉपर हैं और ब्रह्मानंद महारणा एमसीए/एमएससी (कंप्यूटर साइंस) में टॉपर रहा हैं।

इस साल 6 से 10 मई तक 11 विभागों में प्रवेश परीक्षा आयोजित की गयी थी।

# एमसीएल ने हीराकुद बांध पर सफाई अभियान चलाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने स्वच्छ और हरित पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए झनकर्णी मंदिर, हीराकुंड बांध के पास प्रमुख पिकनिक स्थल पर सफाई अभियान चलाया। ए एस बापट, निदेशक (तकनीकी/परियोजना और योजना) ने कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया। इस सफाई अभियान का आयोजन कंपनी में 30 मई से 5 जून 2024 तक मनाए जा रहे पर्यावरण सप्ताह के अंतर्गत किया गया। लगभग 100 अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और आम जन मानस को पृथ्वी को स्वच्छ रखें का संदेश दिया। कार्यक्रम में एकत्र किए गये कचरे को बुर्ला स्थित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर को सौंप दिया गया।

# 70 केंद्रों पर वोट गिने जायेंगे : मुख्य चुनाव अधिकारी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** देश के आम चुनाव समाप्त हो चुके हैं। लोकसभा और विधानसभा चुनाव दोनों के परिणाम कल (मंगलवार) सामने आयेंगे। भुवनेश्वर सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में वोटों की गिनती के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निकुंज बिहारी धल ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राज्य में 70 केंद्रों पर वोटों की गिनती होगी। कड़ी सुरक्षा के बीच वोटों की गिनती होगी। ढाई करोड़ से ज्यादा लोगों के वोट गिने जायेंगे। 69 ईवीएम और 1 पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। 60 हॉल में विधानसभा और संसदीय दोनों क्षेत्रों के वोटों की गिनती होगी। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 124 पर्यवेक्षक नियुक्त किये गये हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चार चरणों के चुनाव में ढाई करोड़ से अधिक मतदाताओं ने अपना वोट डाला है। 2019 की तुलना में 2024 में मतदान में वृद्धि हुई है। 2019 में 73.09% और 2024 में 74.44% वोटिंग हुई है। राज्य में महिलाओं ने बड़ी संख्या में मतदान किया। पुरुष मतदाताओं की संख्या 73.37 प्रतिशत थी, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 75.55 प्रतिशत है ।

# बंगाल में मतदान के बाद हिंसा जारी

कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने छोड़े घर
ममता की पार्टी पर लगा आरोप



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** बंगाल में मतदान के बाद हिंसा जारी है। शनिवार रात से अनेक जगहों पर भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला हुआ है। हमले का आरोप तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) समर्थित बदमाशों पर लगा है। लगातार हमलों से भयभीत कई भाजपा कार्यकर्ता घर छोड़ दिए हैं। इनमें कुछ ने पार्टी कार्यालयों में शरण ली है। नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने कहा है कि हार के डर से टीएमसी के गुंडे भाजपा कार्यकर्ताओं को निशाना बना रहे हैं। वहीं भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख व बंगाल के सह प्रभारी अमित मालवीय ने कहा है कि पूरे बंगाल में भाजपा के मतगणना एजेंटों को डराने-धमकाने के साथ गैरकानूनी तरीके से गिरफ्तार किया जा रही है। वहीं, दूसरी ओर उत्तर 24 परगना जिले की बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत संदेशाखाली में शनिवार को हुए मतदान के समय से ही माहौल अशांत है। वहां पुलिस व महिलाओं के बीच लगातार झड़प घटनाएं सामने आ रही हैं। हिंसा की घटनाओं में पुलिस ने रविवार रात सात और भाजपा समर्थकों को गिरफ्तार किया है। इसके बाद गिरफ्तार भाजपा समर्थकों की संख्या बढकर 12 हो गयी है। भाजपा समर्थकों पर पुलिस पर हमले का आरोप है। बताते चलें कि नदिया जिले के देवग्राम इलाके में शनिवार रात एक भाजपा कार्यकर्ता की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी गयी। स्थानीय भाजपा नेतृत्व ने घटना के पीछे राज्य में सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के गुंडों का हाथ बताया है। दूसरी तरफ, तृणमूल ने घटना में हाथ होने से इन्कार किया है।

वहीं, उत्तर 24 परगना जिले के भाटपाड़ा में प्रियांकू पांडे नामक भाजपा नेता के घर के सामने शनिवार देर रात कुछ लोगों ने बमबाजी की। प्रियांकू बैरकपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन सिंह के चुनाव एजेंट हैं।

# दो हजार के 97.82 प्रतिशत नोट बैंकों में लौटे

## 7,755 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब भी लोगों के पास



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि दो हजार रुपये मूल्य के 97.82 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ गये हैं। चलन से हटाये गये केवल 7,755 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अभी लोगों के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। 19 मई, 2023 को चलन में मौजूद 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट का कुल मूल्य कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था। यह 31 मई, 2024 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर 7,755 करोड़ रुपये रह गया। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा, इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक चलन में 2000 रुपये के 97.82 प्रतिशत बैंक नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गये हैं। सात अक्टूबर, 2023 तक 2000 रुपये के बैंक नोट को जमा करने और/या बदलने की सुविधा देश की सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। उन्नीस मई, 2023 से 2000 रुपये के बैंक नोट को बदलने की सुविधा रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। आरबीआई के निर्गम कार्यालय नौ अक्टूबर, 2023 से व्यक्तियों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए भी 2000 रुपये के नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा, लोग अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए देश के किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय में भारतीय डाक के माध्यम से 2000 रुपये के बैंक नोट भेज रहे हैं। बैंक नोट को जमा/बदलने वाले आरबीआई के 19 कार्यालय अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नयी दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में हैं। उल्लेखनीय है कि नवंबर, 2016 में उस समय चलन में मौजूदा 1000 रुपये और 500 रुपये के बैंक नोट को हटाये जाने के बाद 2000 रुपये के बैंक नोट लाये गये थे।







VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |


मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**